

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 342 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 20 सितम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## पूर्वी यूपी के पकवानों को मिलेगी ग्लोबल पहचान

*यूपीआईटीएस में लिट्टी-चोखा, लहसुन वाले छोले-समोसे, खुरमा और रामकटोरी का स्वाद बिखेरेगा देसी खुशबू*

गोरखपुर, 19 सितंबर। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर मंडल के पारंपरिक पकवान अब स्थानीय बाजारों और चौराहों से निकलकर वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बनाने की तैयारी में हैं। 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों के विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे।

ओडीओसी (एक जनपद एक व्यंजन) के तहत चयनित इन पकवानों में गोरखपुर का लिट्टी-चोखा और लहसुन वाले छोले-समोसे, महराजगंज की रामकटोरी, कुशीनगर का लाल पेड़ा, छेना का खुरमा व केले के चिप्स तथा देवरिया का लिट्टी-चोखा और मालपुआ शामिल हैं। देश-विदेश से आने वाले खरीदारों और आगंतुकों को पूर्वांचल के पारंपरिक स्वाद से रूबरू कराने के लिए कुल छह कारोबारियों का चयन किया गया है।

### अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पद पर कब्जा; निर्दलीय दीपांशु शौकीन बने उपाध्यक्ष, एनएसयूआई का केंद्रीय पैनल में खाता नहीं खुला

# डूसू चुनाव में एबीवीपी का दबदबा, तीन पदों पर जीत

**खास बातें**

- 4 में 3 पद एबीवीपी के खाते में
- उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय दीपांशु शौकीन विजयी
- एनएसयूआई को केंद्रीय पैनल में एक भी पद नहीं
- अध्यक्ष पद पर यश डबास ने 2,053 मतों से जीत दर्ज की
- पिछले वर्ष भी एबीवीपी ने तीन पदों पर दर्ज की थी जीत



समाज जागरण

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के परिणामों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने केंद्रीय पैनल के चार में से तीन पदों पर जीत दर्ज की। एबीवीपी ने अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पद पर कब्जा जमाया, जबकि उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन ने जीत हासिल की। कांग्रेस से संबद्ध भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) केंद्रीय पैनल के किसी भी पद पर जीत दर्ज नहीं कर सका।

अध्यक्ष पद के चुनाव में एबीवीपी के यश डबास ने 24,576 वोट हासिल कर एनएसयूआई के विजय शंकर मीणा को 2,053 मतों के अंतर से पराजित किया। यश डबास की जीत के साथ एबीवीपी ने अध्यक्ष पद पर अपना कब्जा बरकरार रखा। उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन ने 30,615 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। शौकीन को एनएसयूआई ने टिकट नहीं दिया था, जिसके बाद उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में उतरकर जीत हासिल की।

सचिव पद पर एबीवीपी की रिया छाबड़ी ने 21,650 वोट प्राप्त किए। उनके मुकाबले एनएसयूआई की नम्रता चौधरी को 14,869 वोट मिले। वहीं संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी के लक्ष्य राज सिंह ने 16,615 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। इस पद पर समाजवादी छात्र सभा के उम्मीदवार विशेष यादव को 15,778 वोट मिले।

डूसू के केंद्रीय पैनल में एबीवीपी ने तीन पदों पर जीत के साथ अपना प्रभाव बरकरार रखा, जबकि एनएसयूआई को इस बार केंद्रीय पैनल में कोई सफलता नहीं मिली। पिछले वर्ष भी एबीवीपी ने अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पदों पर जीत दर्ज की थी, जबकि उपाध्यक्ष पद एनएसयूआई के खाते में गया था।

इस बार उपाध्यक्ष पद निर्दलीय उम्मीदवार के खाते में जाने से डूसू के केंद्रीय पैनल का चुनाव परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में अलग रहा।

## नेपाल की मदद को भारत ने भेजी 11 टन राहत सामग्री

*भारतीय वायुसेना की नौवीं विशेष उड़ान रवाना, दवाओं के साथ फोरेंसिक उपकरण, टेंट, हाइजीन किट और स्लीपिंग बैग शामिल*

समाज जागरण

नई दिल्ली। विनाशकारी बाढ़ के बाद मुश्किल हालात से जूझ रहे नेपाल की मदद के लिए भारत ने राहत सामग्री की एक और बड़ी खेप भेजी है। भारतीय वायुसेना का विशेष विमान 11 टन मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री लेकर नेपाल के लिए रवाना हुआ। इसमें दवाओं के अलावा फोरेंसिक उपकरण, टेंट, हाइजीन किट, स्लीपिंग बैग और अन्य जरूरी सामान शामिल हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। जयशंकर ने बताया कि नेपाल भेजी गई यह राहत सामग्री की एक और खेप है और इसे लेकर भारतीय वायुसेना का यह नौवां विमान नेपाल पहुंच रहा है।



भारत अब तक नेपाल को 140 टन से अधिक मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री उपलब्ध करा चुका है। इसमें बचाव और राहत कार्यों के लिए जरूरी उपकरणों के साथ विशेषज्ञों की सहायता भी शामिल है। बाढ़ के बाद राहत और बचाव कार्यों में सहायता के लिए भारत ने सुरंग और कीचड़ से बचाव के विशेष उपकरण, डीएनए किट तथा फोरेंसिक उपकरण भी नेपाल को उपलब्ध कराए हैं। इसके अलावा अस्थायी आश्रय, कंबल, हाइजीन किट, सोलर लैंप और आवश्यक दवाएं भी भेजी गई हैं।

भारतीय वायुसेना अब तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए नौ विशेष उड़ानें संचालित कर चुकी है। भारत ने कहा है कि वह बाढ़ से प्रभावित नेपाल के बचाव, राहत और पुनर्निर्माण प्रयासों में सहयोग जारी रखेगा। (आईएएनएस)

## मैन्युफैक्चरिंग से ग्लोबल इनोवेशन की ओर बढ़ रहा भारत का फार्मा सेक्टर

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारत का फार्मास्युटिकल क्षेत्र अब केवल बड़े पैमाने पर दवाओं के उत्पादन तक सीमित रहने के बजाय रिसर्च, इनोवेशन और वैश्विक तकनीकी नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रहा है। नई दिल्ली में आयोजित आठवें सीआईआई फार्मा एंड लाइफसाइंसेज समिट में सरकार, उद्योग



और विशेषज्ञों ने फार्मा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने तथा अकादमिक संस्थानों और कंपनियों के बीच सहयोग मजबूत करने पर जोर दिया। 'फ्यूचर ऑफ फार्मा: पेशेंट-सेंट्रिक, इक्विटी-ड्रिवन एंड इनोवेशन-लेड' थीम पर आयोजित सम्मेलन में नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. एम. श्रीनिवास ने कहा कि भारत के पास मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रतिभा और संस्थानों का आधार मौजूद है। अब जरूरत अकादमिक जगत और उद्योग के बीच जरूरत आधारित साझेदारी विकसित करने तथा रिसर्च एंड डेवलपमेंट में निवेश बढ़ाने की है।

# पेट्रोल पंप पर ₹2,000 से ज्यादा UPI भुगतान बंद होने का दावा फर्जी

### इंडियन ऑयल ने वायरल मैसेज को बताया भ्रामक; 23 सितंबर को 'नो-यूपीआई डे' मनाने की भी कोई घोषणा नहीं



नई दिल्ली। पेट्रोल पंपों पर ₹2,000 से अधिक के यूपीआई भुगतान पर रोक लगाए जाने और 23 सितंबर को 'नो-यूपीआई डे' मनाए जाने का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा दावा फर्जी और भ्रामक है। इंडियन ऑयल ने इस दावे का खंडन करते हुए लोगों से अपील की है कि वे ऐसे संदेशों पर भरोसा न करें और बिना पुष्टि के उन्हें आगे साझा न करें।

सोशल मीडिया पर प्रसारित संदेश में दावा किया जा रहा था कि मध्य प्रदेश के पेट्रोल पंपों पर ₹2,000 से अधिक के यूपीआई भुगतान स्वीकार नहीं किए जाएंगे। संदेश में 23 सितंबर को इंदौर में 'नो-यूपीआई डे' मनाने की बात भी कही गई थी। इंडियन ऑयल के अनुसार, पेट्रोलियम डीलर्स की ओर से ऐसा कोई निर्णय या घोषणा नहीं की गई है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि फिलहाल पेट्रोल पंपों पर ₹2,000 से अधिक के यूपीआई भुगतान पर रोक लगाने संबंधी कोई आधिकारिक फैसला सामने नहीं आया है। साथ ही 23 सितंबर को किसी 'नो-यूपीआई डे' या हड़ताल की भी सूचना नहीं है।

### हड़ताल की भी कोई सूचना नहीं

इंडियन ऑयल ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित संदेश पूरी तरह गलत और भ्रामक है। कंपनी के मुताबिक पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की ओर से 23 सितंबर को यूपीआई भुगतान बंद रखने या हड़ताल करने की कोई सूचना नहीं दी गई है। कंपनी ने यह भी कहा कि वायरल दावे कुछ ऐसे लोगों की ओर से किए गए हैं, जो स्वयं पेट्रोलियम डीलर नहीं हैं।

पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि लगातार मंत्रालय के अधिकारियों के संपर्क में हैं। कंपनी के अनुसार, डिजिटल भुगतान को लेकर यदि भविष्य में कोई आधिकारिक निर्णय लिया जाता है, तो इसकी जानकारी संबंधित संगठनों और कंपनियों की ओर से आधिकारिक माध्यमों से दी जाएगी।

**■ वायरल दावे की हकीकत**

दावा: 2,000सेज्यादा UPI भुगतान बंद
हकीकत: कोई आधिकारिक रोक नहीं
दावा: 23 सितंबर को 'नो-यूपीआई डे'
हकीकत: ऐसी कोई घोषणा नहीं
दावा: पेट्रोल पंपों पर हड़ताल
हकीकत: हड़ताल की कोई सूचना नहीं

**इंडियन ऑयल की अपील:** *"वायरल संदेशों पर भरोसा न करें, आधिकारिक जानकारी की पुष्टि करें।"*

### पेट्रोल पंपों पर जारी है डिजिटल भुगतान सुविधा

इंडियन ऑयल ने कहा कि पेट्रोलियम डीलर्स डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में लगातार सक्रिय रहे हैं। पेट्रोल-डीजल खरीदने वाले ग्राहक लंबे समय से यूपीआई और अन्य डिजिटल माध्यमों से भुगतान कर रहे हैं। कंपनी के मुताबिक डिजिटल भुगतान से ग्राहकों के लिए लेनदेन आसान और तेज होता है। ऐसे में ₹2,000 से अधिक के यूपीआई भुगतान को बंद करने या 23 सितंबर को पेट्रोल पंपों पर डिजिटल भुगतान रोकने का वायरल दावा मौजूदा आधिका रिक जानकारी से मेल नहीं खाता है।

ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित ऐसे संदेशों की पुष्टि किए बिना उन पर भरोसा न करें।

### आइची-नागोया में आधिकारिक स्वागत समारोह में हुई मुलाकात; एशिया में खेलों के विकास पर जोर

# एशियन गेम्स से पहले पीटी उषा ने ओसीए प्रमुख से की मुलाकात

समाज जागरण

नागोया। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने आइची-नागोया एशियन गेम्स के आधिकारिक स्वागत समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) के अध्यक्ष शेख जोआन बिन हमद अल थानी और ओसीए के अन्य सदस्यों से मुलाकात की। पीटी उषा ने मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ण पर साझा करते हुए एशिया में खेलों के विकास के लिए मिलकर काम करने की बात कही।

एशियन गेम्स की उद्घाटन समारोह से पहले आयोजित इस कार्यक्रम में एशियाई खेल जगत के कई प्रमुख प्रतिनिधि मौजूद रहे। एशियन गेम्स की उद्घाटन समारोह शनिवार को पालोमा मिजुहो स्टेडियम में आयोजित की जानी है, जिसमें पूरे एशिया के खिलाड़ी और प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

इससे पहले ओसीए अध्यक्ष शेख जोआन बिन हमद अल



थानी ने नागोया में 110वीं ओसीए कार्यकारी बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में ओसीए के आगामी आयोजनों की तैयारियों पर चर्चा हुई। इनमें एशियन इंडोर एवं मार्शल आर्ट्स गेम्स रियाद 2026, एशियन बीच गेम्स सेबू 2028 और एशियन विंटर गेम्स अल्माटी 2029 शामिल हैं।

उद्घाटन समारोह से पहले ही एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों का अभियान शुरू हो चुका है। टेकबॉल और क्रिकेट में मुकाबले खेले जा रहे हैं। टेकबॉल महिला एकल सेमीफाइनल में भारतीय खिलाड़ी क्विम्सी जोआकिम डिसूजा को हार का सामना करना पड़ा। अब वह कांस्य पदक के लिए मुकाबले में उतरेंगी।

*वहीं, "भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान जापान को हराकर सेमीफ इनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में भारतीय टीम का सामना बांग्लादेश से होगा।"*

आइची-नागोया एशियन गेम्स में भारतीय दल की नजर अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर है। एशियन गेम्स के इतिहास में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हांगझोऊ एशियन गेम्स 2023 में रहा था, जहां भारतीय दल ने पहली बार 100 से अधिक पदक जीतते हुए कुल 107 पदक अपने नाम किए थे। (इनपुट-आईएएनएस)

# बटलर-ब्रुक के तूफान में उड़ा श्रीलंका, इंग्लैंड बना टी20 का नंबर-1

### 9.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर इंग्लैंड ने 3-0 से जीती सीरीज; भारत से छीना आईसीसी टी20 रैंकिंग का शीर्ष स्थान

समाज जागरण

नई दिल्ली। इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में एकतरफा जीत दर्ज कर सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए महज 124 रन पर ढेर हो गई। जवाब में इंग्लैंड ने जोस बटलर और हैरी ब्रुक की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर लक्ष्य को केवल 9.4 ओवर में हासिल कर लिया। इस धमाकेदार जीत के साथ इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 15वीं जीत दर्ज की। इस जीत का असर आईसीसी टी20 रैंकिंग पर भी पड़ा और इंग्लैंड ने भारत को पीछे छोड़ते हुए नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया।

**बटलर-ब्रुक ने बरपाया कहर**

125 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत बेहद आक्रामक रही। जोस बटलर और हैरी ब्रुक ने श्रीलंकाई गेंदबाजों को शुरूआत से ही दबाव में ला दिया। दोनों बल्लेबाजों ने मैदान के चारों ओर चौके और छक्के लगाए और महज 39 गेंदों में 85 रन की साझेदारी कर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। इंग्लैंड ने पावरप्ले के छह ओवर में एक विकेट गंवाकर 82 रन बना लिए थे। इसके बाद श्रीलंका के लिए वापसी की कोई गुंजाइश नहीं बची। आठ ओवर की समाप्ति तक इंग्लैंड का स्कोर 100 रन के पार पहुंच गया और टीम ने 9.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

**श्रीलंका की पारी लड़खड़ाई**

इससे पहले टॉस के बाद बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। विकेट लगातार गिरते रहे और पूरी टीम 124 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के सामने छोटा लक्ष्य था, जिसे मेजबान टीम ने बेहद आक्रामक अंदाज में हासिल कर लिया।

इंग्लैंड की इस जीत ने न केवल उसे सीरीज में 3-0 की शानदार जीत दिलाई, बल्कि टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान तक पहुंचा दिया।

## अक्षरधाम-मयूर विहार से नोएडा एयरपोर्ट तक बनेगा 6 लेन एलिवेटेड रोड

नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक दिल्ली-एनसीआर से पहुंच अब और आसान होने वाली है। नोएडा प्राधिकरण ने एयरपोर्ट को जोड़ने वाले करीब 4 हजार करोड़ रुपये के छह लेन एलिवेटेड एक्सप्रेसवे की परियोजना को गति दे दी है। करीब 50 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित मार्ग में लगभग 27 किलोमीटर हिस्सा नोएडा क्षेत्र में होगा। परियोजना के लिए प्राधिकरण अपने क्षेत्र के 22 गांवों की जमीन एनएचएआई को मुफ्त उपलब्ध कराएगा।

# तेल से महंगा पड़ा जहाज का किराया, LPG-LNG सप्लाई पर बढ़ा दबाव

***होर्मुज संकट से टैंकर किराया रिकॉर्ड स्तर पर; एक बड़े टैंकर का दैनिक भाड़ा 10.35 लाख डॉलर तक पहुंचा***

नई दिल्ली। ईरान युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में बढ़ते तनाव ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। कच्चे तेल की कीमतों के साथ अब समुद्र के रास्ते तेल और गैस की ढुलाई भी बेहद महंगी हो गई है। फारस की खाड़ी से चीन तक कच्चा तेल ले जाने वाले बड़े टैंकरों का किराया इस सप्ताह पहली बार 10.35 लाख डॉलर प्रतिदिन तक पहुंच गया। युद्ध से पहले इसी मार्ग पर दर करीब 2.08 लाख डॉलर प्रतिदिन थी। यानी टैंकर का दैनिक किराया करीब पांच गुना बढ़ गया है।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में शामिल है। सामान्य परिस्थितियों में वैश्विक समुद्री तेल और एलएनजी आपूर्ति का करीब पांचवां हिस्सा इस मार्ग से गुजरता है। मौजूदा संघर्ष के कारण यहां जहाजों की आवाजाही में भारी गिरावट आई है और टैंकरों की उपलब्धता सीमित हो गई है। एसएंडपी ग्लोबल के मुताबिक होर्मुज के रास्ते जहाजों की आवाजाही में 80 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है।

**जोखिम बढ़ा तो बढ़ा टैंकर का किराया**

होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों के लिए सुरक्षा जोखिम बढ़ने के कारण शिपिंग कंपनियों को अधिक जोखिम उठाना पड़ रहा है। बीमा और सुरक्षा लागत बढ़ने के साथ कई जहाज संचालक इस मार्ग से गुजरने से बच रहे हैं। इसके चलते उपलब्ध टैंकरों की कमी हुई और फ्रेट रेट रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए।

एसएंडपी ग्लोबल के अनुसार, टैंकरों की कमी और लंबे वैकल्पिक मार्गों के इस्तेमाल से एशिया की ऊर्जा लागत पर दबाव बढ़ा है। कई कंपनियां होर्मुज के जोखिम से बचने के लिए जहाजों को दूसरे मार्गों पर भेज रही हैं, जिससे यात्रा का समय और जहाजों की जरूरत दोनों बढ़ रही हैं।


**भारत पर क्या होगा असर?**

भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़ी मात्रा में आयात पर निर्भर है। इसलिए कच्चे तेल और गैस की अंतरराष्ट्रीय कीमतों के साथ शिपिंग लागत में बढ़ोतरी का असर भारतीय ऊर्जा बाजार पर भी पड़ सकता है। हालांकि इसका सीधा मतलब यह नहीं है कि देश में पेट्रोल-डीजल, एलपीजी या सीएनजी की तत्काल कमी होने वाली है। असर की गंभीरता इस बात पर निर्भर करेगी कि होर्मुज संकट कितने समय तक जारी रहता है.

# हनुमान अंश की अपार सफलता और भारतीय सिनेमा का नया परिदृश्य

**मृत्युंजय दीक्षित**

निमार्ता निर्देशक विशाल चतुर्वेदी की आध्यात्मिक संत बाबा नीब करौली के जीवन पर बनी फिल्म हनुमान अंश सफलता के नये आयाम छू रही है। फिल्म के प्रति आम जनमानस में इतना उत्साह है कि एक लंबे अंतराल के बाद कोई फिल्म 5 वां सप्ताह छू सकी है। देश के अनेकानेक सिनेमाघरों में हनुमान अंश अभी भी हाउसफुल चल रही है तथा अनेक सिनेप्रेमी फिल्म देखने के लिए कतार में लगे हैं। बॉलीवुड के इतिहास में लंबे अंतराल के बाद कोई ऐसी फिल्म आई है जिसके विषय में हर कोई बात कर रहा है हर जगह बात हो रही है।




हनुमान अंश ने सिनेमा जगत के कई मिथकों को ध्वस्त कर दिया है। हनुमान अंश की सफलता से यह बात स्पष्ट हो गई है कि भारत का जनमानस बॉलीवुड सिनेमा की गंदगी व बेसिरपैर की कहानियों से ऊब चुका है तथा कुछ अच्छा देखना चाहता है। हनुमान अंश ने अपनी लोकप्रियता के माध्यम से फिल्मों की सफलता के लिए एक लंबी रेखा खींच दी है। फिल्म के सफलता के लिए किसी बड़े नायक -नायिका, केवल हिंसा औरअश्लीलता परोसने वाला फामूर्ला टूट गया है।

हनुमान अंश की सफलता सिर्फ करोड़ों की कमाई तक ही सीमित नहीं है। फिल्म की शुरूआत बहुत छोटी थी, न बड़े स्टार का सहारा था, न हजारों स्क्रीन और न ही सुनियोजित प्रचार फिर भी मात्र दो करोड़ में बनी हनुमान अंश ने करोड़ों की कमाई वाली फिल्मों के क्लब में स्थान बना लिया। जिस फिल्म के निमार्ताओं ने स्वयं कोई प्रचार नहीं किया उसका प्रचार सोशल मीडिया पर उसके दर्शक कर रहे हैं ।बॉलीवुड के बड़े -बड़े दिग्गज फिल्म की सफलता को लेकर हैरान हो रहे हैं।

हनुमान अंश की यात्राः बिना किसी भारी भरकम प्रचार और मात्र 2 करोड़ के बजट से बनी यह फिल्म केवल 3 से 25 सिनेमाघरों में घिसट -घिसट कर शुरू हुई थी और आज देश के 1200 से 1500 स्क्रीन और रोजना 5,000 से 9,000 शोज तक जा पहुंची है। एक अनुमान के अनुसार प्रदर्शन के 40वें दिन तक एक करोड़ लोग इस फिल्म को देख चुके हैं तथा इतने ही लोग अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। फिल्म की सफलता का यह आलम है कि अब नीब करौली बाबा से जुड़े सभी स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से विकास किया जा रहा है तथा बाबा के धाम कैंचीधाम में भी भक्तों व पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ में हनुमान अंश को टैक्स फ्री कर दिया गया है। पहले बॉलीवुड में 10 साल की बड़ी हिट फिल्मों में दंगल, घुरंधर, एनिमल, पठान, छावा, कंतारा, धारा 370 पर बनी फिल्मों के नाम लेते थे किंतु इस एक फिल्म ने इस लिस्ट को सदा -सदा के लिए बदल दिया है ।

कई स्थानों पर हनुमान अंश के दर्शक भगवा वस्त्र व साड़ी पहनकर नंगे पांव जा रहे हैं, कई जगह सिनेमा हॉल मंदिर में परिवर्तित हो गए हैं जहां हनुमान चालीसा का पाठ तथा फिल्म के समापन के बाद हनुमान चालीसा व प्रसाद का वितरण हो रहा है। बहुत दिनों बाद दर्शकों को ऐसी फिल्म देखने को मिली है जो परिवर के साथ बैठकर देखी जा सकती है।

हनुमान अंश की कहानी हनुमानभक्त बाबा नीब करौली के जीवन प्रसंगों पर आधारित है। फिल्म में नये कलाकार हैं ,जिनकी कभी कहीं चर्चा नहीं हुई फिर भी फिल्म में कहीं कोई ऊबासी का क्षण नहीं आया। हनुमान अंश मनोरंजक, ज्ञानवर्धक व नये आध्यात्मिक विचारों को जन्म देने वाली फिल्म है । फिल्म की सफलता का सबसे बड़ा कारण यह है कि आज घरों में इस प्रकार के आध्यात्मिक चमत्कारों पर कोई चर्चा नहीं होती और सभी के लिए इसमें नयापन है।

अभी तक लोग केवल महात्मा गांधी के विषय में जानते थे कि उन्हें दक्षिण अफ्रीका में भारतीय होने के नाते ट्रेन से नीचे फेंक दिया गया था किंतु इस फिल्म के माध्यम से दर्शकों को पता चल रहा है कि ऐसी ही एक घटना बाबा नीब करौरी के साथ भी घटित हुई थी। जब बाबा एक ट्रेन के एसी डिब्बे में चढ़ गए थे और अपने सहयोगी के साथ भजन गा रहे थे। वह डिब्बा अंग्रेज अफसरों के लिए था। ट्रेन में सफर कर रहे अंग्रेज अफसर को यह बात नागवार गुजरी और उसने जबरदस्ती ट्रेन रुकवाकर बाबा को ट्रेन से उतरवा दिया जिसके बाद वह ट्रेन आगे बढ़ ही नहीं सकी। बाद में बाबा को मनाया गया और उन्हें वापस ट्रेन पर बिठाया गया तब ट्रेन दोबारा चल सकी।

बाबा नीब करौली की भूमिका निभाने वाले शोभिनव सत्य व फिल्म में बाबा की पत्नी की भूमिका निभाने वाली पूर्णिमा तिवारी ने अद्भुत अभिनय किया है। लखनऊ रंगमंच के बड़े चेहरे अनिल रस्तोगी ने भी अपनी भूमिका के साथ न्याय किया है । बाबा के पिता बने लखनऊ के सामान्य से दिखने वाले रंगमंच कलाकार आजाद मिश्रा अपनी छोटी भूमिका में भी अत्यंत प्रभावशाली रहे हैं।

हनुमान अंश की सफलता में संगीतकार धीरेंद्र मुलकलवार की मेहनत रंग लाई है। उन्हें कई बार असफलता का सामना करना पड़ा किंतु इस फिल्म ने उनका भाग्य चमका दिया है। फिल्म के नेत्रहीन गायक सुनील लोधी के भजन आज घर- घर में गाए जा रहे हैं। नेत्रहीन सुनील लोधी ट्रेनों में ही भजन गाया करते थे, हनुमान अंश की सफलता से उनके भी अच्छे दिन आ गए हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें बुलाकर सम्मानित किया है तथा उनके नेत्रों का सर्वश्रेष्ठ उपचार कराने की घोषणा करी है।

हनुमान अंश की सफलता से गदगद फिल्म की दूसरी निमार्ता और सहयोगी अनुप्रिया नागर ने कैंची धाम जाकर बाबा का आशीर्वाद लिया। आज हर कोई ह्लमैंने तेरे ही भरोसे हनुमानह्व गाकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त कर रहा है ।अनुप्रिया नागर फिल्म बनाने से पहले प्रेमानंद महाराज से भी मिलने गई थीं। मुंबई में जन्मीं अनुप्रिया ने ब्रिटेन में पढ़ाई की है वो अर्थशास्त्री, कलाकार और फिल्म प्रोड्यूसर हैं । हनुमान अंश ने सिद्ध कर दिया है कि सफल फिल्म के लिए हिंसा और अश्लीलता का मसाला मसाला, बड़े नाम, पैसा, वीएफएक्स की नही बल्कि अच्छी कहानी और और सही तरीके से उसे दिखाने की भावना ही काफी है।

**प्रेषक - मृत्युंजय दीक्षित**
**फोन नं - 9198571540**

# क्या विघटन की ओर बढ़ रहा है यूनाइटेड किंगडम

महेन्द्र तिवारी

वर्तमान वैश्विक राजनीति एक अत्यंत संवेदनशील और परिवर्तनशील दौर से गुजर रही है जहां राष्ट्रीय सीमाएं और पुराने राजनीतिक समझौते नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इसी क्रम में यूनाइटेड किंगडम के भीतर एक ऐसा राजनीतिक भूचाल आया है जिसने इसके तीन सौ साल पुराने स्वरूप पर सवालिया निशान लगा दिया है। 14 सितंबर 2026 को वेल्स की राजधानी कार्डिफ में एक ऐतिहासिक घटना घटी जिसने न केवल ब्रिटेन बल्कि पूरे यूरोप का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड के शीर्ष राष्ट्रवादी नेताओं ने एक साझा मंच पर आकर एक अभूतपूर्व सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस सहमति पत्र का मुख्य उद्देश्य अपने देशों के लिए आत्मनिर्णय के अधिकार की मांग करना और वेस्टमिंस्टर की केंद्रीय सत्ता के एकाधिकार को चुनौती देना था। यह पहला अवसर है जब इन तीनों क्षेत्रों की सरकारों का नेतृत्व एक साथ ऐसे दलों के हाथों में है जो या तो पूर्ण स्वतंत्रता के पक्षधर हैं या फिर एकीकरण के समर्थक हैं। कार्डिफ की यह बैठक केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं थी बल्कि यह एक स्पष्ट संदेश था कि अब पुरानी व्यवस्था के तहत काम करना संभव नहीं है।

स्कॉटलैंड के प्रथम मंत्री जॉन स्विनी, वेल्स के प्रथम मंत्री रून एप इओरवर्थ और उत्तरी आयरलैंड की प्रथम मंत्री मिशेल ओ'नील ने संयुक्त रूप से यह घोषणा की कि उनके नागरिकों को अपना संवैधानिक भविष्य स्वयं तय करने का अधिकार होना चाहिए। इन नेताओं का स्पष्ट मानना है कि लंदन स्थित केंद्रीय सरकार लोकतांत्रिक आकांक्षाओं को लंबे समय तक नजर-अंदाज नहीं कर सकती। हालांकि यह कार्डिफ समझौता किसी नए देश के निर्माण की तत्काल घोषणा नहीं है, परंतु यह एक ऐसा राजनीतिक और कूटनीतिक दस्तावेज है जिसने भविष्य के बदलावों की मजबूत नींव रख दी है। इस पूरे घटनाक्रम की जड़ें अचानक पैदा हुए किसी असंतोष में नहीं हैं बल्कि यह पिछले एक दशक की विभिन्न आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक विफलताओं का परिणाम है।

इस असंतोष का सबसे बड़ा कारण वर्ष 2016 का वह जनमत संग्रह है जिसके तहत यूनाइटेड किंगडम ने यूरोपीय संघ से बाहर निकलने का फैसला किया था। उस समय स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड की बहुसंख्यक जनता ने यूरोपीय संघ में बने रहने के पक्ष में मतदान किया था। इसके बावजूद पूरे देश के सम्मिलित परिणाम के कारण इन दोनों क्षेत्रों को भी



अपनी इच्छा के विरुद्ध यूरोपीय संघ से बाहर होना पड़ा। यही वह बिंदु था जहां से अविश्वास की खाई चौड़ी होनी शुरू हुई। राष्ट्रवादी दलों का तर्क है कि उनके व्यापार, शिक्षा, रोजगार और उद्योग गहरे रूप से यूरोप के साथ जुड़े हुए थे। यूरोपीय संघ से अलग होने के कारण इन क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। कार्डिफ घोषणा में भी इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि भविष्य में यूरोप के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित करना और मुक्त व्यापार को बढ़ावा देना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी।

आर्थिक मोर्चे पर यूनाइटेड किंगडम की वर्तमान स्थिति ने इस अलगाववादी भावना को और अधिक भड़का दिया है। पूरा देश पिछले कई वर्षों से बढ़ती महंगाई, धीमी आर्थिक विकास दर, भारी सार्वजनिक ऋण और जीवन यापन की आसमान छूती लागत जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। ऊर्जा की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि ने आम नागरिकों की कमर तोड़ दी है। स्कॉटलैंड और वेल्स के नेता इन सभी समस्याओं के लिए लंदन के अत्यधिक केंद्रीकृत आर्थिक मॉडल को जिम्मेदार मानते हैं। उनका कहना है कि नीतियां लंदन के हितों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं जबकि दूरस्थ क्षेत्रों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। दूसरी ओर केंद्रीय सत्ता का तर्क है कि वर्तमान समय में देश को संवैधानिक विवादों में उलझाने के बजाय आर्थिक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

राजनीतिक और आर्थिक कारणों के साथ साथ सांस्कृतिक पहचान का मुद्दा भी इस आंदोलन की एक बड़ी धुरी है। स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड का अपना समृद्ध इतिहास, अपनी भाषाएं, साहित्य और अनूठी लोक परंपराएं रही हैं। पिछले कुछ दशकों में वेल्श भाषा के प्रयोग में वृद्धि हुई है और स्कॉटिश तथा आयरिश सांस्कृतिक गौरव की भावना फिर से जागृत हुई है। नई पीढ़ी अपनी इस सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ जोड़कर देख रही है। उनके लिए स्वतंत्रता का अर्थ केवल अपनी भौगोलिक सीमाएं बदलना नहीं है, बल्कि अपनी भाषा और संस्कृति के संरक्षण के लिए अपने संसाधनों पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करना है।

इतने गहरे असंतोष और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के बावजूद यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि यूनाइटेड किंगडम का विघटन कल ही होने वाला है। इसके मार्ग में बहुत बड़ी कानूनी और संवैधानिक बाधाएं मौजूद हैं। स्कॉटलैंड के मामले में वर्ष 2022 में सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट कर दिया था कि स्कॉटिश संसद अपनी मर्जी से स्वतंत्रता के लिए कोई जनमत संग्रह आयोजित नहीं कर सकती। इसके लिए वेस्टमिंस्टर की संसद से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। इसी प्रकार वेल्स के लिए तो ब्रिटिश कानून में संघ से अलग होने का कोई स्पष्ट प्रावधान ही नहीं है। यदि वेल्स स्वतंत्रता की दिशा में आगे बढ़ता है तो उसके लिए पूरी तरह से नए कानूनों के निर्माण की आवश्यकता होगी। उत्तरी आयरलैंड की स्थिति 1998 के गुड फ्राइडे समझौते से नियंत्रित होती है, जिसके तहत जनमत संग्रह संभव तो है, परंतु उसका अधिकार भी ब्रिटिश सरकार के विवेक पर ही निर्भर करता है।

इस पूरी बहस में प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम के नेतृत्व वाली केंद्रीय सरकार का रुख भी बहुत महत्वपूर्ण है। लंदन का स्पष्ट मानना है कि विभाजनकारी राजनीति से निवेश प्रभावित होगा और सामाजिक अस्थिरता फैलेगी। सरकार का पूरा ध्यान रोजगार सृजन और महंगाई नियंत्रण पर है। लेकिन यदि यह गतिरोध ऐसे ही बढ़ता रहा तो इसके अंतरराष्ट्रीय प्रभाव भी बहुत व्यापक होंगे। स्कॉटलैंड में ब्रिटेन के अहम सैन्य और परमाणु पनडुब्बी अड्डे स्थित हैं। यदि स्कॉटलैंड स्वतंत्र होता है तो नाटो की सुरक्षा व्यवस्था और उत्तर अटलांटिक क्षेत्र की सैन्य रणनीति पर गंभीर सवाल खड़े हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ब्रिटेन की स्थायी सदस्यता को लेकर भी कूटनीतिक विवाद उत्पन्न हो सकता है, क्योंकि एक खंडित ब्रिटेन शायद उस वैश्विक प्रभाव को बनाए न रख सके जो आज उसके पास है।

इस विवाद का अंतरराष्ट्रीय आयाम केवल नाटो तक सीमित नहीं है। अमेरिका में आयरिश मूल के नागरिकों का बहुत बड़ा राजनीतिक प्रभाव है। हाल के दिनों में अमेरिकी नेताओं ने उत्तरी आयरलैंड के एकीकरण पर जो बयान दिए हैं, उन्होंने इस बहस को और भी अधिक प्रासंगिक बना दिया है। अमेरिका का यह दबाव ब्रिटेन की कूटनीति के लिए एक अलग प्रकार की चुनौती प्रस्तुत करता है। वहीं दूसरी ओर यूरोपीय संघ हालांकि प्रत्यक्ष रूप से इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं कर रहा है, परंतु वह एक मूक दर्शक के रूप में इस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है। यदि भविष्य में स्कॉटलैंड और वेल्स स्वतंत्र होकर यूरोपीय संघ में शामिल होने का विकल्प चुनते हैं, तो यह यूरोप की राजनीतिक शक्ति संरचना को पूरी तरह से बदल कर रख देगा।

इतिहास इस बात का साक्षी है कि 1707 में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के एकीकरण तथा 1801 में आयरलैंड के विलय के बाद ही यूनाइटेड किंगडम दुनिया की सबसे बड़ी साम्राज्यवादी ताकत के रूप में उभरा था। समय के साथ आयरलैंड का एक बड़ा हिस्सा स्वतंत्र गणराज्य बन गया, लेकिन बाकी क्षेत्र संघ का हिस्सा बने रहे। आज जो परिस्थितियां उत्पन्न हुई हैं, वे उसी ऐतिहासिक यात्रा का एक नया और शायद सबसे जटिल अध्याय हैं। कार्डिफ का मंच केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं था, बल्कि यह एक नए राजनीतिक युग के आगमन की घोषणा थी। राष्ट्रवादी नेताओं का यह गठजोड़ यह बताता है कि अलग अलग क्षेत्रों की समस्याएं अब एक साझा राजनीतिक आंदोलन का रूप ले चुकी हैं। यह आंदोलन केवल भावनात्मक नहीं है बल्कि यह आर्थिक तार्किकता और लोकतांत्रिक अधिकारों की ठोस बुनियाद पर खड़ा है। आने वाले वर्षों में ब्रिटेन का भविष्य जनभावना, लोकतांत्रिक वैधता और संवैधानिक सहमति के बीच एक अत्यंत जटिल संतुलन पर निर्भर करेगा।

## एक दिन सब छूट जाना है — उन्होंने पहले ही छोड़ दिया

# जिस देह ने जीवन जिया, वही कल किसी को जीवन सिखाएगी

## जीवनभर न्याय दिया, अंत में खुद को भी समाज के नाम कर दिया




सेवानिवृत्ति सामान्यतः वह घड़ी है, जब आदमी अपनी उपलब्धियों का हिसाब करता है और आगे के जीवन की सुविधाओं की चिंता करता है। लेकिन न्यायमूर्ति अवनीन्द्र कुमार सिंह की विदाई ने इस अर्थ को उलट दिया। 36 वर्षों की न्यायिक सेवा के बाद जब वे मध्य प्रदेश हाई कोर्ट से विदा हुए, तब उनके साथ उपलब्धियों की सूची नहीं, समाज के नाम दो संकल्प थे–जीवन में अर्जित जीपीएफ की लगभग एक करोड़ एक लाख रुपये की राशि प्रधानमंत्री केयर्स फंड को देने का निर्णय और मृत्यु के बाद अपनी देह चिकित्सा शिक्षा को समर्पित करने का संकल्प। फुल कोर्ट फेयरवेल में उनका कहना–ह्लअपने लिए जिए तो क्या जिएह्व–विदाई का वाक्य नहीं, जीवन की कसौटी बन गया।

इस प्रसंग की असली ताकत रकम के आकार में नहीं, उस मानसिकता में है जिसने रकम को ह्यअपनाह्न मानने के बजाय ह्यसमाज काह्न मान लिया। एक करोड़ एक लाख रुपये वर्षों की कमाई और भविष्य की सुरक्षा का आधार हो सकते हैं। लेकिन सिंह ने उस धन को निजी उपलब्धि मानने के बजाय सार्वजनिक उपयोग में लगाने का संकल्प लिया। यह फर्क छोटा दिखता है, पर यहीं व्यक्ति और नागरिक के बीच की दूरी मिटती है। धन का संचय मनुष्य को सुरक्षित कर सकता है, मगर उसका सार्थक उपयोग किसी दूसरे जीवन को संभाल सकता है। यहीं दान आर्थिक व्यवहार से आगे बढ़कर सामाजिक उत्तरदायित्व का वक्तव्य बन जाता है।

मनुष्य मृत्यु के बाद क्या छोड़ जाता है–यही प्रश्न इस संकल्प को असाधारण बनाता है। न्यायमूर्ति सिंह और उनकी पत्नी इंदिरा ने जबलपुर के सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में देहदान का पंजीकरण कराकर अपनी देह को समाज की धरोहर बना दिया। मृत्यु के बाद यही शरीर चिकित्सा विद्यार्थियों के अध्ययन का माध्यम बनेगा, जो आगे अनेक जीवन बचाने वाले चिकित्सक तैयार करेंगे। हम जीवनभर जिस देह को अपनी पहचान मानते हैं, वह अंततः किसी और के ज्ञान और जीवन की राह रोशन कर सकती है। जीवन की कमाई आज किसी पीड़ित के काम आएगी, तो देहदान कल चिकित्सा-विज्ञान के। एक संकल्प वर्तमान को सहारा देगा, दूसरा भविष्य को दिशा। यही इस दान की सबसे मार्मिक सार्थकता है।

इस कहानी में पत्नी इंदिरा की भूमिका केवल पारिवारिक प्रसंग नहीं है। न्यायमूर्ति सिंह ने बताया कि समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा उनकी पत्नी की इच्छा से आई और उन्होंने उसका सम्मान किया। उन्होंने अपने अंदाज में कहा कि पूरे कार्यकाल में पत्नी की बात मानी और अब समाज के लिए देहदान की उनकी बात भी मानी जाएगी। इस हल्के हास्य में दांपत्य का गंभीर सत्य छिपा है–बड़ा सामाजिक निर्णय अक्सर अकेले व्यक्ति का नहीं होता, परिवार की चेतना उसका आधार बनती है। जब पति-पत्नी दोनों मृत्यु के बाद भी अपनी देह समाज के लिए उपयोगी बनाने पर सहमत हों, तो सेवा प्रदर्शन नहीं, साझा जीवन-दृष्टि बन जाती है।

न्यायमूर्ति सिंह की न्यायिक यात्रा देखें तो यह संकल्प उनके सार्वजनिक जीवन से अलग अचानक उगा विचार नहीं लगता। उन्होंने 31 मई 1990 को सिविल जज के रूप में सेवा शुरू की और 1 मई 2023 को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। करीब तीन वर्ष के हाई कोर्ट कार्यकाल में 8788 मामलों के निपटारे का आंकड़ा सामने आया। लेकिन किसी न्यायाधीश के जीवन को केवल मामलों की संख्या से नहीं समझा जा सकता–फेयरवेल में मुख्य न्यायाधीश ने भी फैसलों की गुणवत्ता को महत्त्वपूर्ण बताया। यही इस प्रसंग को अर्थ देता है– अदालत में न्याय करना उनका संवैधानिक दायित्व था; सेवानिवृत्ति पर समाज के लिए कुछ छोड़ जाना उनका स्वैच्छिक मानवीय निर्णय।

आज इस प्रसंग को केवल ह्यप्रेरणादायक कहानीह्न कहकर आगे बढ़ जाना इसके सामाजिक अर्थ को छोटा करना होगा। भारत में देहदान और अंगदान के प्रति जागरूकता की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जाती रही है। ऐसे सार्वजनिक संकल्प इस विषय को निजी संकोच से निकालकर सामाजिक संवाद में ला सकते हैं। बड़ी राशि का सार्वजनिक हित में दान यह सवाल भी उठाता है कि हमारी कमाई का कितना हिस्सा सुविधाओं तक सीमित है और कितना समाज तक पहुँचता है। न्यायमूर्ति सिंह ने कोई उपदेश नहीं दिया; अपने संसाधनों को समाज के लिए समर्पित करने का निर्णय लिया। शायद इसलिए उनका संदेश भाषण से अधिक प्रभावशाली है–क्योंकि यहाँ शब्दों से पहले उदाहरण खड़ा है।

दरअसल, ह्लअपने लिए जिए तो क्या जिएह्व का अर्थ यह नहीं कि मनुष्य अपने या परिवार के लिए जीना छोड़ दे। समाज भी परिवारों से बनता है और व्यक्तिगत सुरक्षा जीवन की आवश्यकता है। इस वाक्य का गहरा अर्थ है कि जीवन की अंतिम उपलब्धि केवल यह न हो कि हमने अपने लिए कितना बचाया। पद समाप्त होता है, वेतन रुकता है, कार्यालय छूटता है, नामपट्टिका उतर जाती है; तब बचता है, जो हम पीछे छोड़ जाते हैं। न्यायमूर्ति सिंह की विदाई इसलिए अलग है कि उन्होंने रिटायरमेंट को उपभोग की शुरूआत नहीं, उपयोगिता का विस्तार बनाया। पद से मुक्ति के क्षण को उन्होंने समाज से अपने रिश्ते की पुनर्पुष्टि में बदल दिया।

मनुष्य की असली पहचान उसके पास बची चीजों से नहीं, उसके जाने के बाद बची उपयोगिता से होती है। न्यायमूर्ति सिंह की विदाई इसी सत्य को रेखांकित करती है। न्याय की कुर्सी पर उन्होंने कानून का दायित्व निभाया और विदा होते अपनी कमाई तथा देह समाज को दे दी। एक करोड़ एक लाख रुपये जरूरतमंदों के सहारा बनेंगे, देह भावी चिकित्सकों के ज्ञान का आधार बनेगी और यह संकल्प सवाल छोड़ेगा–जीवन मिला तो हमने अपने लिए कितना रखा और दूसरों के लिए क्या छोड़ा? विदाई की सार्थकता यही है कि व्यक्ति चला जाए, पर उसकी उपयोगिता बनी रहे। ह्लअपने लिए जिए तो क्या जिएह्व– यह वाक्य अब उनका नहीं, समाज के लिए छोड़ा प्रश्न है।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**
**शिक्षाविद्, बड़वानी (मप्र)**

## बेटी होने की सजा क्यों?

आजादी को गुजरे दशकों का
लंबा दौर हुआ,
बेटी के जन्म पर क्यों मन में
कोई शोर हुआ?
बेटे की चाहत में बेटी यूं बोझ
समझ ली जाए,
ममतामई 'कोख से कली'
क्यों? मिटाई जाए?
जिस घर बेटी जन्मे, वहाँ
खुशियों के दीप जलें,
वह आँगन हँसी से महके,
सपनों को पंख मिलें।
बेटा या बेटी, दोनों जीवन की
अनमोल सौगात,
फिर क्यों लिंग के तराजू पे
तौली जाती है बात?
एक बेटी सिर्फ बेटी नहीं, वह
कल की माँ भी है,
किसी घर की रोशनी, दूसरे
घरों की शान भी है।
दुर्भाग्य ये नहीं कि लोग आज
भी बेटा चाहते हैं,
ये दुर्भाग्य है कुछ लोग बेटी
को जीने नहीं देते हैं।
आईए सोच बदलें उन बेटियों
को अधिकार मिले,
जिस धरती पर जन्मी, उस
धरती पे संसार मिले।
हर एक बेटी को स्नेह व
सम्मान का आधार मिले,
नवयुग में बेटी को पाकर परि
वार में चेहरे खिले।
(संदर्भ - हाई कोर्ट :'यह
दुर्भाग्यपूर्ण कि आज भी लोग
बेटा ही चाहते हैं')
संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य
प्रदेश)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# पूर्वी यूपी के पकवानों को मिलेगी ग्लोबल पहचान

## यूपीआईटीएस में लिट्टी-चोखा, लहसुन वाले छोले-समोसे, खुरमा और रामकटोरी के स्वाद का होगा जलवा

### *ओडीओसी में शामिल गोरखपुर मंडल के पारंपरिक व्यंजनों के ग्रेटर नोएडा में लगेंगे विशेष स्टॉल*

समाज जागरण/रमन कुमार झा

गोरखपुर, 19 सितंबर। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर मंडल की माटी की सोंधी खुशबू और यहां के पारंपरिक लजीज पकवान अब स्थानीय गलियों और बाजारों तक सीमित नहीं रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना ओडीओसी (एक जनपद एक व्यंजन) के प्रोत्साहन से पूर्वांचल के पारंपरिक व्यंजनों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने की तैयारी है।

ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में इस बार गोरखपुर मंडल के पारंपरिक व्यंजनों का विशेष आकर्षण देखने को मिलेगा। यूपीआईटीएस में ओडीओसी के अंतर्गत चयनित गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज के विशिष्ट व्यंजनों के लिए विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे।

देश-विदेश से आने वाले आगंतुक और कारोबारी अब पूर्वांचल के पारंपरिक भोजन और मिठाइयों का स्वाद चख सकेंगे। उद्योग विभाग के संयुक्त आयुक्त गौरव मिश्रा के अनुसार ट्रेड शो के फूड कोर्ट में गोरखपुर मंडल के चुनिंदा व्यंजनों के लिए अलग से विशेष क्लस्टर और स्टॉल तैयार किए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय खानपान संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाना, पारंपरिक कारोबारियों को



बड़ा बाजार उपलब्ध कराना और प्रदेश में फूड टूरिज्म को बढ़ावा देना है।

### इन व्यंजनों का दिखेगा जलवा

यूपीआईटीएस के लिए गोरखपुर से लिट्टी-चोखा और



लहसुन वाले छोले-समोसे, महराजगंज से रामकटोरी, कुशीनगर से लाल पेड़ा, छेना का खुरमा और केले के चिप्स तथा देवरिया से लिट्टी-चोखा और मालपुआ का चयन किया गया है। इन व्यंजनों के स्टॉल लगाने के लिए कुल छह कारोबारियों का चयन किया गया है।

### लिट्टी-चोखा में पूर्वांचल की पहचान

लिट्टी-चोखा पूर्वांचल के लोगों के पसंदीदा पारंपरिक व्यंजनों में शामिल है। सत्तू, अजवाइन, मंगरैल और सरसों के तेल में तैयार मसालों से भरी लिट्टी को कंडे की आंच पर पकाया जाता है और बाद में देसी घी से चुपड़ी जाती है। इसके साथ बैंगन, टमाटर और आलू से तैयार भुना चोखा परोसा जाता है।

यूपीआईटीएस में इसे पारंपरिक अंदाज में परोसा जाएगा, ताकि देश-विदेश से आने वाले मेहमान पूर्वांचल के देसी स्वाद और खानपान की संस्कृति से परिचित हो सकें।

**लहसुन वाला छोला-समोसा भी बनेगा आकर्षण**

गोरखपुर का लहसुन वाला छोला समोसा भी लगातार




लोकप्रिय हो रहा है। छोले में भरपूर मात्रा में साबुत लहसुन का इस्तेमाल इसके स्वाद को अलग पहचान देता है। ट्रेड शो में आने वाले लोगों के लिए यह व्यंजन पूर्वांचल के पारंपरिक स्ट्रीट फूड की खास झलक पेश करेगा।

### रामकटोरी और खुरमा की मिठास

महराजगंज के मिठौरा बाजार की रामकटोरी भी यूपीआईटीएस में अपनी मिठास बिखेरेगी। खोवा




आधारित यह पारंपरिक मिठाई स्थानीय स्तर पर अपनी अलग पहचान रखती है।

वहीं कुशीनगर का लाल पेड़ा और छेना का खुरमा भी ट्रेड शो में आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावा कुशीनगर से केले के चिप्स भी प्रदर्शित किए जाएंगे। देवरिया से लिट्टी-चोखा के साथ मालपुआ भी मेहमानों को पूर्वांचल के स्वाद से परिचित कराएगा।

### कारोबारियों को बड़े बाजार की उम्मीद

यूपीआईटीएस में लिट्टी-चोखा का स्टॉल लगाने के लिए चयनित गोरखपुर के गंगाधर दूबे का कहना है कि सरकार की यह पहल केवल व्यंजनों के प्रचार तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे पूर्वी उत्तर प्रदेश की खानपान संस्कृति को नई पहचान मिलेगी। उनके मुताबिक यूपीआईटीएस जैसा मंच यह दिखाने का अवसर देगा कि पूर्वांचल का स्वाद केवल घरेलू रसोई और स्थानीय ढाबों तक सीमित नहीं है।

वहीं लहसुन वाले छोला-समोसा का स्टॉल लगाने के लिए चयनित चौरीचौरा के चंद्रकेश प्रजापति का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो में स्थान मिलने से खानपान के कारोबार से जुड़े ग्रामीण और कस्बाई हुनरमंदों को भी नए बाजार मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है।

ओडीओसी के माध्यम से स्थानीय स्तर पर प्रसिद्ध उत्पादों और पारंपरिक व्यंजनों को बड़े बाजार से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। यूपीआईटीएस जैसे मंच पर पूर्वांचल के इन व्यंजनों की मौजूदगी से कारोबारियों को देश-विदेश के खरीदारों और संभावित ग्राहकों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।

गोरखपुर मंडल के इन पारंपरिक व्यंजनों की खासियत यह है कि इनमें स्थानीय सामग्री, पारंपरिक विधि और क्षेत्र की खानपान संस्कृति की झलक मिलती है। ऐसे में ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाला यूपीआईटीएस पूर्वांचल के स्वाद को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

**अब पूर्वांचल का स्वाद स्थानीय बाजार से निकलकर वैश्विक बाजार की ओर कदम बढ़ा रहा है।**

# जियाउल हक हत्याकांड में राजा भैया को बड़ी राहत

*13 साल पुराने मामले में लखनऊ की विशेष सीबीआई अदालत ने स्वीकार की क्लोजर रिपोर्ट, आगे की कार्रवाई की मांग खारिज*

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ के कुंडा में वर्ष 2013 में हुए चर्चित सीओ जियाउल हक



हत्याकांड मामले में कुंडा विधायक एवं पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को बड़ी कानूनी राहत मिली है। लखनऊ की विशेष सीबीआई अदालत ने दोबारा जांच के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दाखिल अंतिम रिपोर्ट (क्लोजर रिपोर्ट) स्वीकार कर ली है। अदालत ने राजा भैया के खिलाफ आगे अभियोजन चलाने की मांग को भी खारिज कर दिया।

अदालत ने राजा भैया के अलावा गुलशन यादव, हरिओम श्रीवास्तव, गुड्डू सिंह और रोहित सिंह के खिलाफ भी कार्यवाही समाप्त करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर इन नामजद आरोपियों के खिलाफ आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है।

## *शहर के ऊपर-ऊपर सीधे नोएडा एयरपोर्ट*

# अक्षरधाम-मयूर विहार से एयरपोर्ट तक 6 लेन एलिवेटेड एक्सप्रेसवे की तैयारी

### *4 हजार करोड़ की परियोजना में नोएडा के 22 गांवों की जमीन एनएचएआई को मुफ्त देगा प्राधिकरण; सिंचाई विभाग की आपत्ति के बाद बदला गया रूट*

समाज जागरण/रमन कुमार झा

नोएडा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक तेज और सुगम सड़क कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए प्रस्तावित एलिवेटेड एक्सप्रेसवे परियोजना को अब गति दी जा रही है। करीब 4 हजार करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाला यह एक्सप्रेसवे छह लेन का होगा। करीब 50 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का लगभग 27 किलोमीटर हिस्सा नोएडा क्षेत्र में आएगा।

परियोजना को जमीन पर उतारने के लिए नोएडा प्राधिकरण अपने क्षेत्र के 22 गांवों की जमीन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को मुफ्त उपलब्ध कराएगा। इसी जमीन पर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के लिए पिलर खड़े किए जाएंगे।

### इन इलाकों और गांवों से जुड़ेगा रूट

प्रस्तावित एक्सप्रेसवे का अलाइनमेंट नोएडा के सेक्टर-44, सेक्टर-99,



सेक्टर-101 और सेक्टर-109 के अलावा वाजिदपुर, झट्टा, बदौली बांगर, कोंडली, गढ़ी, मोमनाथन समेत कुल 22 गांवों से होकर गुजरने की योजना है। इसके साथ ग्रेटर नोएडा के तीन गांव भी इस महत्वपूर्ण परियोजना से जुड़े होंगे।

एलिवेटेड मार्ग बनने से एयरपोर्ट जाने वाले वाहनों को शहर के कई हिस्सों में होने वाले यातायात दबाव से बचते हुए तेज कनेक्टिविटी मिल सकेगी। परियोजना का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर और नोएडा एयरपोर्ट के बीच यात्रा को सुगम बनाना है।

### सिंचाई विभाग की आपत्ति के बाद बदला रूट

परियोजना के मूल रूट में सिंचाई विभाग की आपत्ति के बाद महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। विभाग की ओर से तटबंध के लिए अनुमति नहीं दिए जाने के बाद अब प्रस्तावित एलिवेटेड एक्सप्रेसवे को तटबंध से करीब पांच मीटर दूर नोएडा की तरफ बनाया जाएगा।

इसके बाद यह मार्ग आगे चलकर यमुना नदी के किनारे प्रस्तावित 120 मीटर चौड़ी सड़क से जोड़े जाने की योजना है। रूट में बदलाव के बाद परियोजना की तकनीकी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।

### दिल्ली के इन इलाकों को मिलेगा लाभ

परियोजना पूरी होने के बाद मयूर विहार, अक्षरधाम, पटपड़गंज, कालिंदी कुंज और सरिता विहार समेत दिल्ली के कई इलाकों से नोएडा एयरपोर्ट तक पहुंच बेहतर होने की उम्मीद है।

इसके अलावा प्रस्तावित मंझावली पुल के माध्यम से फरीदाबाद और हरियाणा की ओर से आने वाले लोगों को भी नोएडा एयरपोर्ट से बेहतर संपर्क मिल सकेगा। इससे एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए यात्रियों के पास एक अतिरिक्त महत्वपूर्ण सड़क विकल्प तैयार होगा।

### डीपीआर तैयार, फिर होगी मिट्टी की जांच

नोएडा प्राधिकरण के अनुसार रूट तय होने के बाद अब परियोजना की डीपीआर यानी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है। निर्माण शुरू करने से पहले प्रस्तावित मार्ग पर मिट्टी की भार सहने की क्षमता यानी बियरिंग कैपेसिटी की विस्तृत जांच की जाएगी।

मिट्टी की जांच के बाद निर्माण की तकनीकी आवश्यकताओं को अंतिम रूप दिया जाएगा। परियोजना के निर्माण के साथ भविष्य में इसके रखरखाव की जिम्मेदारी भी एनएचएआई संभालेगा।

### नोएडा एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी को मिलेगा नया विकल्प

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन के साथ दिल्ली-एनसीआर से एयरपोर्ट तक बेहतर सड़क संपर्क की जरूरत लगातार बढ़ रही है।

**मुख्य कनेक्टिविटी**

अक्षरधाम → मयूर विहार → नोएडा → नोएडा एयरपोर्ट

**अन्य लाभार्थी क्षेत्र:**

पटपड़गंज • कालिंदी कुंज • सरिता विहार • फरीदाबाद • हरियाणा

प्रस्तावित छह लेन एलिवेटेड एक्सप्रेसवे इसी कनेक्टिविटी को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ कृष्ण करुणेश ने कहा है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक बेहतर सड़क कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना प्राधिकरण की प्राथमिकता है। एनएचएआई को आवश्यक जमीन मुफ्त उपलब्ध कराने से परियोजना को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

परियोजना पूरी होने के बाद दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद और हरियाणा के विभिन्न हिस्सों से नोएडा एयरपोर्ट तक पहुंच के लिए एक महत्वपूर्ण एलिवेटेड कॉरिडोर तैयार होगा।

# तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस, 170 शिकायतें दर्ज

## दादरी में 128, जेवर में 38 और सदर में 4 शिकायतें पहुंचीं; सात का मौके पर निस्तारण

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 19 सितंबर। जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जनसामान्य की कुल 170 शिकायतें दर्ज की गईं। अधिकारियों ने इनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

### दादरी में जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादें

तहसील दादरी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां सबसे अधिक 128 शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने इनमें से 7 शिकायतों




का मौके पर ही निस्तारण किया।

समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मदन मोहन मणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी दादरी अभिनेंद्र सिंह, प्रभारी जिला विकास अधिकारी/परियोजना निदेशक डीआरडीए नेहा सिंह, तहसीलदार दादरी कृष्ण कुमार कौशिक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागों को शिकायतों का नियमानुसार और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सदर में 4 और जेवर में 38 शिकायतें

तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पांडेय की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां कुल 4 शिकायतें दर्ज की गईं।

वहीं तहसील जेवर में उप जिलाधिकारी दुर्गेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 38 शिकायतें प्राप्त हुईं। संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने और निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए गए।

प्रशासन की ओर से अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का केवल औपचारिक निस्तारण न किया जाए, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। सौजन्य : सूचना विभाग,

# पीयूसीसी के बिना 1 अक्टूबर से नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

## गौतमबुद्धनगर के पेट्रोल पंपों पर मोबाइल ऐप से होगी वाहनों की जांच, वाहन चालकों से प्रदूषण प्रमाण-पत्र अपडेट कराने की अपील

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 19 सितंबर। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए अब बिना वैध पी.यू.सी.सी. (प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र) वाले वाहनों को पेट्रोल-डीजल मिलना मुश्किल होगा। जिला पूर्ति अधिकारी निलेश उत्पल ने बताया कि 1 अक्टूबर 2026 से गौतमबुद्धनगर समेत दिल्ली-एनसीआर के पेट्रोल और डीजल पंपों पर बिना वैध पीयूसीसी वाले वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के उद्देश्य से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 की धारा 12 के तहत आयोग की ओर से यह निर्देश जारी किया गया है। इसका उद्देश्य बिना वैध प्रदूषण प्रमाण-पत्र के चल रहे वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करना है।

### मोबाइल ऐप से होगी जांच

जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार अभियान के



तहत जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर आने वाले वाहनों की मोबाइल ऐप के माध्यम से जांच की जाएगी। जांच के दौरान वाहन के पीयूसीसी प्रमाण-पत्र की वैधता की जानकारी देखी जाएगी और संबंधित सूचना परिवहन विभाग के साथ साझा की जाएगी।

अभियान को लेकर पेट्रोल पंप संचालकों ने अपने कर्मचारियों के मोबाइल फोन में संबंधित ऐप डाउनलोड कराना शुरू कर दिया है। इसके माध्यम से वाहनों की जांच की कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से शुरू की जा रही है।

### वाहन मालिक अभी करा लें पीयूसीसी अपडेट

प्रशासन ने गौतमबुद्धनगर के सभी वाहन मालिकों और चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों का प्रदूषण प्रमाण-पत्र समय रहते अपडेट करा लें। 1 अक्टूबर से पेट्रोल और डीजल पंपों पर मोबाइल ऐप के जरिए पीयूसीसी की जांच की जाएगी।

जिन वाहनों के पास उस समय वैध पीयूसीसी प्रमाण-पत्र नहीं होगा, उन्हें ईंधन की आपूर्ति नहीं की जाएगी। ऐसे में वाहन चालकों को भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए अपने दस्तावेज पहले से दुरुस्त रखने की सलाह दी गई है।

**जनहित में जरूरी जानकारी**

*लागू होने की तारीख – 1 अक्टूबर 2026*
*कहां होगी जांच – पेट्रोल/डीजल पंपों पर*
*क्या जांच होगी – वैध पीयूसीसी प्रमाण-पत्र*
*कैसे होगी जांच – मोबाइल ऐप के माध्यम से*
*पीयूसीसी नहीं होने पर – ईंधन नहीं मिलेगा*
*सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर*

# सादुल्लापुर में बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई, 21 के खिलाफ एफआईआर

### 54.34 किलोवाट की विद्युत चोरी पकड़ी गई; प्रवर्तन टीमों की संयुक्त कार्रवाई

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 19 सितंबर। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) की ओर से हाई लॉस फीडरों पर लाइन लॉस कम करने के लिए चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत ग्राम सादुल्लापुर में बड़ी कार्रवाई की गई। संयुक्त प्रवर्तन टीम ने जांच के दौरान 21 परिसरों में बिजली का अवैध या अनधिकृत इस्तेमाल पकड़ा। इन मामलों में कुल 54.34 किलोवाट विद्युत चोरी पकड़ी गई।

जानकारी के अनुसार, 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र इटैड़ा से पोषित ग्राम सादुल्लापुर में प्रवर्तन दल प्रथम नोएडा, प्रवर्तन दल द्वितीय नोएडा और रेड नोएडा की संयुक्त टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान 21 परिसरों में अनधिकृत रूप से बिजली का उपभोग पाया गया।

### 21 के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

विद्युत चोरी के सभी 21 मामलों में 19 सितंबर 2026 को भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 135 के तहत एंटी पावर थेफ्ट थाना, सेक्टर-63, नोएडा में एफआईआर दर्ज कराई गई।







जांच के दौरान अलग-अलग परिसरों में 1,656 वाट से लेकर 3,584 वाट तक की विद्युत चोरी पकड़ी गई। विभाग के अनुसार कार्रवाई के दौरान पकड़ी गई कुल विद्युत चोरी 54.34 किलोवाट है।

### किन पर हुई कार्रवाई

अभियान में अंकित कुमार, ऋषभ, दीपशिखा, प्रियंका, सचिन अग्रवाल, भावना, प्रकाश पाठक, सुखबीर, दीपक नागर, रोहित, कपिल, रही सुद्दीन, चंदन, विजेंद्र, मांगेराम, ओम दत्त, कालूराम, सतीश, ओम प्रकाश, मुकेश और सतीश के खिलाफ कार्रवाई की गई।

विभाग ने बताया कि विद्युत चोरी भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 के तहत दंडनीय अपराध है। इसके अलावा विद्युत का अनधिकृत उपयोग और अवैध कनेक्शन भी कानून के दायरे में आता है।

### जारी रहेगा अभियान

विद्युत विभाग ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल वैध कनेक्शन और मीटर के माध्यम से बिजली का इस्तेमाल करें। विभाग के अनुसार विद्युत चोरी की सूचना 'बिजली मित्र पोर्टल' के माध्यम से दी जा सकती है।

अधिकारियों ने कहा कि हाई लॉस फीडरों पर लाइन लॉस कम करने और विद्युत चोरी रोकने के लिए प्रवर्तन कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। सौजन्य : अधिशासी अभियंता, विद्युत नगरीय वितरण खंड-रेड, नोएडा

# गृह क्लेश के चलते महिला ने जहरीला पदार्थ खाया, हालत गंभीर

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर राजौरी निवासी 30 वर्षीय नगमा पत्नी मोहम्मद तालिब ने कथित रूप से गृह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए सीएचसी अफजलगढ़ लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। नगमा की बहन इलमा ने बताया कि उनकी बहन का मायका राजपुर थाना जसपुर क्षेत्र के पास है। इलमा का आरोप है कि नगमा के ससुराल वाले आए दिन उसे परेशान करते हैं और उसके साथ विवाद करते रहते हैं। आरोप है कि उसे कई बार घर से निकालने की धमकी भी दी गई। इसी घरेलू विवाद और तनाव के चलते नगमा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे तत्काल सीएचसी अफजलगढ़ लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता बनी हुई है। खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी थी। उधर प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# शराब की हट्टी के पास 65 वर्षीय बुजुर्ग से मारपीट, उपचार के दौरान मौत

### स्योहारा पुलिस की कार्रवाई, हत्या के मामले में दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

स्योहारा । क्षेत्र के ग्राम लांबिया में 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, बुजुर्ग के साथ मारपीट की गई थी, जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में शोक और आक्रोश का माहौल बना रहा। शराब की हट्टी के पास हुई थी मारपीट पुलिस के अनुसार, 18 सितंबर 2026 को वादी सोनू उर्फ कुलदीप कुमार ने थाना स्योहारा में तहरीर दी। तहरीर में बताया गया कि उनके पिता विजय कुमार पुत्र उमेद सिंह, उम्र करीब 65 वर्ष, घर से किसी कार्य के लिए बाहर गए थे। आरोप है कि ग्राम हल्दुआ माफी रोड स्थित शराब की हट्टी से करीब 100 कदम पहले उनके साथ मारपीट की गई। मारपीट में विजय कुमार को चोटें आईं। परिजनों द्वारा उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना ने क्षेत्र में भी चर्चा का माहौल पैदा कर दिया। मुकदमा दर्ज कर शुरू हुई जांच मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना स्योहारा पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 368/2026, धारा 3(5), 105 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू करते हुए विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई की।

दो वांछित आरोपी पुलिस की गिरफ्त में पुलिस के अनुसार, मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान– 1. निप्की उर्फ अक्की पुत्र सुभाष कुमार, उम्र करीब 27 वर्ष 2. प्रशान्त पुत्र हरपाल सिंह, उम्र करीब 31 वर्ष, निवासीगण ग्राम पट्टी, थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, जनपद बिजनौर के समक्ष पेश किया। पुलिस की कार्रवाई जारी स्योहारा पुलिस का कहना है कि मामले में विवेचनात्मक कार्रवाई प्रचलित है और घटना से जुड़े तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

वहीं, 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत के बाद अब परिवार को न्याय की उम्मीद है। मामले में पुलिस की जांच और न्यायालय की आगामी कार्रवाई पर क्षेत्रवासियों की नजर बनी हुई है।

# हनी ट्रैप से संबंधित संगठित गिरोह से सम्बन्धित चार युवतियों को गिरफ्तार किया गया

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद । थाना नजीबाबाद पर मौ. आसिम, साहिल, मुराद खान एवं नवाब द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था कि जुल्फेकार उर्फ बब्बू लंगड़ा, दिलशाद व अन्य लोगों द्वारा महिलाओं के माध्यम से झूठे बलात्कार/गैंगरेप के मुकदमे दर्ज कराकर समझौते के नाम पर धनराशि वसूली जाती है।प्राप्त तहरीरों पर थाना नजीबाबाद पर मुकदमा बीएनएस पंजीकृत किए गए। इस प्रकरण में जनपद बिजनौर पुलिस द्वारा सात अभियुक्तों - जुल्फेकार उर्फ बब्बू लंगड़ा, अफजाल, गुड्डी, कुन्ती, प्रीति, मौ. आसिफ, दिलशाद को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।अब इसी गैंग की चार महिलाओं शायमा पुत्री अब्दुल करीम निवासी काशीराम कालोनी थाना कोतवाली शहर, अन्तिमा पुत्री कमलेश गिरि निवासी चाहशीरी बी 24 बाडवान थाना कोतवाली शहर, शहाना परवीन पत्नी सलीम अहमद निवासी काशीराम कालोनी, सानिया पुत्री सलीम अहमद निवासी काशीराम कालोनी को गिरफ्तार किया गया है।

इनके पास से 13 फर्जी आधार कार्ड बरामद हुए। सभी पर बीएनएस की वृद्धि की गई है। मुख्य अभियुक्त बब्बू लंगड़ा आपसी विवाद, पुरानी रंजिश की जानकारी जुटाकर लोगों को टारगेट करता था। सुनियोजित ढंग से दबाव बनाकर समझौते के नाम पर धनराशि मांगी जाती थी। पैसा न देने पर गिरोह की महिलाओं से विभिन्न थानों व जनपदों में बलात्कार, सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, एससी/एसटी एक्ट के गंभीर मुकदमे दर्ज कराए जाते थे। पुलिस पूछताछ में अभियुक्ताओं ने बताया कि पहले से तय फर्जी घटनाक्रम के अनुसार घटना स्थल, घटना की कहानी बनाकर पुलिस को सूचना दी जाती थी और फिर कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया जाता था। नवाब, आसिम, ओमेन्द्र के खिलाफ झूठी घटना अमरोहा में तैयार कराई गई, जिसके लिए शहाना को 50,000 रुपये दिए गए। 2023 में करीम उर्फ मुन्ना, तसलीम, सलीम, शिब्बू के खिलाफ थाना नागल की नहर के पास की झूठी घटना तैयार कर मुकदमा लिखवाया गया, जिसके लिए अन्तिमा को 10,000 रुपये देना तय हुआ था।

# बंदरों के बढ़ते आतंक से नगरवासी परेशान, पालिका ने शुरू किया अभियान

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

अफजलगढ़। नगर में लगातार बढ़ रही बंदरों की संख्या और उनके उत्पात से नगरवासी परेशान हैं। आए दिन घरों की छतों, गलियों और मोहल्लों में बंदरों के झुंड दिखाई देने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। नगरवासियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ ने बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया है। शनिवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह के निर्देश पर पालिका की ओर से बंदरों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। टीम ने नगर के अलग-अलग मोहल्लों में पहुंचकर बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई की। पालिका की ओर से अब तक करीब 75 से 80 बंदरों को पकड़े जाने की बात कही जा रही है।अभियान शुरू होने से बंदरों के आतंक से परेशान लोगों ने राहत की उम्मीद जताई है। नगरवासियों का कहना है कि अफजलगढ़ में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लोगों के अनुसार नगर में करीब 500 से अधिक बंदर होने का अनुमान है। हालत यह है कि नगर के लगभग हर मोहल्ले में बंदरों के झुंड घूमते दिखाई देते हैं। बंदर घरों की छतों और आंगन तक पहुंच जाते हैं। कई बार घरों में घुसकर सामान उठाकर ले जाने तथा खाने-पीने की वस्तुओं को नुकसान पहुंचाने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। लोगों का कहना है कि बंदरों के कारण बच्चों



और बुजुर्गों को विशेष रूप से परेशानी का सामना करना पड़ता है। बंदरों के झुंड को देखकर कई लोग घरों से बाहर निकलने में भी सावधानी बरतते हैं। नगरवासियों ने पालिका प्रशासन से अभियान को केवल एक दिन तक सीमित न रखते हुए लगातार चलाने की मांग की है।नगरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि अभियान के दौरान पकड़े जाने वाले बंदरों को आबादी के आसपास छोड़ने के बजाय पर्याप्त दूरी पर सुरक्षित प्राकृतिक क्षेत्र में छोड़ा जाए। लोगों का कहना है कि यदि बंदरों को नगर से कुछ ही दूरी पर छोड़ दिया गया तो वह दोबारा आबादी में लौट सकते हैं और समस्या जस की तस बनी रहेगी। नगरवासियों ने बंदरों को कम से कम 50 किलोमीटर दूर सुरक्षित स्थान पर छोड़े जाने की मांग की है। साथ ही बंदरों को पकड़ने का अभियान नगर के सभी मोहल्लों में चलाने की अपील की है। नगरवासियों का कहना है कि बंदरों की बढ़ती संख्या लंबे समय से परेशानी का कारण बनी हुई है। पालिका की ओर से अभियान शुरू किए जाने से लोगों को उम्मीद है कि बंदरों की संख्या पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। लोगों ने पालिका प्रशासन से अभियान को प्रभावी ढंग से जारी रखने और बंदरों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की मांग की है। उधर अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह का कहना है। कि नगर में पालिका द्वारा बन्दरो को पकड़वाने को लेकर एक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान 75 बन्दरों को पकड़कर कालागढ़ सहित चिड़ियापुर के जंगलों में छुड़वाया जायेगा। बन्दरो को पकड़वाने का अभियान आगे भी जारी रहेंगा।

# मारपीट व जान से मारने की धमकी पर किया मुकदमा दर्ज

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नगीना। शादी समारोह में गई महिला ने अपने व अपने भाई तथा मां के साथ मामा व ममेरे भाइयों तथा मुमानी द्वारा पुरानी बातों को लेकर लूज टाकिंग करने को मना करने पर गालीगलौच, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर नगीना पुलिस को दी जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कारवाही शुरू कर दी। पुराना डाक खाना अकबराबाद थाना कोतवाली देहात निवासी नजमा परवीन पुत्री मौ नफीस ने नगीना पुलिस को 13 सितम्बर 26 को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मैं और मेरा भाई बब्लू व माता मुन्या हम तीनो एक सादी समारोह मे अपनी खाला नसरीन के घर सादी में

आये थे। तब 17 सितम्बर26 को समय करीब 9.30 बजे मेरा मामा दिलशाद मामा के लडके शेर खाँ , अदनान व मुमानी शहनाज ने मिलकर हमारे साथ पिछली आपसी बातो के लेकर लूज टॉकिंग करने लगे इस तरह की बाते करने मना किया तो उन लोगो ने हमारे साथा गाली गलोज करते हुये लात घूसो व लाठी डंडों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी देते हुये वहां से चले गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) की धारा 115(2), 352, 351(3) में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मुखबिर की सूचना पर नूरपुर पुलिस ने दबोचा, चोरी की काली स्पेलेंडर प्लस बरामद; मुकदमे में बढ़ाई गई धारा

### मेडिकल स्टोर के बाहर से स्पेलेंडर बाइक चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार!

**समाज जागरण**
**दैनिक बुलंद मंजिल**

चांदपुर,नूरपुर। थाना नूरपुर क्षेत्र में मेडिकल स्टोर के बाहर से चोरी हुई स्पेलेंडर बाइक के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई काले रंग की स्पेलेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की है। बरामदगी के आधार पर दर्ज मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ अग्रिम आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मेडिकल स्टोर के बाहर खड़ी थी बाइक पुलिस के अनुसार 15 सितंबर 2026 को मोहम्मद सलमान पुत्र रईशुद्दीन निवासी अब्दुल्ला नगर डांडा, जनपद बिजनौर ने थाना नूरपुर में तहरीर दी थी। तहरीर में बताया गया कि नूरपुर स्थित उसके मेडिकल स्टोर से अज्ञात व्यक्ति उसकी स्पेलेंडर बाइक चोरी कर ले गया। तहरीर के आधार पर थाना नूरपुर में मु0अ0सं0 330/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। बाइक चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी और अज्ञात चोर की तलाश में जुट गई। विवेचना में दो आरोपियों के नाम आए सामने विवेचना के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले और बाइक चोरी की घटना में अनिल सिंह पुत्र चमन सिंह तथा लव कुमार पुत्र महेश कुमार, दोनों निवासी ग्राम झीरन, थाना नूरपुर, जनपद बिजनौर के नाम प्रकाश में आए। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की गई काले रंग की स्पेलेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद कर ली। चोरी की बाइक बरामद, मुकदमे में बढ़ी धारा पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई एक स्पेलेंडर प्लस मोटरसाइकिल, रंग काला बरामद हुई है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 330/2026 में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ के आधार पर मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है। मामले में अग्रिम आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रचलित है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम 1. अनिल सिंह पुत्र चमन सिंह, निवासी ग्राम झीरन, थाना नूरपुर, जनपद बिजनौर। 2. लव कुमार पुत्र महेश कुमार, निवासी ग्राम झीरन, थाना नूरपुर, जनपद बिजनौर।

बरामदगी पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक स्पेलेंडर प्लस मोटरसाइकिल, काले रंग की बरामद की है। पुलिस टीम ने किया खुलासा बाइक चोरी का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक यशवीर सिंह, कांस्टेबल असलम, कांस्टेबल विपुल यादव, रिजर्व कांस्टेबल मनीष चौहान तथा रिजर्व कांस्टेबल सूरज चौधरी, थाना नूरपुर जनपद बिजनौर शामिल रहे। पुलिस की कार्रवाई से बाइक चोरी के मामले में पीड़ित को राहत मिली है। वहीं चोरी की बाइक बरामद होने के बाद पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है।

# बबराला रोडवेज बस की टक्कर में मामा-भांजे की दर्दनाक मौत मचा कोहराम

**समाज जागरण**

बबराला। शनिवार सुबह आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार मामा-भांजे को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में रजनेश (26) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल उसके 12 वर्षीय भांजे देव ने अलीगढ़ के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बाइक पर सवार रजनेश का तीन वर्षीय बेटा अंश टक्कर लगने के बाद दूर जा गिरा और मामूली चोटों के साथ बच गया। गांव नदरौली निवासी रजनेश वर्तमान में लोहिया कॉलोनी बबराला में परिवार के साथ रह रहा था। शनिवार सुबह करीब सात बजे वह अपने भांजे देव और तीन वर्षीय बेटे अंश के साथ बाइक से निकला था। बाइक में पेट्रोल खत्म होने पर तीनों बाघऊ से आगे पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर मुरादाबाद की ओर से आ रही पीतल नगरी डिपो की रोडवेज बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर जा गिरे। रजनेश का सिर बस के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर अफरातफरी मच गई। लोगों ने घायल देव को तत्काल उपचार के लिए भेजा, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे अलीगढ़ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। देव बुलंदशहर जिले के बेलोन निवासी वीरेश और हेमलता का इकलौता बेटा था। वह अपने मामा रजनेश के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। इकलौते बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मां हेमलता का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने रजनेश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रजनेश अपने पीछे पत्नी मीरा और दो बच्चों को छोड़ गया है। एक ही हादसे में मामा-भांजे की मौत से दोनों परिवारों में मातम पसरा है।

बबराला थानाध्यक्ष लवनीश कुमार ने बताया कि रजनेश के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है अग्रिम कार्यवाही की जाएगी

# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, भांजा गंभीर

### पेट्रोल लेने जा रहे बाइक सवार का हादसे में सिर कुचलने से मौके पर ही मौत हो गई,

**समाज जागरण**

बबराला थाना क्षेत्र के आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर भारत पेट्रोल पंप के नजदीक शनिवार सुबह पेट्रोल लेने जा रहे बाइक सवारों को मुरादाबाद की ओर से आ रही तेज रफ्तार पीतल नगरी डिपो की रोडवेज बस ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 26 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका 12 वर्षीय भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

हादसे में ग्राम नंदरौली निवासी रामबीर का पुत्र रजनेश (26), जो वर्तमान में लोहिया कॉलोनी बबराला में रह रहा था, बाइक सवार रजनेश की मौत हुई है। बताया गया कि रजनेश अपने भांजे देव (12) पुत्र वीरेश निवासी बेलोन, थाना नरौरा जनपद बुलंदशहर और पुत्र भूरे उम्र 3 बर्ष के साथ बाइक से पेट्रोल लेने जा रहा था। इसी दौरान मुरादाबाद की ओर से आ रही पीतल नगरी डिपो की रोडवेज बस ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रजनेश सड़क पर गिर गया और उसका सिर बस के पहिए के नीचे आकर बुरी तरह कुचल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घायल देव को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया।

देव अपने मामा रजनेश के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। जबकि पुत्र मामूली चुटैल हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रजनेश अपने पीछे पत्नी मीरा और दो बच्चों को छोड़ गया है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# जागरूकता अभियान छात्र-छात्राओं के सुझावों पर हुई चर्चा।

**समाज जागरण**

गुन्नौर।समाजवादी छात्र सभा के छात्र-नौजवान जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को बाबूराम सिंह भायसिंह डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनके सुझाव लिए गए। समाजवादी छात्र सभा की ओर से छात्र-छात्राओं को सुझाव पत्र वितरित किए गए। इनमें शिक्षा, रोजगार, बेहतर शैक्षिक सुविधाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और युवाओं से जुड़े अन्य मुद्दों पर



उनकी राय मांगी गई।जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि छात्र और नौजवान देश का भविष्य हैं। उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं को जानना और उन्हें उचित मंच तक पहुंचाना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं की शिक्षा, रोजगार और सुरक्षित भविष्य से जुड़ी समस्याओं को समझने के लिए छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद किया जा रहा है। प्राप्त सुझावों को संकलित कर युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव ने भी छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी के बिना समाज के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक छात्र-नौजवानों को संवाद से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान सचिन यादव, शमीम अहमद, अख्तर अली, सत्यप्रकाश यादव, रवींद्र सिंह, दीपक कुमार और राघव शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। छात्र-छात्राओं ने सुझाव पत्र के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर अपनी राय दर्ज कराई।

# रोजगार सेवकों को मानदेय का भुगतान किए जाने के बाद भी कार्य में लापरवाही, 273 ग्राम रोजगार सेवकों एवं 41 महिला मेटों को नोटिस जारी

### ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारम्भ कराने के निर्देश, श्रमिकों को मांग के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल।जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निदेशानुसार भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना विकसित भारतझगारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित मानव दिवसों के लक्ष्य की पूर्ति के लिए जनपद में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों एवं महिला मेटों द्वारा कार्य न किए जाने के फल स्वरूप जनपद स्तर से 273 ग्राम रोजगार सेवकों एवं 41 महिला मेटों को नोटिस जारी किए गए हैं।

उपायुक्त श्रम रोजगार राम आशीष ने बताया कि ग्राम रोजगार सेवकों को पूर्व वर्षों के लंबित मानदेय के सापेक्ष ₹66.59 लाख की धनराशि का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही, जुलाई एवं अगस्त 2026 के सापेक्ष ₹50.00 लाख की धनराशि का भुगतान भी किया गया है। इसके बावजूद ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारम्भ न कराने एवं योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित कार्यवाही न किए जाने पर संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किए गए हैं।


उन्होंने बताया कि नोटिस के माध्यम से संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारम्भ कराकर श्रमिकों को उनकी मांग के सापेक्ष रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। विगत वर्षों के लंबित ईपीएफ की धनराशि के भुगतान की मांग भी शासन से की गई है। विकास खंडवार जारी नोटिस जनपद के विभिन्न विकास खंडों में कुल 273 ग्राम रोजगार सेवकों एवं 41 महिला मेटों को नोटिस जारी किए गए हैं। विकास खंडवार विवरण इस प्रकार है– असमोली में 26 ग्राम रोजगार सेवक एवं 31 महिला मेट तथा बहजोई में 24 ग्राम रोजगार सेवक बनि याखेड़ा में 50 ग्राम रोजगार सेवक एवं 3 महिला मेट, गुन्नौर में 30 ग्राम रोजगार सेवक, जुनावई में 35 ग्राम रोजगार सेवक, पवांसा में 45 ग्राम रोजगार सेवक एवं 7 महिला मेट रजपुरा में 33 ग्राम रोजगार सेवक,सम्भल में 30 ग्राम रोजगार सेवक है

इस प्रकार कुल 273 ग्राम रोजगार सेवकों एवं 41 महिला मेटों को नोटिस जारी किए गए हैं। संबंधित कार्मिकों को योजना के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कराने तथा पात्र श्रमिकों को समय से रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# महिला शक्ति ने जरूरतमंद लोगों को दैनिक उपयोग की वस्तुओं का किया वितरण

**समाज जागरण**

चन्दौसी। जॉयट्स सेवा सप्ताह के तीसरे दिन जांयट्स ग्रुप महिला शक्ति चंदौसी की सदस्यों ने सुभाष रोड स्थित राय सती माता के मंदिर के प्रांगण में गरीब तथा असाह लोगों ,बच्चों एवं महिलाओं की सहायता वस्त्र तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं और बच्चों को स्टेशनरी एवं खाद्य सामग्री देकर की। हमारा यह छोटा सा प्रयास किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान ला सकता है इसी उद्देश्य से यह प्रोजेक्ट किया गया। ग्रुप की सभी सदस्याऐ




अपने-अपने घरों से कुछ ना कुछ सामान लेकर आई जिन्हें जरूरतमंद लोगों ने अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार आदरपूर्वक लिया। बच्चों के लिए वस्त्र , पेन ,पेंसिल ,रबर ,कॉपी ,किताब तथा खाद्य सामग्री दी गई जिन्हें पाकर बच्चे बहुत खुश हुए । हाथ बढ़ाओ नेकी का ,तजो स्वार्थ अभियान।, इस दीवार के साए में ,बसता है भगवान। इस अवसर पर ग्रुप के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल,प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर अनु रस्तोगी, अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, डीओए मीना वार्ष्णेय , प्रतिभा अग्रवाल, अलका अग्रवाल, शोभा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# मंदिरों में भजन-कीर्तन, पूजा अर्चना व भंडारे के साथ मनायी गई राधाअष्टमी

**समाज जागरण**

चन्दौसी। नगर के पट्टी बाजार स्थित अति प्राचीन श्री बद्रीनारायण मंदिर में जावा परिवार के नेतृत्व में राधाअष्टमी प्रकटोत्सव महोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। उक्त राधाअष्टमी महोत्सव प्रातः काल में - राधाकृष्ण की प्रतिमा का पंचामृत अभिषेक पंडित सुरेश चंद्र शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

राधाकृष्ण के श्रंगार दर्शन प्रातः 7 बजे से श्रद्धालुओं ने किये। तत्पश्चात राधाकृष्ण की महाआरती करके भजन-कीर्तन मंडली द्वारा राधाकृष्ण के भजनों पर भारी संख्या में उपस्थित महिला श्रद्धालुओं ने जयकारे के साथ मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करते हुए राधारानी की अराधना की। उक्त राधाअष्टमी महोत्सव में - अनुभव जावा, स्नेह जावा, शकुन जावा, शालिनी, जौली वार्ष्णेय, यामनी आर्य, आरती, महिमा, बादल गुप्ता, नमन जावा, मानसी जावा, चर्चिल जावा, गीतेश जावा, अंतेश जावा, पंकज, रश्मि, राजीव कुमार, संजीव, अजय, वंश गोयल, संचित आदि का विशेष सहयोग रहा।

# धर्म संघ खेकड़ा के गणेश महोत्सव में विनायक स्वरूप की पूजा, श्रद्धालुओं ने मांगा उन्नत जीवन का आशीर्वाद

समाज जागरण



खेकड़ा। अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ खेकड़ा द्वारा अवार्चीन इंटर कॉलेज प्रांगण में आयोजित श्री गणेश महोत्सव में श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के विनायक स्वरूप की पूजा-अर्चना की।आचार्य पं. सुभाष चंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ओंकारेश्वर, चौदह मातृका, नवग्रह, पंचांग पीठ, भद्र मंडल और प्रधान देव गणपति की पूजा कराई। भगवान को पंचामृत स्नान, वस्त्र, यज्ञोपवीत, नैवेद्य, फल, पंचमेवा और फूल-मालाओं से सुशोभित किया गया। धर्म संघ के महामंत्री चौधरी उमेश शर्मा ने बताया कि विनायक स्वरूप की पूजा से समाज में उच्च सम्मान, उन्नत जीवन, शीर्ष पद और मान-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती है। विशेषकर राजनीतिक लोग चुनावी जीत के लिए इस स्वरूप की आराधना करते हैं।सायं भजन संध्या में राजू दीवाना-टिन्नू मस्ताना म्यूजिकल ग्रुप ने गणपति भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु जमकर थिरके।

# धूमधाम से मनाया गया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन

समाज जागरण



बागपत। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेकड़ा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया। नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की खुशी में यहां पर सभी ने दीपक जलाये। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवेंद्र गुर्जर ने दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद उन्होंने प्रसव वार्ड में भर्ती गर्भवती महिलाओं को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर देवेंद्र प्रमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर विश्व पटल पर भारत वर्ष के मान-सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया। व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी गिनती आज विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में होती है। उन्होंने पूरे विश्व में भारत की प्रतिष्ठा और स्वाभिमान को नई ऊंचाइयां दी। उन्होंने देश की राजनीति को नया आयाम दिया और विकास के साथ गरीब कल्याण को भी पूरा महत्व दिया। जनता से जुड़ाव, जनता से संवाद और देश की नब्ज पर मजबूत पकड़ उन्हें भारत के मन और जन से जोड़ती है। वे भारत के मान और सम्मान को नई बुलंदी पर ले जाए, ऐसी वह कामना करते है। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ मसूद अनवर, सीएचसी अधीक्षक डॉ ताहिर सहित चिकित्सक और स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा।

# ब्राह्मण परिवार पर हमला, राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

समाज जागरण



बड़ौत। राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ की बैठक जिलाध्यक्ष आचार्य प्रवीण पुलस्त्य की अध्यक्षता में बड़ौत में हुई। बैठक में तिलवाड़ा गांव, थाना छपरौली में ब्राह्मण परिवार पर हुए हमले का मुद्दा उठाया गया। आरोप है कि दबंग परिवार द्वारा ब्राह्मण परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है। कई वर्ष पूर्व दबंग व्यक्ति द्वारा बछिया के साथ दुराचार के मामले में यह ब्राह्मण परिवार गवाह है। समझौते से इंकार करने पर रंजिशन धारदार हथियारों से पूरे परिवार पर हमला किया गया। इसमें मुख्य गवाह सचिन कुमार पुत्र ओमपाल शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल में भर्ती हैं, हालत नाजुक है।महासंघ ने आरोप लगाया कि पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे ब्राह्मण समाज में रोष है। चेतावनी दी कि कार्रवाई न हुई तो छपरौली थाने का घेराव कर धरना दिया जाएगा।

# रात्रिकालीन प्रवर्तन अभियान में खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 07 वाहन सीज

## अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन कार्रवाई

समाज जागरण

बहजोई।जनपद सम्भल में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निदेर्शानुसार तथा खनन निरीक्षक शिवम कुमार के नेतृत्व में खनन विभाग द्वारा लगातार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 18/19 सितम्बर 2026 की रात्रि को विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अलग-अलग स्थानों से कुल 07 वाहनों को सीज किया गया।

प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान नवीन पुलिस चौकी, थाना बहजोई क्षेत्र में खनिज का परिवहन कर रहे 02 ट्रेलरों को वैध आईएसटीपी (खनिज परिवहन प्रपत्र) के अभाव में पकड़ा गया। दोनों वाहनों को सीज करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की गई।

इसी क्रम में थाना गुन्नौर क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन में संलिप्त 01 लोडर एवं 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया। दोनों वाहनों को मौके पर सीज करते हुए नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की गई।

इसके अतिरिक्त थाना जुनावई क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के मामले में 03 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा गया। उक्त सभी वाहनों को सीज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देशन, जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निदेर्शानुसार तथा खनन निरीक्षक शिवम कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई।

खनन निरीक्षक शिवम कुमार ने बताया कि जनपद में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान निरंतर जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सम्भल में नवनियुक्त तहसीलदार (न्यायिक) का परिचय कार्यक्रम संपन्न

समाज जागरण /पंकज राघव



संभल।जिला सीनियर बार एसोसिएशन सम्भल के कक्ष में नव नियुक्त तहसीलदार (न्यायिक) आदित्य कुमार के स्वागत और परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एसोसिएशन के चेयरमैन उमेश कुमार शर्मा (एडवोकेट) की देखरेख में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और बार व बेंच के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया। अरविन्द सिंह (एडवोकेट) ने अपने संबोधन में कहा कि बार एवं बेंच का हमेशा ध्यान रखा जाना चाहिए ताकि न्यायिक प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। वहीं, मो० अरशद (एडवोकेट) ने लेखपालों पर कानूनी रूप से कड़ा नियंत्रण रखे जाने की मांग उठाई।इसके अलावा, रतीश चन्द्र रस्तोगी (एडवोकेट) ने न्यायालयों में शीघ्र कार्य करने और मामलों के त्वरित निस्तारण की मांग की। गजेन्द्र सिंह (एडवोकेट) ने कहा कि जजमेंट (फैसले) कानूनी और न्यायपूर्ण होने चाहिए। माधव मिश्रा (एडवोकेट) ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि न्यायालयों में न्यायपूर्वक कार्य होना अनिवार्य है।कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन उमेश कुमार शर्मा (एडवोकेट) ने कहा कि बार और बेंच का संबंध पूरी तरह से कानूनी सेवा से जुड़ा हुआ है। शाहिद हुसैन (एडवोकेट) ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए न्याय की गरिमा बनाए रखने की बात कही।इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश रस्तोगी (एडवोकेट) ने की तथा कार्यक्रम का सफल संचालन शाहिद हुसैन (एडवोकेट) द्वारा किया गया। इस दौरान बार एसोसिएशन के कई अन्य पदाधिकारी और अधिवक्ता साथी भी मौजूद रहे।

# भूमि अधिग्रहण पर किसानों की महापंचायत, हाईकोर्ट जाने की चेतावनी

समाज जागरण



रटौल/बागपत। यूपीसीडा द्वारा 12 गांवों की जमीन अधिग्रहण के विरोध में पुरनपुर नवादा गांव में किसानों की महापंचायत हुई। किसानों ने मुआवजा बढ़ाने और बंद बैनामे खुलवाने की मांग की। चेतावनी दी कि अगले सप्ताह डीएम से मिलेंगे, मांग न मानी तो हाईकोर्ट जाएंगे। यूपीसीडा खेकड़ा क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र के लिए 12 गांवों के बैनामे बंद किए गए हैं। मुआवजे को लेकर किसानों और यूपीसीडा में सहमति नहीं बन पा रही है। इसी को लेकर पूर्व प्रधान जय भाटी के नेतृत्व में महापंचायत बुलाई गई। महापंचायत में पहुंचे बागपत विधायक योगेश धामा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात हुई है। एनसीआर की जमीन सोना है, किसान जल्दबाजी न करें, मांग के अनुसार मुआवजा दिलाया जाएगा। सपा नेता रवि बैसला ने कहा कि एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलेगा। महापंचायत की अध्यक्षता रतिराम गढ़ी कलंजरी ने की और संचालन महेश ने किया। इस मौके पर भूपेंद्र यादव, राकेश कुमार, लीलू प्रमुख, कृष्णपाल, भोपाल प्रधान, जाकिर हसन सहित हजारों किसान मौजूद रहे।

# दिगम्बर जैन मंदिर बडौत में 28 सितंबर को निकलेगी विशाल रथयात्रा : मनोज जैन

समाज जागरण



बागपत। बड़ौत दिगम्बर जैन समाज समिति के मन्त्री मनोज कुमार जैन( पैट्रोल पम्प वालो )ने बताया कि बड़ौत जैन नगरी के नाम से विख्यात है। यहा पर समय समय पर धार्मिक आयोजन होते रहते है, जिसमे मुख्य रूप से पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व के समापन पर दिगम्बर जैन समाज के द्वारा पारम्परिक ऐतिहासिक विशाल रथयात्रा (उछाव) जो 28 सितम्बर को दिगम्बर जैन बडे मन्दिर जी से बड़ौत नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए ए फील्ड के महावीर हाल मे पहुँचेगी। वहा पर पाण्डुकशिला पर जिनेन्द्र भगवान को विराजमान कर विशिष्ठ मन्त्रो के द्वारा अभिषेक ओर पूजन पाठ सम्पन्न किया जायेगा। तत्पश्चात रथयात्रा मुख्य मार्गो से वापस मन्दिर जी मे भगवान को विराजमान कर दिया जायेगा। रथयात्रा का मुख्य आकर्षण कई सौ वर्ष पुराना अखरोट की लकड़ी से बना रथ है, जो कि अपने आप में अभिभूत है। ऐसा रथ सम्पूर्ण भारत मे गिने चुने शहरो में ही है। इस रथयात्रा में सम्पूर्ण भारत के प्रसिद्ध बैण्ड धार्मिक धुन के साथ सभी नगरवासियो का मन मोहते है। जैन चित्रण पर आधारित मनमोहक झाकिया भी जलूस में शामिल रहेंगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्य रूप से प्रवीण कुमार जैन अध्यक्ष बड़ौत दिगम्बर जैन समाज मन्त्री मनोज कुमार जैन पैट्रोल पम्प वाले, मनोज जैन सम्भव किराना, मुख्य मेला संयोजक दिनेश जैन नवकार, दिगम्बर जैन हाई स्कूल एसोसिएशन के सचिव डाक्टर धणेन्द्र जैन बैंक वाले, आदीश जैन सबगे वाले, पुनीत जैन इन्शुअरन्स वाले, सिद्धार्थ जैन कम्प्यूटर, सुरेन्द्र जैन मटिया, सुदेश जैन मटिया परिवार, सुनील जैन टीकरी, शरद जैन, सचिन जैन सर्राफ, सचिन जैन टीकरी, आनन्द जैन नट बोल्ट, श्रवन जैन मैनेजर, बिजेन्द्र जैन बाण वाले अकुंर जैन बुढपुर, राजेश जैन कढाव, अमित जैन मुलसम, अजय जैन जौहडी, अकुंर जैन लोहे वाले सुखमाल जैन उपासना, अरविन्द जैन सर्राफ, सतीश जैन फर्नीचर, अशोक जैन दवाई वाले, पुनीत जैन सोनू , वीरेन्द्र जैन पिन्टी, कमल जैन किताब वाले, सुशील जैन पेन्ट वाले, शुभम जैन वर्धमान, संजय जैन अमूल, नितिन जैन अन्छाड, यश जैन पैट्रोल पम्प वाले आदि का पूर्ण सहयोग रहा।

# जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का तुगलकी फरमान

## परस्पर विरोधी आदेशों से खुलती कलई

समाज जागरण

उमरिया --- हर प्रशासनिक अधिकारी की पहली नैतिक जिम्मेदारी होती है कि वह अपने ही हस्ताक्षर से जारी आदेश का पालन करे और कानून की धाराओं में वर्णित शब्दों का सम्मान करे, लेकिन उमरिया जिला पंचायत में जबसे वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कमान संभाली है, तबसे इस गरिमामय कुर्सी से निकलने वाले आदेश ही कानून को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। एक नहीं, ऐसे दर्जनों आदेश हैं जो नियम विरुद्ध हैं, लेकिन लोग एक वरिष्ठ अधिकारी के विरुद्ध बोलने से बचते हैं। ताजा मामला इसका सबसे बड़ा प्रमाण है, जहां अधिकारी ने अपने ही आदेश को 36 दिन में पलट दिया। मामले के संबंध में बताया जाता है कि जिले के पाली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गिजरी, जो पिछले एक वर्ष से लगातार सुर्खियों में है, जिला पंचायत उमरिया के नियम विरुद्ध आदेश के कारण फिर से चर्चा में आ गयी है। जिला पंचायत उमरिया से जारी आदेश क्रमांक पं./स्था./अनु.नि./2026/42 दिनांक 12 जनवरी 2026 में श्री देवेन्द्र कुमार अहिरवार को अनुकम्पा नियुक्ति पर ग्राम पंचायत सचिव बनाया जाता है। यह एक सामान्य नियुक्ति आदेश नहीं है, इसमें भविष्य के लिए शर्तें भी लिखी हैं। शर्त नंबर 11 में इसी कार्यालय ने साफ लिखा है कि "मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 69(1) के तहत वित्तीय अधिकार प्रदत्त किया जावेगा, सचिव अधिसूचित होने तक मात्र प्रशासकीय कार्य संपादित करेंगे।" यानी वित्तीय लेन-देन का अधिकार नहीं होगा, साथ ही इस आदेश की दूसरी शर्त में स्पष्ट लिखा है कि "संबंधित सचिव को जनपद पंचायत पाली अंतर्गत 06 माह का प्रशिक्षण दिया जावेगा, 06 माह का प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात ही ग्राम पंचायत में सचिव के कार्य हेतु पदस्थ किया जावेगा।" कागज पर अधिकारी ने खुद मान लिया कि यह नियुक्ति प्रशिक्षु के रूप में है, यह सचिव तीन साल तक परिवीक्षा पर रहेगा, इसे 10 हजार रुपये मानदेय मिलेगा, इसे अभी कोई वित्तीय प्रभार नहीं देना है। यह शर्त पंचायत सेवा नियमों के अनुरूप भी है। जिला पंचायत के व्दारा यहाँ से फिर कहानी पलट दी । जिस 12 जनवरी को सचिव को अप्रशिक्षित मानकर सिर्फ प्रशासकीय कार्य तक सीमित रखा गया, उसी सचिव को आदेश क्रमांक 1097811/ म.प्र./2026/जि.पं.उम. दिनांक 17 फरवरी 2026 में वित्तीय प्रभार सहित ग्राम पंचायत गिजरी में पदस्थ कर दिया जाता है। खेद जनक कहा जाता है कि 36 दिन में ऐसा क्या हो गया कि 6 माह का प्रशिक्षण पूरा हुए बिना ही वित्तीय प्रभार सौंप दिया गया? विभागीय परीक्षा हुए बिना ही अधिसूचना जारी हो गई? हकीकत यह है कि इनमें से कुछ भी नहीं हुआ। फिर भी एक अप्रशिक्षित, अनाधिसूचित और परिवीक्षाधीन सचिव को एक झटके में सरकारी तिजोरी की चाबी थमाने के राज कुछ और ही है। अनुकम्पा नियुक्ति में सचिव पदक पर नियुक्ति में नियम कहता है, की मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (सचिव भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम 2011 और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का स्थायी आदेश दिनांक 04.05.2018 की कंडिका 3 स्पष्ट कहती है कि अनुकम्पा नियुक्त सचिव को वित्तीय प्रभार तभी मिलेगा जब वह निर्धारित प्रशिक्षण पूर्ण कर सक्षम अधिकारी द्वारा अधिसूचित हो जाए। परिवीक्षा अवधि में वित्तीय प्रभार देना पूरी तरह से गैर-कानूनी है। यानी 12 जनवरी का आदेश नियम के अनुसार था, लेकिन 17 फरवरी का आदेश उसी नियम को तोड़ने वाला तुगलकी फरमान बन गया। जब जिला पंचायत का मुखिया ही कहेगा कि प्रशिक्षण जरूरी नहीं, अधिसूचना जरूरी नहीं, सीधे वित्तीय प्रभार लो, तो फिर जिले की तीनों जनपद पंचायतों के सचिव आचार संहिता का पालन क्यों करेंगे? क्यों वह पंचायत दर्पण पर साफ बिल अपलोड करेंगे? क्यों वह शासकीय धन की होली खेलने से परहेज करेंगे? यही सवाल आज हर ग्राम पंचायत में गूंज रहा है। यह सिर्फ एक सचिव के पदस्थापना का मामला नहीं है, यह पूरे सिस्टम को दिए गए गलत संदेश का मामला है। जब रक्षक ही नियम तोड़ेगा तो भक्षक क्या करेंगे? अब गेंद कलेक्टर उमरिया के पाले में है कि क्या एक परिवीक्षाधीन, अप्रशिक्षित सचिव को वित्तीय प्रभार देना वैध है? यदि नहीं, तो 17 फरवरी के इस नियम विरुद्ध आदेश को निरस्त कर जिम्मेदार अधिकारी पर कार्यवाही तो बनती है, पर बडे.साहब पर कार्यवाही करने में कलेक्टर असहाय बनी हुई है।

# स्वच्छता की पाठशाला अभियान के अन्तर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

समाज जागरण



चन्दौसी। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता की पाठशालाह्व अभियान में श्री गिरीश चंद्र स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता वा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया छात्र- छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता के प्रति अपने भाव प्रकट किया छात्राओं द्वारा बहुत ही सुंदर पेंटिंग बनाई गई। नगर पालिका परिषद चंदौसी कार्यक्रम में स्वच्छ सारथी क्लब की छात्राओं ने स्वच्छता, कचरा पृथक्करण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का जसंकल्प लिया। इस अवसर पर छात्राओं ने पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने, कचरे का स्रोत पर उचित पृथक्करण एवं निस्तारण करने, प्लास्टिक के अनावश्यक उपयोग से बचने तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान छात्राओं ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित है तो हमारा भविष्य सुरक्षित है। कार्यक्रम में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन भागीदारी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। छात्राओं को संदेश दिया गया कि स्वच्छता से स्वास्थ्य, जल संरक्षण से भविष्य और पर्यावरण संरक्षण से सुरक्षित कल का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में आलोक ने प्रथम स्थान,गणेश ने द्वितीय स्थान, खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया प्रधानाध्यापिका संगीता, नगर पालिका से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह , रिजवान ,महेश उपस्थित रहे

पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

# पारिवारिक विवाद में पिता ने 4 माह की मासूम को पटका, मौत

समाज जागरण

बागपत। सिंघावली थाना क्षेत्र के लुहारा गांव में पारिवारिक विवाद के दौरान 4 माह की मासूम बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है।बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान पिता सलमान ने पत्नी की



गोद से बच्ची को छीनकर जमीन पर पटक दिया। इससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी मौत हो गई। आरोप है कि मौत के बाद परिजनों ने घटना को हादसे का रूप देने की कोशिश की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्राम चौकीदार की तहरीर पर आरोपी पिता सलमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।थाना प्रभारी सिंघावली ने बताया कि साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व हिंदू महासंघ ने मनाई संत अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि

समाज जागरण

बड़ौत। विश्व हिंदू महासंघ द्वारा संस्थापक राष्ट्रीय संत ब्रह्मलीन अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। संगठन हर वर्ष 12 से 18 सितंबर तक पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित करता है।प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति और धमार्चार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य हरिओम पाठक के निर्देशन में 12



सितंबर को पूरे प्रदेश में शोभायात्रा, यज्ञ-हवन हुए। इसी कड़ी में 18 सितंबर को संत अवैद्यनाथ जी के चित्र पर पुष्प वर्षा, दीप प्रज्वलन और महाआरती की गई।बागपत में जिलाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा के नेतृत्व में श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र बड़ौत पर कार्यक्रम हुआ। जिला महामंत्री कुलदीप शर्मा, मीडिया प्रभारी विपुल भारद्वाज, नगर अध्यक्ष रवि कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष देशपाल सिंह तोमर, चंद्रपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश कश्यप, प्रवीण शर्मा, जिला प्रभारी विवेक राणा और गुरुकुल के छात्र मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ ने मनाई संत अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि

समाज जागरण

बड़ौत। विश्व हिंदू महासंघ द्वारा संस्थापक राष्ट्रीय संत ब्रह्मलीन अवैद्यनाथ महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। संगठन हर वर्ष 12 से 18 सितंबर तक पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित करता है।प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति और



धमार्चार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य हरिओम पाठक के निर्देशन में 12 सितंबर को पूरे प्रदेश में शोभायात्रा, यज्ञ-हवन हुए। इसी कड़ी में 18 सितंबर को संत अवैद्यनाथ जी के चित्र पर पुष्प वर्षा, दीप प्रज्वलन और महाआरती की गई।बागपत में जिलाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा के नेतृत्व में श्री शिव गुरुकुल स्वाध्याय केंद्र बड़ौत पर कार्यक्रम हुआ। जिला महामंत्री कुलदीप शर्मा, मीडिया प्रभारी विपुल भारद्वाज, नगर अध्यक्ष रवि कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष देशपाल सिंह तोमर, चंद्रपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश कश्यप, प्रवीण शर्मा, जिला प्रभारी विवेक राणा और गुरुकुल के छात्र मौजूद रहे।

# क्यूआर कोड हटाएंगे व्यापारी, सरकार के फैसले का विरोध

समाज जागरण

बागपत। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सरकार के क्यूआर कोड



संबंधी निर्णय का विरोध किया है। जिला अध्यक्ष व्यापारी नेता भूपेश बब्बर ने कहा कि सरकार निर्णय वापस ले, वरना जनपद के सभी व्यापारी दुकानों से क्यूआर कोड हटा देंगे।उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से व्यापारी नाराज हैं। यह फैसला व्यापारी हित में नहीं है, इसका अतिरिक्त बोझ व्यापारियों पर पड़ेगा, ग्राहकों पर नहीं। भूपेश बब्बर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने फैसला नहीं बदला तो व्यापारी कैशलेस सुविधा बंद कर देंगे, जिससे ग्राहकों को भी परेशानी होगी।

# ढिकौली में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारम्भ

समाज जागरण

बागपत। युवा चेतना समिति बसौद के तत्वावधान में फौजियों के गाँव ढिकौली में ब्यूटीशियन का निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ राजबाला ढाका द्वारा फीता काटकर किया गया। संस्था के महासचिव समीर सत्तार अहमद ने बताया कि बेटियों को आत्मनिर्भर , हुनरमंद बनाने के उद्देश्य से शिविर की शुरूआत



की गयी है। कोर्डिनेटर नीतू राणा ने बच्चियों के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी मौसम ढाका को दी। मौसम ढाका अपनी मेहनत व लगन से 12 वर्षों से ब्यूटीशियन की शिक्षा देकर समाजहित में संघर्षरत है। इस अवसर पर नीतू राणा, रिंकी, अनम, राजबाला, मानवी, संन्दीप ढाका, सानिया, तानिया, शाहिन, कैटलीन, आसमीन, शमां, शिवानी, काजल, सायमा, वंशिका आदि मौजूद रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।




# नॉलेज पार्क में तेज रफ्तार कार ने चार लोगों को मारी टक्कर, चालक गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से कार चलाने के मामले में पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 18 सितंबर 2026 को कार संख्या UP16CB9473 के चालक ने कथित तौर पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए चार लोगों को टक्कर मार दी।




हादसे में एक व्यक्ति के पैर में मामूली चोट आई। घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने तत्काल संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को कब्जे में लेते हुए उसके चालक मनीष पुत्र देवदत्त, निवासी लड़पुरा, थाना कासना, गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मिशन सहयोग के तहत 104 गुम मोबाइल बरामद, 21 लाख की कीमत के फोन मालिकों को लौटाए

### सर्विलांस सेल और उएक्सपोर्टल की मदद से ग्रेटर नोएडा पुलिस ने की कार्रवाई

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा, 19 सितंबर। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की सर्विलांस सेल, ग्रेटर नोएडा ने 'मिशन सहयोग' के तहत कार्रवाई करते हुए विभिन्न कंपनियों के 104 गुम हुए कीमती स्मार्टफोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत करीब 21 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन और पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा रवि शंकर निम के नेतृत्व में सर्विलांस सेल ने तकनीकी विश्लेषण और सीईआईआर पोर्टल की सहायता से इन मोबाइल फोन का पता लगाया। पुलिस के अनुसार, बरामद किए गए अधिकांश मोबाइल



फोन भीड़भाड़ वाले स्थानों, साप्ताहिक बाजारों, दोपहिया वाहन चलाते समय या सुबह-शाम टहलने के दौरान कहीं गिर गए थे। इसके अलावा कुछ मोबाइल ऑटो, टैक्सी, बस, मेट्रो और ई-रिक्शा में यात्रा के दौरान छूट गए थे।

इन सभी मोबाइल फोन के संबंध में ग्रेटर नोएडा जोन के अलग-अलग थानों में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। सर्विलांस सेल ने तकनीकी जानकारी और सीईआईआर पोर्टल की मदद से मोबाइल फोन को ट्रेस किया और उन्हें बरामद करने में सफलता हासिल की।

### मालिकों को सौंपे मोबाइल

पुलिस ने बरामद किए गए सभी 104 मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने गौतमबुद्धनगर पुलिस का आभार जताया और पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की।

# जारचा पुलिस ने शातिर चोर को दबोचा, पांच लाख का सामान बरामद

## 17 समरसिबल मोटर, 21 पानी के पंखे, 20 आर्मेचर समेत चोरी की बाइक और तमंचा बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। थाना जारचा पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे और निशानदेही से करीब पांच लाख रुपये कीमत का चोरी का सामान, चोरी में प्रयुक्त उपकरण, एक चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध तमंचा-कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 18 सितंबर 2026 को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर थाना जारचा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दिपांशु पुत्र मेघराज को सैंथली की मढ़ैय्या तिराहे के पास से गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे और निशानदेही से 17 पानी की मोटर/समरसिबल, 21 पानी के पंखे, 20 एल्युमीनियम आर्मेचर, दो मोटर राउटर, 4.5 किलोग्राम तांबे का तार और पांच किलोग्राम नट-बोल्ट बरामद किए। इसके अलावा




चोरी करने में इस्तेमाल किए जाने वाले औजारों में एक रेती, हथौड़ी और प्लास भी मिले।

आरोपी के पास से चोरी की मोटरसाइकिल संख्या UP16DL7838 तथा .315 बोर का एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया।

### ट्यूबवेल और खेतों को बनाते थे निशाना

पुलिस के मुताबिक आरोपी अपने साथी के साथ मिलकर दिन में गांवों और सुनसान स्थानों पर लगे ट्यूबवेल और पानी की मोटरों की रेकी करता था। इसके बाद रात में चिह्नित स्थानों पर पहुंचकर औजारों की मदद से खेतों में लगी मोटर, समरसिबल और पानी के पंखे खोलकर चोरी कर लेता था।

चोरी के सामान को सुरक्षित स्थान पर एकत्र करने के बाद आरोपी मोटरों के अंदर से एल्युमीनियम और अन्य धातु के पुर्जे तथा तांबे के तार निकालकर बेचता था। पुलिस के अनुसार आरोपी अवैध तमंचा और कारतूस भी अपने पास रखता था।

### दो चोरी की घटनाओं का खुलासा

पुलिस के अनुसार आरोपी ने 28 फरवरी 2026 को सलारपुर कलां में खेत में लगी चार पानी की मोटर तथा 16 अगस्त 2026 को दादूपुर खटाना स्थित नलकूप से 7.5 एचपी की बिजली की मोटर चोरी की थी। इन मामलों में थाना जारचा में क्रमशः मुकदमा संख्या 41/2026 और 141/2026 दर्ज किया गया था।

### गिरफ्तार आरोपी

दिपांशु पुत्र मेघराज, निवासी रोशनपुर, थाना दनकौर, गौतमबुद्धनगर। वर्तमान पता रेलवे रोड, दादरी। आरोपी की उम्र करीब 22 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी और आर्म्स एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सेक्टर-24 पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर-स्नेचर गिरोह का किया पदार्फाश

## चार आरोपी गिरफ्तार, 22 चोरी के दोपहिया वाहन और 31 स्नेचिंग के मोबाइल बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 19 सितंबर। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी और मोबाइल स्नेचिंग करने वाले एक कथित अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही से 22 चोरी के दोपहिया वाहन, स्नेचिंग के 31 मोबाइल फोन, 2,500 रुपये नकद और तीन अवैध चाकू बरामद किए हैं। दो बाल अपचारियों को भी पुलिस संरक्षण में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, 18 सितंबर 2026 को मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर-24 और खोड़ा क्षेत्र से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विक्की यादव उर्फ मोटा, करण नागर, रविन्द्र और विश्वा महतो उर्फ राजा के रूप में हुई है।

### रेकी कर चुराते थे बाइक-स्कूटी

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि वे दिल्ली-एनसीआर के अलग-अलग इलाकों में रेकी करते थे और सुनसान स्थानों



से मोटरसाइकिल व स्कूटी चोरी करते थे। चोरी किए गए वाहनों को बदल-बदलकर इस्तेमाल करते हुए सड़क किनारे पैदल चल रहे लोगों को निशाना बनाकर मोबाइल फोन स्नेचिंग की वारदात करते थे।

पुलिस के मुताबिक, चोरी किए गए दोपहिया वाहनों को पहचान से बचने के लिए जंगल, झाड़ियों और अन्य सुनसान स्थानों पर छिपाकर रखा जाता था।

### मोबाइल फोन बेचकर कमाते थे पैसा

पूछताछ में सामने आया कि स्नेचिंग किए गए कुछ मोबाइल फोन राहगीरों को कम कीमत पर बेच दिए जाते थे। वहीं कुछ मोबाइल फोन आरोपी विश्वा महतो उर्फ राजा के माध्यम से बिहार ले जाकर अधिक कीमत में बेचे जाते थे। मोबाइल फोन बेचकर मिली रकम को आरोपी आपस में बांटकर खर्च करते थे।

### चार आरोपी गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में विक्की यादव उर्फ मोटा (19), करण नागर (19), रविन्द्र (21) और विश्वा महतो उर्फ राजा (26) शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन अवैध चाकू भी बरामद किए हैं।

मामले में थाना सेक्टर-24 में चोरी, स्नेचिंग और आर्म्स एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# महिला पर चाकू से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

### सेक्टर-20 पुलिस ने वांछित अभियुक्त को दबोचा, वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा, 19 सितंबर। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने महिला पर चाकू से हमला कर घायल करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अवैध चाकू भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 18 सितंबर 2026 को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी विष्णु पुत्र नन्कोनू को सेक्टर-27 एलिवेटेड रोड के पास से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी एक महिला के घर में रह रहा था। आरोप है कि उसने महिला पर चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया था। घटना के बाद आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी की निशानदेही पर तिकोनिया पार्क के पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया एक अवैध चाकू बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विष्णु पुत्र नन्कोनू, निवासी अटवा बसेन, थाना संडीला, हरदोई, वर्तमान पता ग्राम निठारी, सेक्टर-31, नोएडा, उम्र करीब 24 वर्ष के रूप में हुई है। इस मामले में थाना सेक्टर-20 में मु0अ0सं0 384/2026, धारा 109(1) बीएनएस एवं 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत है। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# आबकारी टीम ने शराब की दुकानों और बारों का किया औचक निरीक्षण

## निर्धारित मूल्य पर बिक्री, पीओएस मशीन से स्कैनिंग और सीसीटीवी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर, 19 सितंबर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीमों ने 18 सितंबर 2026 को विभिन्न मदिरा प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। अभियान के दौरान जनपद में संचालित देशी शराब, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप और बार अनुज्ञापनों की जांच की गई। आबकारी टीमों ने दुकानदारों और विक्रेताओं को मदिरा के विभिन्न ब्रांडों को निर्धारित तरीके से प्रदर्शित करने तथा पीओएस मशीन के माध्यम से स्कैन कर निर्धारित मूल्य पर ही शराब की बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




### कैंटीनों की भी हुई जांच

अभियान के दौरान कैंटीनों की भी गहनता से जांच की गई। विभागीय टीमों ने मदिरा दुकानों पर गोपनीय टेस्ट परचेज भी कराया, ताकि बिक्री प्रक्रिया और निर्धारित नियमों के अनुपालन की वास्तविक स्थिति की जांच की जा सके।

निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित अनुज्ञापियों और विक्रेताओं को आबकारी नियमों का पूरी तरह पालन करते हुए मदिरा दुकानों का संचालन करने के निर्देश दिए गए।

### सीसीटीवी की रियल टाइम रिकॉर्डिंग पर जोर

आबकारी विभाग ने दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग को रियल टाइम में संचालित रखने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दुकान संचालन के दौरान निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए और निगरानी व्यवस्था को प्रभावी रखा जाए।

आबकारी विभाग के अनुसार विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जनपद में मदिरा दुकानों और अन्य संबंधित प्रतिष्ठानों की जांच आगे भी जारी रहेगी।

# टीएमयू में श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया भगवान पुष्पदंत का मोक्ष कल्याणक

## दशलक्षण पर्व के उत्तम शौच धर्म पर हुआ विशेष आयोजन; विद्यार्थियों ने दी भगवान पार्श्वनाथ की महिमा पर मनमोहक प्रस्तुति

समाज जागरण/संदीप गर्ग

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) में दशलक्षण पर्व के अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया। इस दौरान नौवें तीर्थंकर भगवान श्री पुष्पदंत जी के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजा-अर्चना और सामूहिक आरती में भाग लिया।

दशलक्षण पर्व के उत्तम शौच धर्म के अवसर पर मन, वचन और शरीर से लोभ का त्याग कर आत्मा की पवित्रता प्राप्त करने का संदेश दिया गया। भगवान पुष्पदंत के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू समर्पित करने का सौभाग्य परी, मुकुल, मृदुल, आकृति, अनिमेष, मेरु और तरुण जैन को प्राप्त हुआ। वहीं सम्मेद शिखरजी की भाव-वंदना करते हुए निर्वाण लाडू चढ़ाने का अवसर सहज, आदीश, अनिकेत, सौरभ, लक्ष्य, ऋषभ, चिन्मय और आदर्श जैन को मिला।

### स्वर्ण कलश से हुआ भगवान का अभिषेक

भगवान का अभिषेक टीएमयू एल्युमिनाई संकल्प, डॉ. आदित्य जैन, कंप्यूटर साइंस कॉलेज के फैकल्टी, डॉ. विपिन जैन, डीन मैनेजमेंट तथा डॉ. विनोद कुमार जैन, प्रिंसिपल शिक्षा विभाग द्वारा स्वर्ण कलश से किया गया।

इसके बाद रजत झारी से शांतिधारा का पुण्य पुष्प, तरुण, मृदुल, मुकुल, अंशु, नैतिक और अनिमेष जैन को प्राप्त हुआ। स्वर्ण झारी से शांतिधारा का सौभाग्य टीएमयू जिनालय परिवार के सार्थक, धार्मिक, सर्वज्ञ, प्रयास एवं अभिषेक जैन तथा टीएमयू एल्युमिनाई अमन और भावेश जैन को मिला।

इस अवसर पर कामना, दृष्टि, स्वस्ति, ऋजुता, तनिष्का, रिया, राशि और विधि को अष्टकुमारी बनने का अवसर प्राप्त हुआ। शांतिधारा के बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती और भक्तिमय कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इशिका जैन ने तत्वार्थ सूत्र का भावपूर्ण वाचन किया।

### पूजा-अर्चना के साथ आध्यात्मिक संदेश

कार्यक्रम में टीएमयू कुलाधिपति परिवार की ओर से विश्वविद्यालय के एल्युमिनाई विद्यार्थियों का स्वागत और सत्कार किया गया। इसके बाद पंडित ऋषभ शास्त्री के सानिध्य में नवदेवता पूजा, पुष्पदंत पूजा, सोलहकारण पूजा और दस लक्षण पूजा विधि-विधान से संपन्न हुई।

संध्या काल में मैनेजमेंट कॉलेज के डीन एवं फैकल्टी द्वारा जिनालय से श्रीजी की आरती को दिव्य घोष के साथ रिद्धि-सिद्धि भवन लाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भगवान की आरती की। अक्षिता और रिश्ता ने भक्तामर स्तोत्र का पाठ किया।

### उत्तम आर्जव धर्म का बताया महत्व

दशलक्षण महापर्व के उत्तम आर्जव दिवस पर पंडित ऋषभ शास्त्री ने कहा कि मन, वचन और कर्म में सरलता एवं एकरूपता रखना ही आर्जव है। मन में कुछ और, वाणी में कुछ और तथा व्यवहार में कुछ और न हो। उन्होंने कहा कि छल, कपट,



दिखावा और मायाचारी से मुक्त होकर जीवन जीना ही उत्तम आर्जव धर्म है।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति जैसा मन में सोचता है, वैसा ही वचन से कहे और उसी के अनुरूप आचरण करे। उत्तम आर्जव धर्म मनुष्य को कथनी और करनी के अंतर से मुक्त होकर ईमानदारी, सरलता, पारदर्शिता और निष्कपटता अपनाने की प्रेरणा देता है।

### विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की भगवान पार्श्वनाथ की महिमा

टीएमयू ऑडिटोरियम में टीएमआईएमटी कॉलेज के विद्यार्थियों ने ह्यअहिच्छत्र में भगवान पार्श्वनाथ की महिमाह्न विषय पर मनमोहक एवं प्रेरणादायी प्रस्तुति दी। प्रस्तुति में भगवान पार्श्वनाथ के ध्यान, कमठ द्वारा किए गए उपसर्ग और पद्मावती देवी एवं देव धरणेंद्र द्वारा भगवान की रक्षा की कथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

प्रस्तुति में बताया गया कि भगवान पार्श्वनाथ जब वट वृक्ष के नीचे ध्यान में लीन थे, तब उनके पूर्वजन्म के शत्रु कमठ ने आंधी और वर्षा के माध्यम से उपसर्ग किया। पद्मावती देवी ने कमल का आसन बनाकर भगवान को जल से बचाया और देव धरणेंद्र ने अपने फणों का विशाल अहिच्छत्र बनाकर उनकी रक्षा की। संकट के बीच भी भगवान पार्श्वनाथ शांत और वीतराग रहे। इसी स्थान पर उन्हें केवलज्ञान की प्राप्ति हुई और देवताओं ने उनका समवशरण बनाया। इसी घटना से इस स्थान का नाम अहिच्छत्र पड़ा।

कार्यक्रम का मुख्य संचालन डॉ. विभोर कुमार जैन ने किया। कुलपति प्रो. वी.के. जैन तथा प्रो. विपिन जैन, डीन मैनेजमेंट की उपस्थिति में टीएमआईएमटी कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को फेयरवेल दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी वीना जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन मनीष जैन, ऋचा जैन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन, जाह्नवी जैन, नंदनी जैन सहित विश्वविद्यालय परिवार के अनेक पदाधिकारी, फैकल्टी सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# बागू से मिट्टी खनन के आरोप पर टटीरी में रोके मिट्टी से भरे हाईवे

## अमूल प्लांट में मिट्टी पहुंचाने की चर्चा के बीच हंगामा, मौके पर पहुंचे एसडीएम; दस्तावेजों की जांच शुरू

समाज जागरण/संदीप गर्ग

बागपत। बागू क्षेत्र से मिट्टी खनन कर टटीरी स्थित अमूल प्लांट में पहुंचाए जाने की चर्चा के बीच शनिवार को विवाद खड़ा हो गया। टटीरी में मिट्टी से भरे कई हाईवे वाहनों को रोक दिए जाने के बाद मौके पर काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही।

सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी जुटाई।

बताया गया कि मिट्टी से भरे वाहनों को रोककर उनके खनन एवं परिवहन से संबंधित दस्तावेजों की जांच की मांग की गई। मामला बढ़ने की सूचना पर बागपत एसडीएम भी मौके



पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद वाहनों तथा मिट्टी खनन और परिवहन से संबंधित दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी।

स्थानीय लोगों ने बागू क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन का आरोप लगाया है। हालांकि, खनन वैध है अथवा अवैध, यह प्रशासनिक जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जांच के बाद स्पष्ट होगी स्थिति

मामले में फिलहाल प्रशासन की ओर से दस्तावेजों की जांच की जा रही है। खनन स्थल, मिट्टी की ढुलाई और संबंधित अनुमति की स्थिति की जांच के बाद ही पूरे प्रकरण की वास्तविक स्थिति सामने आएगी।

# यूपी में 5.10 लाख से अधिक असाक्षर देंगे मूलभूत साक्षरता परीक्षा

## 20 सितंबर को प्रदेशभर में होगी 'उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' की परीक्षा, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक और बीएसए करेंगे केंद्रों का निरीक्षण

समाज जागरण/संदीप गर्ग

लखनऊ, 19 सितंबर। भारत सरकार की केंद्र पुरोनिधानित योजना 'उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम मूलभूत साक्षरता परीक्षा 20 सितंबर को प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के करीब 5.10 लाख असाक्षर प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों के पढ़ने-लिखने और मूलभूत संख्यात्मक ज्ञान का आकलन किया जाएगा। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रदान कर उन्हें साक्षर बनाना है। कार्यक्रम के तहत महिलाओं की 75 प्रतिशत तथा पुरुषों की 25 प्रतिशत भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### दो चरणों में होगी परीक्षा

बेसिक शिक्षा निदेशक अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 10 लाख असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत सरकार के निदेर्शानुसार चालू वित्तीय वर्ष में मूलभूत साक्षरता परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जानी है। पहला चरण सितंबर और दूसरा चरण मार्च में होगा। इसी क्रम में पहली परीक्षा 20 सितंबर को आयोजित की जा रही है।

### पढ़ने-लिखने और गणितीय ज्ञान का होगा आकलन

उल्लास पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जनपदों से करीब 5.10 लाख 15+ आयु वर्ग के असाक्षर परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के जरिए प्रतिभागियों में विकसित मूलभूत पढ़ने, लिखने और संख्यात्मक ज्ञान का आकलन किया जाएगा।

### परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं पूरी

परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में निर्धारित साक्षरता परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण और पर्यवेक्षण के लिए सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

### एक नजर में

परीक्षाः मूलभूत साक्षरता परीक्षा
तिथिः 20 सितंबर 2026
लक्षित आयुः 15 वर्ष एवं उससे अधिक
परीक्षार्थीः लगभग 5.10 लाख
वार्षिक साक्षरता लक्ष्यः 10 लाख
परीक्षा के चरणः सितंबर और मार्च
महिला भागीदारी का लक्ष्यः 75 प्रतिशत
पुरुष भागीदारी का लक्ष्यः 25 प्रतिशत

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूवास में चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता व प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने भरे कल्पनाओं के रंग

सेवा संकल्प अभियान

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला संवाददाता भिवानी**

भिवानी, 19 सितंबर। सेवा संकल्प अभियान का आयोजन गांव नाथुवास स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों के बीच चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता व प्रदर्शनी का आयोजन करवाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपनी भूमिका के कल्पनाओं के रंग भरे। विद्यालय की प्राचार्या बिन्दु के दिशा-निर्देशन में आयोजित इन कार्यक्रमों के तहत



विद्यार्थियों की रचनात्मकता और अभिव्यक्ति क्षमता को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यालय स्तर पर इस संपूर्ण अभियान की देख-रेख नोडल अधिकारी अर्चना, मुकेश और विनीता की देख-रेख में संपन्न कराई गई। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, अनूप एवं अनेक अभिभावकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात शुक्रवार को चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई तथा विद्यार्थियों के वाक कौशल को परखने के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इन गतिविधियों में बढ़-चढकर भाग लिया। इस बारे में जानकारी देते हुए पीटीआई बिरेंद्र सिंह घणघस ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में काफी प्रथम, साक्षी रंगा द्वितीय व सोनाक्षी तृतीय रही। वहीं भाषण प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, नव्या द्वितीय व ईशांत तृतीय रही। प्राचार्या बिन्दु ने कहा कि विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, सेवा भाव और आत्मविश्वास का संचार करना है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता में जिस उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को गति मिलती है। नोडल अधिकारियों अर्चना, मुकेश एवं विनीता ने बताया कि बच्चों ने कला प्रदर्शनी और भाषण प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रस्तुति दी है। इस दौरान विरेन्द्र, महीपाल, रामचन्द्र, प्रेमचन्द, विकास, विनीता, पुष्पा, पूनम, गीता, रीना, कमलेश, प्रमिला, ज्योति और प्रवीण सहित सभी स्टाफ सदस्य शामिल हुए।

# भारत विकास परिषद एवं तेरापंथ युवक परिषद का मेगा रक्तदान शिविर - आज

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) तेरा पंथ युवक परिषद, कालांवाली एवं भारत विकास परिषद द्वारा अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन आज - 20 सितंबर 2026, रविवार, सुबह 9:30 बजे, तेरापंथ भवन, निकट शिवबाड़ी मंदिर, कालांवाली में किया जाएगा। रक्तदान शिविर का शुभारंभ श्रीमती रेनू शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष, डबवाली द्वारा किया जाएगा। शिविर में गुप्ता ब्लड बैंक, बठिंडा की टीम अपनी सेवाएं देगी। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पदक द्वारा सम्मानित किया जाएगा, महिला रक्तदाताओं का विशेष सम्मान होगा। शिविर संयोजक एडवोकेट दिग्गज



बंसल एवं एडवोकेट अरुण गर्ग ने बताया कि 18 से 65 वर्ष तक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति, जिसका वजन 45 किलो से अधिक हो और जो किसी संक्रामक रोग, मधुमेह, बुखार से पीड़ित न हो, रक्तदान कर सकता है। यह रक्तदान शिविर तेरापंथ युवक परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। स्थापना दिवस पर देश भर में रक्तदान शिविर आयोजित हो रहे हैं। कालांवाली शाखा भी प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर आयोजित करती है। उल्लेखनीय है कि 2014 में परिषद ने एक ही दिन में लगभग 1 लाख यूनिट रक्त एकत्रित कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाया था।

# छात्राओं को किसी भी प्रकार से डरने की आवश्यकता नहीं है: मीना परमार

- राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने किया पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और ठाकुर शंभू सिंह राजकीय कन्या महाविद्यालय का निरीक्षण किया

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता भिवानी**

बवानीखेड़ा, 19 सितम्बर। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने कस्बा बवानीखेड़ा स्थित शनिवार को पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और ठाकुर शंभू सिंह राजकीय कन्या महाविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों शिक्षण संस्थानों में कक्षाओं में जाकर छात्राओं से बात की और उनको कड़ी मेहनत कर उच्च मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को किसी भी प्रकार से डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। राज्य महिला आयोग हमेशा उनके साथ खड़ा है। इस दौरान उन्होंने शौचालयों की स्वच्छता व परिसर में सफाई व्यवस्था देखी, जो कि सही



मिली। इस पर उन्होंने स्कूल व कॉलेज मुखियाओं के कुशल प्रबंधन की सराहना की। स्कूल प्राचार्या आनंद शर्मा और कॉलेज प्राचार्य प्रवीण कुमार मीना परमार का बुक्के भेंट कर स्वागत किया।

छात्राओं को अपना संदेश देते हुए महिला आयोग की उपाध्यक्ष मीना परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जनसेवा के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने छात्राओं से इस अभियान में अपने शिक्षण संस्थान के साथ-साथ आसपास परिवेश में स्वच्छता अभियान चलाने व पौधारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमें समाज व राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। देश की उन्नति युवा वर्ग का विशेष योगदान होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत कर महिला अधिकारों को बढ़ावा दिया है। श्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व राज्य में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार बेटियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर काम कर रही है। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर उनकी प्रतिष्ठा को बढ़ावा दिया है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, लखपति दीदी, आपकी बेटी हमारी बेटी, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता, हरियाणा मातृ शक्ति उद्यमिता योजना, मुख्यमंत्री महिला निर्माण श्रमिक सम्मान योजना, कन्यादान योजना, वाहन चालक प्रशिक्षण व ड्रोन दीदी आदि कल्याणकारी लागू की हैं, जिनका सीधा लाभ महिलाओं को मिल रहा है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे निडरता के साथ अपनी पढ़ाई करें। किसी भी प्रकार से शोषण या उत्पीड पर डॉयल 112 पर सूचना दें। छात्राएं राज्य महिला आयोग में भी अपनी शिकायत दे सकती हैं, आयोग शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेता है।

इस अवसर पर बीईओ सतेंद्र सिंह, जगन्नाथ महता, बलवान तंवर, विनीत तंवर, अशोक परमार, संजय वर्मा, बनवारी लाल व पवन महता सहित अनेक गणमान्य नागरिक व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पहाड़ी, मिलकपुर, चांग और तोशाम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में चलाया जाएगा सफाई अभियान

- जिला विकास अभिकरण के तहत २० सितंबर को सुबह आठ से नौ बजे चलेगा अभियान

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता भिवानी**

भिवानी, 19 सितंबर। ग्रामीण वि कास अभिकरण द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 20 सितंबर को सुबह 8 से 9 बजे तक जिला के चार स्कूलों में सामाजिक संस्थाओं व आमजन के सहयोग से व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। स्वच्छता अभियान के प्रत्येक स्थान के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। जिला परिषद द्वारा दी गई जानकारी अनुसार लोहारू उपमंडल के गांव पहाड़ी स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सफाई अभियान के लिए बीडीपीओ लोहारू को, बवानीखेड़ा क्षेत्र के गांव मिलकपुर के राजकीय वरिष्ठद माध्य मिक विद्यालय के लिए बीडीपीओ भिवानी, राजकीय वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय चांग के लिए बीडीपीओ बवानीखेड़ा और तोशाम स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के लिए पंचायत अधिकारी तोशाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा एडीसी दीपक बाबू लाल करवा गांव पहाड़ी स्कूल में, डिप्टी सीईओ रविंद्र दलाल मिलकपुर स्कूल में, डीडीपीओ सोमबीर दलाल चांग स्कूल में और डीपीएम और एसबीएम तोशाम स्कूल में सफाई का निरीक्षण करेंगे। स्वच्छता अभियान के दौरान स्कूल व आसपास परिवेश में पड़े ठोस कचरा, कूड़ा, मलबा व गंदगी का निस्तारण किया जाएगा।

# चूरू के लक्ष्यराज सिंह राठौड़ ने डूसू चुनाव में रचा इतिहास

## संयुक्त सचिव पद पर 16,615 वोट लेकर दर्ज की जीत, चूरू से दिल्ली विश्वविद्यालय तक बनाई पहचान

बहल में समर्थकों ने लड्डू बांटकर मनाई खुशी, समाजसेवी मुरारी जांगड़ा बोले—मेहनत का मिला परिणाम

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल/सादुलपुर। राजस्थान के चूरू जिले की ग्रामीण पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले लक्ष्यराज सिंह राठौड़ ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के वर्ष 2026 के चुनाव में संयुक्त सचिव पद पर जीत दर्ज की है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशी लक्ष्यराज सिंह ने संयुक्त सचिव पद पर 16,615 वोट हासिल किए। उपलब्ध चुनाव परिणामों के अनुसार विशेष यादव को 15,778 और एनएसयूआई के गोपाल चौधरी को 15,206 वोट मिले। बहल में समर्थकों ने लड्डू बांटकर मनाई खुशी लक्ष्यराज सिंह राठौड़ की जीत की सूचना मिलते ही बहल में समर्थकों और परिचितों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। समाजसेवी मुरारी जांगड़ा ने बताया कि वे लक्ष्यराज सिंह के समर्थन में दिल्ली में कई बार अपनी टीम के साथ गए थे। उन्होंने कहा कि लक्ष्यराज की मेहनत और प्रयासों का परिणाम चुनाव में जीत के रूप में सामने आया है। बहल में खुशी मनाने वालों में सुनील गरवा, तरुण गिल अधिवक्ता, सुनील नेहरा, महेंद्र गरवा, मनोज मतानी, रविंद्र सिरसी, सचिन बांगड़वा, मुकेश सुरपुरिया, अजय बिधनोई, विजय बैराण, हनुमान शर्मा पाजू, सुनील शर्मा बहल, नवीन चैहड़ सहित अन्य लोग शामिल रहे। समर्थकों ने लक्ष्यराज सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चूरू से दिल्ली विश्वविद्यालय तक का सफर उपलब्ध जानकारी के अनुसार लक्ष्यराज सिंह राठौड़ का संबंध चूरू जिले के अमरपुरा गांव से है। उन्होंने वर्ष 2019 में दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में राजनीति विज्ञान में स्नातक की पढ़ाई शुरू की। स्नातक के बाद वे दिल्ली विश्व विद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर में कानून की पढ़ाई कर रहे हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के 2026 चुनाव में संयुक्त सचिव पद पर लक्ष्यराज सिंह ने 16,615 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हैंडबॉल में भी बनाई पहचान लक्ष्यराज सिंह की पहचान खेल जगत से भी जुड़ी रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैंडबॉल खिलाड़ी रहे हैं और भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। खेल के साथ-साथ उन्होंने छात्र राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई। वे वर्ष 2020 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां संभालीं। वर्तमान में वे संगठन के खेल संबंधी प्रकोष्ठ में जिम्मेदारी निभा रहे हैं। डूसू में अभाविप के तीन प्रत्याशी जीते 19 सितंबर 2026 को घोषित दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव परिणामों में अभाविप ने चार केंद्रीय पदों में से तीन पर जीत दर्ज की। यश डबास अध्यक्ष, रिया छाबड़ी सचिव और लक्ष्यराज सिंह संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए,

जबकि उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय प्रत्याशी दीपांशु शौकीन विजयी रहे। लक्ष्यराज सिंह की जीत से उनके पैतृक क्षेत्र चूरू और आसपास के लोगों के साथ-साथ बहल क्षेत्र में भी समर्थकों में खुशी का माहौल है। समर्थकों ने उनकी उपलब्धि पर मिठाई बांटकर खुशी जताई और उनके आगामी सार्वजनिक एवं छात्र जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# पैनल अधिवक्ताओं, मध्यस्थ अधिवक्ताओं एवं अधिकार मित्रों की कार्यशाला आयोजित हुई

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता भिवानी**

भिवानी, 19 सितंबर । जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), भिवानी डॉ. गगनदीप कौर सिंह के निर्देशनुसार तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव डीएलएसए पवन कुमार की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, भिवानी के सभी पैनल अधिवक्ताओं, मध्यस्थ अधिवक्ताओं एवं अधिकार मित्रों (पैरा लीगल वालंटियर्स) के लिए एडीआर सेंटर, भिवानी के कॉन्फ्रेंस हॉल में कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार ने कार्यशाला में पैनल अधिवक्ताओं एवं अधिकार मित्रों से फील्ड में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार ने कहा कि 12 दिसम्बर को आयोजित होने वाली वर्ष की चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को रखवाकर उनका प्रभावी ढंग से निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकार मित्र और पैनल अधिवक्ता आमजन को उनके कानूनी अधिकारों तथा उपलब्ध निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जरूरतमंद लोगों तक कानूनी सहायता पहुंचाने के साथ-साथ लंबित मामलों के समाधान के लिए लोक अदालत के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जाए।

इस दौरान लीगल एड डिफेंस काउंसल की डिप्टी चीफ अधिवक्ता बबली ने आशा (अवेयरनेस, सपोर्ट, हेल्प एंड एक्शन) योजना, ड्रग्स फ्री इंडिया तथा बाल विवाह से संबंधित स्कीम 2025 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा और बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जिसे रोकने के लिए सरकार द्वारा सख्त कानूनी प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करें। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पैनल अधिवक्ताओं, अधिकार मित्रों तथा डीएलएसए स्टाफ ने भाग लिया और सामाजिक न्याय से संबंधित योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

# तोशाम में 17.59 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

नशा निरोधक प्रकोष्ठ भिवानी की टीम ने भिवानी बाईपास स्थित पेट्रोल पंप के पास की कार्रवाई
आरोपी को न्यायालय ने एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा, नशे की खरीद-फरोख्त और आपूर्ति से जुड़े लोगों के बारे में होगी पूछताछ

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता भिवानी**

भिवानी/तोशाम। जिला पुलिस की ओर से मादक पदार्थों की बिक्री और आपूर्ति के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नशा निरोधक प्रकोष्ठ भिवानी की टीम ने तोशाम में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कथित तौर पर 17.59 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्रम पुत्र कृष्ण, निवासी राजीव नगर, तोशाम के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक भिवानी मयंक मिश्रा ने जिला पुलिस को मादक पदार्थों की



बिक्री एवं आपूर्ति में संलिप्त लोगों के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई करने तथा नशे के नेटवर्क पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हुए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत नशा निरोधक प्रकोष्ठ की टीम ने यह कार्रवाई की।

**गुप्त सूचना पर बाईपास पर पहुंची पुलिस टीम**

पुलिस के मुताबिक 18 सितंबर को नशा निरोधक प्रकोष्ठ भिवानी के प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश कुमार अपनी टीम के साथ हांसी चुंगी, तोशाम क्षेत्र में गश्त एवं पड़ताल ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि तोशाम-भिवानी बाईपास स्थित पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति कथित रूप से मादक पदार्थ लेकर खड़ा है और उसे बेचने के लिए आया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम बताए गए स्थान पर पहुंची और नियमानुसार कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को काबू किया। पुलिस का दावा है कि तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 17.59 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना तोशाम में मादक पदार्थ निरोधक कानून के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

**नशे की आपूर्ति के नेटवर्क की कड़ियां तलाशेगी पुलिस**

पुलिस के अनुसार आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से बरामद मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त, उसके स्रोत तथा आपूर्ति से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जाएगी। पुलिस मामले में आगामी जांच कर रही है।

# फैक्ट्री से तांबे के तार चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने सेक्टर-26 स्थित फैक्ट्री में चोरी के मामले में आरोपी को पकड़ा
न्यायालय ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा, पहले भी चोरी के दो मामले दर्ज

**दैनिक समाज जागरण**
**जिला संवाददाता भिवानी**

भिवानी। थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने सेक्टर-26 स्थित एक फैक्ट्री से सामान एवं तांबे के तार चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुमित पुत्र अजीत, निवासी कीर्ति नगर, भिवानी के रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस अधीक्षक भिवानी मयंक मिश्रा के निर्देश पर जिले में चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने यह गिरफ्तारी की। फैक्ट्री के पिछले गेट से घुसकर चोरी करने का आरोप पुलिस के अनुसार शांति नगर निवासी आशीष ने थाना औद्योगिक क्षेत्र में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत कर्ता ने बताया कि सेक्टर-26 में उनकी फैक्ट्री है। आरोप है कि 8 सितंबर 2026 की रात आरोपी फैक्ट्री के पिछले गेट से अंदर दाखिल हुआ और सामान तथा तांबे के तार चोरी कर ले गया। शिकायत के आधार पर थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। औद्योगिक क्षेत्र से आरोपी गिरफ्तार, बरामदगी के प्रयास जारी पुलिस के अनुसार मामले में कार्रवाई करते हुए 18 सितंबर 2026 को थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी के मुख्य सिपाही संदीप ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए औद्योगिक क्षेत्र, भिवानी से आरोपी सुमित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी में पहले भी चोरी के दो मामले दर्ज हैं। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से वारदात के संबंध में पूछताछ की जा रही है। साथ ही चोरी किए गए तांबे के तार और अन्य सामान की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# निगाना कलां में पंचायती कुएं की बिजली केबल चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

तोशाम पुलिस ने कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को पकड़ा, जलाई गई केबल से निकाला गया तांबा बरामद
15 सितंबर की रात हुई थी चोरी, दोनों आरोपियों को न्यायालय ने जिला कारागार भेजा

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता भिवानी**

तोशाम। थाना तोशाम पुलिस ने गांव निगाना कलां में पंचायती कुएं की बिजली की केबल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई बिजली की केबल को जलाकर उससे प्राप्त किया गया तांबा बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक भिवानी मयंक मिश्रा के निर्देश पर जिले में चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी



अभियान के तहत थाना तोशाम पुलिस ने यह कार्रवाई की।
पंचायती कुएं से बिजली की केबल चोरी पुलिस के अनुसार निगाना कलां निवासी राजवीर ने थाना तोशाम में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के मुताबिक 15 सितंबर 2026 की रात आरोपियों ने पंचायती कुएं की बिजली की केबल चोरी कर ली थी। शिकायत के आधार पर थाना तोशाम में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच के दौरान 18 सितंबर 2026 को थाना तोशाम के सहायक उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रिंकू पुत्र रमेश कुमार, निवासी निगाना कलां को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद दूसरे आरोपी को भी पकड़ा पुलिस के अनुसार रिंकू से पूछताछ के आधार पर मामले में शामिल दूसरे आरोपी अशोक पुत्र महेंद्र, निवासी निगाना खुर्द को 19 सितंबर 2026 को गिरफ्तार किया गया।
पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई बिजली की केबल को जलाकर उससे प्राप्त किया गया तांबा बरामद किया है।
दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए। पुलिस के अनुसार मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

# कन्या विद्यालय खरक कलां मेरे सपनों का भारत प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

भिवानी, 19 सितंबर। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरक कलां में मेरे सपनों का भारत विषय पर प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने चित्रों, पोस्टरों एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम




से अपने सपनों के भारत की कल्पना को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, तकनीकी विकास, आत्मनिर्भरता एवं विकसित भारत जैसे विषय प्रमुख रहे।भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भारत के उज्ज्वल भविष्य को लेकर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में छात्राओं की रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना देखने को मिली।इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती उषा, SMC प्रधान कांता, ABRC प्रदीप एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

# 21 सितंबर को बहल ब्लॉक के दस गांवों का दौरा करेंगे रोहित दलाल

पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल के पुत्र रोहित दलाल सुबह 10 बजे से गांवों में पहुंचेंगे
4 अक्टूबर को बहल की नई अनाज मंडी में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता की प्रस्तावित जनसभा के संदर्भ में करेंगे गांव का दौरा

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल के पुत्र रोहित दलाल 21 सितंबर को बहल ब्लॉक के विभिन्न गांवों मैं पार्टी कार्यकताओं के साथ दौरा करेंगे। पंचायत समिति बहल के अध्यक्ष विजय फोगाट ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भाजपा हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता 4 अक्टूबर को बहल पहुंचेंगी। इस दौरान नई अनाज मंडी में जनसभा आयोजित होगी। विजय फोगाट के अनुसार रोहित दलाल 21 सितंबर को सुबह 10 बजे से चैहड़ कलां, चैहड़ खुर्द, पाजू, नांगल, बुढेड़ी, सोरड़ा जदीद, सोरड़ा कदीम, ढाणी सांगवान, अमीनपुर और ढाणी रामू गांवों में पहुंचेंगे। जनसभा को लेकर गांवों में संपर्क कार्यक्रम विजय फोगाट के अनुसार 21 सितंबर को होने वाले गांवों के दौरे के दौरान 4 अक्टूबर को प्रस्तावित जनसभा को लेकर लोगों से संपर्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं और समर्थकों में उत्साह है।

# आज से शुरू होगा श्रीमद् भागवत कथा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। बाबा विश्वनाथ जी के नगरी काशी के पंचकोसी मार्ग के किनारे स्थित बरेमा गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ रविवार को प्रारंभ सुबह कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी।कथा व्यास डॉ शीतला प्रसाद त्रिपाठी ज्योतिषाचार्य के मुखार बिंदु से होगा।श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण की महिमा,भक्ति,ज्ञान और धर्म के विविध प्रसंगों का श्रवण करेंगे।कथा यजमान उपेन्द्र प्रताप सिंह पत्नी शोभा सिंह होंगी।कथा में प्रतिदिन शाम दो बजे से पांच बजे तक चलेगी।




# संदिग्ध वस्तु के फटने से मासूम घायल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र में एक जनरल स्टोर में रखे संदिग्ध विस्फोटक के पैकेट में अचानक विस्फोट हो गया। इस हादसे में पांच साल का एक मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घायल बच्चे को परिजनों ने तुरंत कपसेठी चौराहे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे हेरिटेज अस्पताल रेफर कर दिया। घटना कपसेठी बाजार स्थित जायसवाल जनरल स्टोर में हुई। शनिवार सुबह करीब 8 बजे पांच साल का कार्तिक जायसवाल (आशीष जायसवाल का बेटा) दुकान के अंदर पहुंच गया। इसी दौरान पैकेटों में अचानक विस्फोट हो गया, जिससे कार्तिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कपसेठी थानाध्यक्ष विकास मौर्य ने बताया कि दुकान में विस्फोटक किस अनुमति से रखे गए थे और सुरक्षा नियमों का पालन किया गया था या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है।

# विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र के बरकी गांव में चोरों ने सुखमानी देवी उत्तर माध्यमिक विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व विद्युत सामग्री चोरी कर ली। घटना की जानकारी होने पर विद्यालय संचालक ने कपसेठी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बरकी गांव निवासी एवं विद्यालय संचालक अमरनाथ यादव ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि शुक्रवार की देर रात चोर विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। चोर कमरे में लगा इनवर्टर, साउंड सिस्टम, पंखा, बिजली के तार सहित अन्य विद्युत उपकरण चोरी कर ले गए। इसके अलावा चोरों ने विद्यालय के प्रत्येक कमरे में लगे विद्युत बोर्ड को तोड़कर उसमें से भी तार निकाल लिए।

विद्यालय संचालक के अनुसार, विद्यालय में चोरी की यह लगातार तीसरी घटना है। बार-बार हो रही चोरी की घटनाओं से विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों में भय एवं दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वही इस मामले में थानाध्यक्ष कपसेठी विकास मौर्य ने बताया कि घटना की मिली है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# अजगरा विधायक ने दानगंज में अंडरपास के साथ सर्विस लेन निर्माण की उठाई मांग

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। अजगरा विधानसभा क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही आवागमन संबंधी समस्या को लेकर विधायक त्रिभुवन राम ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर आजमगढ़झ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग-233 के चैनेज 280.600 पर दानगंज में निमार्णाधीन अंडरपास के साथ सर्विस लेन बनाए जाने की मांग की है। जौनपुर से वाराणसी जनपद के मध्य किलोमीटर 263 से 281 तक भूमि मुआवजे के विवाद के कारण लगभग 10 वर्षों से कार्य प्रभावित रहा है। पत्र के अनुसार, उच्च न्यायालय के निदेर्शों के क्रम में प्रभावित किसानों को मुआवजा भुगतान प्रारंभ हो चुका है तथा लगभग 18 किलोमीटर क्षेत्र को निर्माण एजेंसी द्वारा पुनः कार्य में लिया जा रहा है।

चैनेज 280.600 पर निमार्णाधीन अंडरपास दानगंज बाजार के बाईपास के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह मार्ग दानगंज से महमूदपुर, भदवां, रसड़ा होते हुए नियार बाजार तथा बाबतपुर की ओर जाने वाले मार्ग से जुड़ने वाला है। विधायक ने बताया कि इस क्षेत्र से लगभग 50 गांवों की करीब 1.25 लाख आबादी प्रभावित होती है।




विधायक ने कहा कि उन्होंने 10 सितंबर 2019 को भी स्थल का निरीक्षण किया था, जिसमें स्थानीय ग्रामीणों ने अंडरपास के साथ सर्विस रोड की आवश्यकता पर जोर दिया था। सर्विस लेन न बनने की स्थिति में स्थानीय लोगों तथा आजमगढ़, जौनपुर, चंदवक से दानगंज और नियार-बाबतपुर की ओर आने-जाने वाले यात्रियों को लंबा वैकल्पिक मार्ग तय करना पड़ सकता है।

पत्र में वैकल्पिक समाधान के रूप में अंडरपास के स्थान पर 15 से 20 मीटर रेडियस का राउंड अबाउट बनाए जाने का सुझाव भी दिया गया है, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु और सुरक्षित रह सके।

विधायक ने पत्र की प्रति चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, नई दिल्ली को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी है।

# धनेसरी गाँव की जूनियर महिला हाकी खिलाड़ी विजेता मधु पटेल का विधायक ने किया सम्मान

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। अजगरा विधान सभा क्षेत्र के सिंहापुर ग्राम पंचायत के धनेसरी गाँव की फूल बैक पोजिशन की खिलाड़ी मधु पटेल का चाइना से भारतीय जूनियर महिला हॉकी एशिया कप 2026 में 19.0 के स्वर्ण पदक विजेता के घर पहुँचकर विधायक त्रिभुवन राम ने पुष्प गुच्छ तथा अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

मधु पटेल विवेक एकेडमी से हाकी की शुरूआत की थी और बाद में खेल छात्रावास साई बंगलुरू में जगह बनाई। मधु पटेल के पिता सत्यनारायण पटेल,माता मुन्नी देवी बड़े भाई गोविंद पटेल तीन बहन दो भाई में चौथे स्थान पर है। शिक्षा जूनियर स्कूल हरहुआ व चक्का से हुई। चक्का की हाकी खिलाड़ी व मित्र पूर्णिमा यादव के साथ विवेक एकेडमी में प्रैक्टिस शुरू की थी। मधु के दादा गुलाब पटेल बड़ा भाई काशी विद्यापीठ से बीपीएड जो सिगरा स्टेडियम में बालीबाल खिलाड़ी है। माँ एक कुशल गृहणी के साथ स्कूल में मिड डे मील बनाकर छोटी कमाई से इस मुकाम तक मधु पटेल को पहुंचाया।




घर पहुंचे अतिथियों ने मधु को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भारत देश का गौरव बढ़ाने की कामना की।

प्रमुख रूप से भाजपा नेता कपिल नारायण पांडेय,प्रधान अमित सिंह 'नीलू', संजय पटेल प्रधान मोहनपुर ,डी0के0 सिंह, हीरू सिंह ,सदानन्द प्रसाद ,वीरेंद्र गुप्ता सहित क्षेत्र के अन्य सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबे युवक का शव बरामद

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के इसीपुर गांव के समीप शुक्रवार शाम गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान वरुणा नदी में डूबे जंसा थाना क्षेत्र के राखी नेवादा गांव निवासी संजय दीक्षित उर्फ पिंटू दीक्षित का शव शनिवार दोपहर करीब 12 बजे गद्दोपुर (पिपरा घाट) के समीप बरामद हुआ। शव घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर मिला।

जानकारी के अनुसार संजय दीक्षित ने अपने घर पर गणेश प्रतिमा स्थापित की थी। शुक्रवार शाम वह प्रतिमा विसर्जन के लिए इसीपुर स्थित वरुणा नदी के किनारे पहुंचे थे। विसर्जन के दौरान बच्चे को नदी में डूबता देख संजय उसे बचाने के लिए पानी में उतर गए थे ।इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए।



घटना की सूचना मिलते ही जंसा और बड़ागांव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। एनडीआरएफ की टीम ने ग्रामीणों की मदद से जाल डालकर देर रात तक उनकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। शनिवार को एनडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर गद्दोपुर के पिपरा घाट के पास उनका शव बरामद कर लिया।

संजय दीक्षित एक पुत्र और एक पुत्री के पिता थे। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां निर्मला देवी और पत्नी इंदु देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। वही बड़ागांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सहकारी समिति कर्मचारियों नें वेतन की मांग को लेकर बनाई रणनीति

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। अपनी हक की मांग को लेकर संघर्षरत सहकारी समिति कर्मचारियों ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए आर पार लड़ाई के लिए कमर कस ली है।

आज शनिवार को हरहुआ ब्लाक मुख्यालय पर सहकारी समिति कर्मचारियों की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए साधन समिति सचिव परिषद वाराणसी के जिला अध्यक्ष ऋषि कुमार सिंह ने कहा कि सहकारी सचिव लोग वेतन के अभाव में भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं, वेतन की मांग लम्बे समय से की जा रही है परन्तु विभागीय अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।



ऋषि कुमार सिंह ने यह भी कहा कि अब प्रदेश यूनियन के आवाहन पर आर पार की लड़ाई होगी। उसी क्रम में 22 सितम्बर को आयुक्त एवं निबन्धक लखनऊ के कार्यालय का घेराव करेंगे तथा तय कार्यक्रम के अनुसार धरना प्रदर्शन तथा सामुहिक त्याग पत्र भी सौंपेंगे।

बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष ऋषि सिंह, महामंत्री अनिल दूबे , उपाध्यक्ष अभय सिंह, विवेक कुमार सिंह व अखिलेश यादव,कोषाध्यक्ष विभूति नारायण श्रीवास्तव , संजय वर्मा ,अरविंद दूबे, राहुल सिंह, जितेंद्र यादव, रमाकांत त्रिपाठी, रवि यादव सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मड़िहान तहसील में डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## 63 प्रार्थना पत्रों में 5 का मौके पर निस्तारण, अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश

**समाज जागरण**

मीरजापुर। फरियादियों को त्वरित, संतुष्टिपरक एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाने के उद्देश्य से शासन की मंशा के अनुरूप शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मड़िहान में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 63 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें से पांच मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शिकायतों का पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को एक ही शिकायत के लिए बार-बार तहसील अथवा जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक शासन स्तर से सीधे शिकायतकताओं से दूरभाष पर वार्ता कर लिया जा रहा है। ऐसे में अधिकारी शिकायतों का निस्तारण पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ करें। उन्होंने पैमाइश एवं कब्जे से संबंधित मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजने के निर्देश दिए। दोनों पक्षों की मौजूदगी में मामले की सुनवाई कर पीड़ित को न्याय दिलाने पर जोर दिया।



उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य तहसील स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करना है, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े।

आईजीआरएस पर लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत राज अधिकारी, वन विभाग, एलडीएम एवं विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों में अधिक असंतुष्ट फीडबैक मिलने से जिले की रैंक प्रभावित होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सितंबर माह के शेष दिनों में सुधार लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने दैवीय आपदा से मकान एवं फसल प्रभावित लोगों का तत्काल सर्वे कराकर पात्र लोगों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी पटेहरा कला को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित कराने को कहा। उन्होंने प्रचार-प्रसार के अभाव में योजना से वंचित पात्र लोगों के लिए चौपाल आयोजित कर योजनाओं की जानकारी देने तथा मौके पर ही पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई करने तथा पात्र व्यक्तियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश भी दिए गए।

**अन्य तहसीलों में भी सुनी गई शिकायतें**

तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व विजेता के समक्ष 143 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 19 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील चुनार में उप जिलाधिकारी अनेग सिंह के समक्ष 114 प्रार्थना पत्रों में से पांच तथा तहसील लालगंज में उप जिलाधिकारी अजीत कुमार के समक्ष प्राप्त 58 प्रार्थना पत्रों में से चार का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसील मड़िहान में उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कीर्ति कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राजीव कुमार शर्मा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी अशोक त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी मड़िहान, जिला पंचायत राज अधिकारी राम उदय यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# श्री हरे कृष्ण ज्वेलर्स के नौवां शो रूम का हुआ शुभारंभ

## प्राख्यात आध्यात्मिक कथावाचिका जया किशोरी ने किया उद्घाटन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। जिले में हरे कृष्ण ज्वेलर्स के नये शो-रूम का चाँदमारी में भव्य शुभारंभ शनिवार को हुआ।शो-रूम का शुभारंभ प्राख्यात आध्यात्मिक कथावाचिका जया किशोरी की गरिमामयि उपस्थिति में उनके कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर हरे कृष्ण ज्वेलर्स के अधिष्ठाता संतोष अग्रवाल जी ने बताया कि ग्राहको के अत्यधिक सुविधा जनक सेवाएं प्रदान करने हेतु अपनी नौवीं चांदमारी शाखा (स्टेट बैंक के सामने) शुभारंभ किया गया है। इस शुभारंभ के अवसर पर संतोष अग्रवाल ने बताया इस अवसर पर अपने प्रिय ग्राहको को विशेष सुविधाएं दी जा रही है और साथ ही पुराने सोने के आभूषणो पर 100% की वापसी का ऑफर दिया जा रहा है। विशाल कलेक्शन 22 कैरेट और 18 कैरेट के गोल्ड, क्क्क्सटिफाइड डायमंड ज्वेलरी, चाँदी के बर्तन और 925 ज्वेलरी के साथ ग्रहरत्न का आधुनिक रेंज। 100% हॉलमार्क ज्वेलरी, स्पष्ट बिलिंग, पुराने सोने पर ०% कटौती, रेट बुकिंग की सुविधा हर ब्रांच पर उपलब्ध है।



**मोबाइल एप्लीकेशन की सुविधा**

हरे कृष्ण ज्वेलर्स ने हाल ही में अपना मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया है जिससे कोई भी गोल्ड और सिल्वर का लाइव रेट देख सकते हैं। ये एप्लीकेशन एंड्राइड या ऐपल दोनों में उपलब्ध है। लगभग 28 वर्षों से वाराणसी आसपास के क्षेत्रों में ग्राहकों का विश्वास जीतने वाले हरे कृष्ण ज्वेलर्स का चांदमारी शोरुम परिवार का नवां रत्न है। आप सभी के प्यार और विश्वास से हरे कृष्ण ज्वेलर्स तेजी से पूर्वांचल के सबसे विश्वसनीय ज्वेलरी ब्रांड्स में अपनी पहचान बना रहा है। हमारी निरंतर कोशिश है कि आपको बेहतर से बेहतर ज्वेलरी डिजाइन, श्रेष्ठ गुणवत्ता और सबसे उचित दाम पर उपलब्ध कराएं।

हरेकृष्ण ज्वैलर्स से चेतन अग्रवाल ने बताया कि त्योहार एवं वैवाहिक अवसर को देखते हुए एक से बढ़कर एक अद्भुत कलेक्शन प्रिय ग्राहको के लिए उपलब्ध कराया गया है हीरे की अंगूठी, कपल एंगेजमेंट बैंड, नोजपीन, लाईटवेट नेक्लेश सेट डायमण्ड की चूड़ी सेट का अद्भुत कलेक्शन ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। हरे कृष्ण ज्वलर्स की तरफ से हर डाटामण्ड ज्वेलरी के साथ आई जी आई सर्टीफिकेट के साथ दीया जा रहा है। जिससे की ग्राहक हीरे के (आभूषणों को) और अधिक उत्साह के साथ खरीद रहे हैं।रौनक ने अन्त में सभी ग्राहको गणमान्य नागरिकोंका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चेतन अग्रवाल, रुपिका अग्रवाल, कोमल अग्रवाल सहित पारिवारिक गण उपस्थित रहें।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत 37 श्रमिकों को बकाया मजदूरी का वितरित किया गया चेक

**समाज जागरण**

मीरजापुर /मीरजापुर के ए.बी.सी. एक्युरेट बीवर कम्पनी प्रा. लि., टिकरा, नकहरा, मीरजापुर में संविदाकार कुंवर सिंह जायसवाल के माध्यम से




नियोजित श्रमिकों के बकाया मजदूरी भुगतान को लेकर विवाद था, जिसका सेवा संकल्प अभियान के तहत मजदूर अधिकार सप्ताह कार्यक्रम के तहत आज कार्यालय सहायक श्रमायुक्त में सहायक श्रमायुक्त सतीश कुमार ने लेबर कालोनी जंगीरोड मीरजापुर में कुल 37 श्रमिकों को उनके बकाया मजदूरी एवं अन्य भत्तों संबंधी कुल रू0 19,64,282 का भुगतान चेक के माध्यम से कराया गया।

# मास्टर सर्कुलर्स और सतर्कता मैनुअल 2026 पर दक्षिण क्षेत्र के सतर्कता अधिकारियों का प्रशिक्षण

**समाज जागरण**

हैदराबाद। एनएमडीसी लिमिटेड के सतर्कता विभाग की सह-मेजबानी में 17 सितंबर 2026 को हैदराबाद में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) द्वारा दक्षिण क्षेत्र के विभिन्न संगठनों के सतर्कता अधिकारियों के लिए ह्यमास्टर सर्कुलर्स और सतर्कता मैनुअल 2026ह्न विषय पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व विशेष निदेशक, सीबीआई प्रवीण कुमार सिन्हा ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी मास्टर सर्कुलर्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सतर्कता मैनुअल में समयानुकूल संशोधन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सतर्कता व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए नियमों और प्रक्रियाओं की समय-समय पर समीक्षा आवश्यक है।

# कठिन चुनौतियों से जूझने का आत्मबल प्रदान करता है आत्मविश्वासः मुख्यमंत्री

**समाज जागरण**

लखनऊ, 19 सितंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तराखंड के देवप्रयाग से आए मेधावी विद्यार्थियों से शनिवार को संवाद किया। मुख्यमंत्री ने सभी से परिचय प्राप्त किया और बच्चों को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए लखनऊ में स्वागत किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना की। कहा कि आत्मविश्वास सदैव कठिन चुनौतियों से जूझने का आत्मबल प्रदान करता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि चुनौती को समस्या मानकर टालें नहीं, बल्कि उसे समाधान की तरफ ले जाने का प्रयास करें। युवाओं के जीवन में चुनौतियां आती हैं, इससे कतई विचलित न हों। यदि सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेंगे तो कोई चुनौती कठिनाई नहीं बन सकती, बल्कि यह जीवन की गति को प्रगति में बदल देती है।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उत्तराखंड से आए बच्चों को गोमती बुक फेस्टिवल में ले जाएं और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा लिखित पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को इस पुस्तक को अनिवार्य रूप से पढ़ना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि व्यावहारिक ज्ञान ही सच्चा ज्ञान है। सीएम ने विज्ञान की थ्योरी का भी जिक्र किया, फिर कहा कि यदि लैब में इसका प्रेक्टिकल करेंगे और गणित के फॉमूर्ला की जितनी विवेचना करेंगे, उतनी ही अधिक चीजें समझ में आएंगी। शैक्षणिक टूर पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे टूर देश-प्रदेश, समाज, विरासत व दुनिया की वस्तुस्थिति जानने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह अनुभव बड़े उपयोगी भी होते हैं। मुख्यमंत्री ने पाठ्यक्रम के साथ ही अन्य ज्ञानवर्धक व मनोरंजक साहित्य के अध्ययन पर भी जोर दिया। कहा कि महापुरुषों की जीवनी, धार्मिक ग्रंथों को पढ़ें, यह जीवन को प्रेरणा देंगे।

मुख्यमंत्री ने तकनीक पर जोर देते हुए इसे आज की आवश्यकता बताया। उन्होंने इसके सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वयं को प्रतिस्पर्धा योग्य बनाने के लिए तकनीक को अपनाना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर भी चर्चा की। कहा कि इसका प्रयोग करें, लेकिन इस पर निर्भर न रहें। ध्यान रखें, तकनीक हमसे संचालित हो, हम तकनीक से नहीं।

मुख्यमंत्री ने युवाओं द्वारा स्मार्ट फोन पर अत्यधिक समय खर्च करने पर चिंता जताई। कहा कि यह समय की बबार्दी है। स्मार्टफोन का उपयोग महत्वपूर्ण संदेशों, समाचार, डिजिटल लाइब्रेरी, एआई, चैटजीपीटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रोबोटिक, ड्रोन-स्पेस टेक्नोलॉजी आदि की जानकारी के बारे में कर सकते हैं और इसे करियर निर्माण से भी जोड़ सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने समय की महत्ता पर बल दिया, कहा कि एक-एक मिनट कीमती है इसलिए जीवन में समय प्रबंधन अवश्य करें। पाठ्यक्रम, परिवार, स्वयं को समय दें। धार्मिक व रूचि के अनुरूप अच्छी पुस्तकें पढ़ें और बुक बैंक बनाएं। विपरीत परिस्थितियों में पुस्तकें संबल देती हैं।

मुख्यमंत्री जी ने बच्चों को लखनऊ, अयोध्या व काशी का भ्रमण कराने का निर्देश देते हुए 10 वर्ष में यहां आए बदलावों से भी परिचित कराया। उन्होंने कहा कि अयोध्या में अब भव्य राम मंदिर, एयरपोर्ट, फोरलेन सड़कें, रेल कनेक्टिविटी आदि बहुत अच्छी हो चुकी हैं। हरिद्वार के हर की पैड़ी की तरह अयोध्या में राम की पैड़ी को विकसित किया गया है। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण कराया जा चुका है। 10 वर्ष पहले सिर्फ 10 लोग जा सकते थे, कॉरिडोर बनने के बाद अब एक साथ 50 हजार लोग दर्शन करने जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने बच्चों से गांव, शहर, तीर्थ, स्कूल-कॉलेज आदि को स्वच्छ बनाने पर जोर देते हुए इसे समाज की जिम्मेदारी भी बताया।

# "पर्यावरण और जलवायु गतिकी का भविष्य" पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री के संबोधन मूल का पाठ

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण के विषय पर भारत सदियों से विश्व का मार्गदर्शन करता रहा है। अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और अनुभवों को आधार बनाकर भारत आधुनिक जलवायु चुनौतियों के समाधान की दिशा में भी काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत मानवता के सामूहिक प्रयासों के लिए लगातार आह्वान कर रहा है और पर्यावरण संरक्षण के लिए नए मानदंड स्थापित कर रहा है।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की एक कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और कार्बन उत्सर्जन की जिम्मेदारी को लेकर विकासशील देशों पर अक्सर सवाल उठाए जाते हैं, जबकि भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन वैश्विक औसत के आधे से भी कम है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों में भारत की तुलना में प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन काफी अधिक है। भारत इन तथ्यों को वैश्विक मंचों पर मजबूती से रखता रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पर्यावरण संरक्षण के लिए इंटरनेशनल सोलर अलायंस, कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई), ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस, इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस तथा मिशन लाइफ जैसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों के माध्यम से पहल की है।

**सौर ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि**

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में पर्यावरण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने बताया कि देश की सौर ऊर्जा क्षमता लगभग दो गीगावाट से बढ़कर 160 गीगावाट से अधिक हो गई है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक 50 लाख से अधिक घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाए जाने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से प्रत्येक घर को करीब 80 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि पीएम-कुसुम योजना के तहत किसानों के खेतों में 30 लाख सोलर पंप लगाए गए हैं। एलईडी बल्ब के व्यापक इस्तेमाल और अन्य ऊर्जा संरक्षण उपायों से भी बिजली की बचत हुई है। प्रधानमंत्री के अनुसार, अकेले सौर ऊर्जा के माध्यम से करीब 20 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन को रोकने में मदद मिली है।

**स्वच्छ ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर**

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश की पवन ऊर्जा क्षमता तीन गुना बढ़ी है और जलविद्युत क्षमता में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम किए जाने तथा इस क्षेत्र में निजी भागीदारी का रास्ता बनाए जाने की बात कही। उनके अनुसार, इन प्रयासों से देश की गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता में करीब चार गुना वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि भारत क्लीन मोबिलिटी और ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में पिछले वर्षों में भारी वृद्धि का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले जहां सालाना तीन हजार से भी कम इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री होती थी, वहीं पिछले वर्ष करीब 25 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बिके।

# रीवा मे बिना निवेश करियर निर्माण पर महासेमिनार 20 सितंबर को

## बेरोजगार युवाओं को कौशल बताने नीरज सिंह करेगें कृष्णा राजकपूर में करेगें शिरकत

**समाज जागरण रीवा**

मध्य प्रदेश के रीवा शहर में युवाओं और रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक विशाल करियर सेमिनार का आयोजन होने जा रहा है। अर्थ समाज सेवी संस्था (Earth Samaj Sevi Sanstha) द्वारा आयोजित यह 'लाइफ चेंजिंग सेशन' आज कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।इस सेमिनार का मुख्य विषय 'करियर विदाउट इन्वेस्टमेंट' (बिना निवेश के करियर) रखा गया है, जिसमें युवाओं को बिना किसी वित्तीय जोखिम के नए कौशल (Skills) सीखने और अपनी आय बढ़ाने के गुण सिखाए जाएंगे। इस महासेमिनार कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध बिजनेस एंटरप्रेन्योर और करियर कोच नीरज सिंह होंगे। वे वहां मौजूद लोगों को 'लर्न, वर्क और ग्रो' (सीखें, काम करें और आगे बढ़ें) के फॉमूर्ले पर विस्तार से जानकारी देंगे। सेमिनार में मुख्य रूप से इस बात पर जोर दिया जाएगा कि कैसे बिना किसी लागत के मजबूत सपोर्ट सिस्टम और ट्रेनिंग के जरिए खुद का काम शुरू किया जा सकता है। आज युवाओ के पास सबसे बड़ी समस्या है कि शिक्षा तो ले ली लेकिन ना प्राइवेट नौकरी ना मिल रहीं और ना सरकारी नौकरी मिल रहीं, और वही बिजनेस करने के लिए कौशल की कमी है इसी कौशल को बढ़ने के लिए नीरज सिंह देंगे विशेष टिप्स मतलब कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रोजगार के नए अवसर पैदा करना है।कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा, इस सेमिनार में संभाग भर से युवाओ के आने की उम्मीद जतायी जा रही है

# निकाय में साप्ताहिक समीक्षा का दौर जारी

### समय-सीमा में कार्य पूरे करने के दिए निर्देश

**समाज जागरण**

डूमरकछार/ राजनगर : नगर परिषद डूमरकछार में विकास कार्यों की गति बढ़ाने और जनता की शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए साप्ताहिक समीक्षा और जनसुनवाई बैठकों का सिलसिला लगातार जारी है,इसी कड़ी में परिषद सभागार में 19 सितंबर को महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। यह बैठक निकाय अध्यक्ष एवं जिला योजना समिति के सदस्य डॉ. सुनील कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई,प्रशासनिक स्तर पर बैठक मुख्य नगर पालिका



अधिकारी शरद गौतम के मार्गदर्शन, सहायक राजस्व निरीक्षक कमलेश त्रिपाठी, मानशाह कुंजाम उपयंत्री की देखरेख में सुचारू रूप से संपन्न हुई। लगातार हो रही इन बैठकों के माध्यम से विकास कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए डॉ. चौरसिया ने दो टूक शब्दों में कहा कि जनहित के कार्यों में ढिलाई बिल्कुल स्वीकार नहीं होगी,यदि तय समय-सीमा में पेंडिंग काम पूरे नहीं हुए तो संबंधित कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी।

**बैठक के प्रमुख एजेंडे और निर्देश :**
'सेवा से संकल्प' अभियान : 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस विशेष अभियान की गतिविधियों की रूपरेखा तय की गयी और सभी विभागों को इसके सफल क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।

**गणेश विसर्जन की तैयारियां :**
समस्त विभागों को निर्देशित किया गया कि गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कुण्ड स्थलों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले दुरुस्त कर ली जाएं। विभागीय टास्क : एनयूएलएम,स्वच्छता, नल-जल,वाहन और अग्निशमन विभाग के प्रभारियों को अपने-अपने विभागों से जुड़े लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**बैठक में इनकी रही उपस्थितिः**

समीक्षा बैठक के दौरान परिषद के सभापति जीतेंद्र चौहान,रंजीत कुमार वर्मा,रवि सिंह,पार्षद प्रतिनिधि के.एन. शर्मा,डॉ.योगेश पालीवाल मानशाह कुंजाम,उपयंत्री,कमलेश त्रिपाठी, कर्मचारीगण प्रतिज्ञा मिश्रा, तीरथ पनिका,मुन्नापाल, एजाज अहमद, टुन्ना नायक, पवन गौतम ,विशाल महतो, विजय यादव, अनुरूद्ध दाहिया, विक्रम सिंह,उत्तम कोल ,दीपक सिंह, त्रिलोकीनाथ राय,राजू यादव सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# सेवा-संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता संपन्न

**समाज जागरण विजय तिवारी उमरिया (मध्य प्रदेश)**

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान एवं प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार, जिलाध्यक्ष श्री आशुतोष अग्रवाल जी के दिशा-निर्देशन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा-संकल्प अभियान के अंतर्गत कैम्ब्रिज इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल, उमरिया में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री कौशल विश्वकर्मा , प्रभारी एवं तथा श्रीमती नम्रता विपिन यादव , विद्यालय की डायरेक्टर एवं जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी



के जीवन, जनसेवा एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों तथा विकसित भारत के संकल्प को अपनी रचनात्मकता के माध्यम से चित्रों में अभिव्यक्त किया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राष्ट्रसेवा, जनसेवा, स्वच्छता, विकसित भारत एवं देश के उज्ज्वल भविष्य जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया गया।इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रसेवा, स्वच्छता, सामाजिक उत्तरदायित्व, रचनात्मकता एवं सेवा भावना को जागृत करना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना रहा।

# निर्माण कार्यों के नाम पर शासकीय धनराशि हड़पने का सिलसिला

### बकेली में 3.69 लाख की पुलिया बनी भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली--- पंचायतों में पारदर्शिता के लिए पंचायत दर्पण पोर्टल बनाया गया है, ताकि एक-एक बिल जनता देख सके और उसकी निगरानी कर सके, लेकिन उमरिया जिले की ग्राम पंचायतों में शासन की इस मंशा पर पानी फेरने की जुगत भ्रष्टाचार के उस्तादों ने निकाल कर इस पोर्टल की फजीहत कर दी है। ऐसी दर्जनों ग्राम पंचायतों की विधिवत शिकायत कलेक्टर की जनसुनवाई तक में गूंजी, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। इसी जिले के पाली जनपद की भ्रष्टाचार की सिरमौर बनी ग्राम पंचायत बकेली ने इस पोर्टल को ही मजाक बना कर रख दिया है। यहां कई निर्माण कार्यों के बिल ही अपलोड ही नहीं किया गया। ग्राम पंचायत में एक पाइप पुलिया निर्माण जिसकी लागत 3.69 लाख दर्ज है, इस एक छोटी सी पुलिया के नाम पर 5 धुंधले बिल अपलोड कर दिए गए, जिनमें एक ही सीमेंट एक ही समय पर तीन अलग-अलग दरों पर क्रय की गई है, किसी बिल में सीमेंट कंपनी-ग्रेड तक नहीं लिखा, इसी तरह जमीन पर नाले की मिट्टी से पुलिया खड़ी कर दी गई। इससे साफ जाहिर है कि बकेली में नियम-कानून का राज नहीं, राशि खपाने के लिए मनमाफिक दर और मात्रा अंकित कर न सिर्फ अपने मनमर्जी का राज कायम कर रखा है, साथ ही शासकीय धनराशि को हथियाने का काम किया है। 15वें वित्त आयोग से ग्राम पंचायत बकेली में 3.69 लाख रुपये की पुलिया स्वीकृत हुई थी। इस एक पुलिया के लिए पंचायत ने 3 लोकल फर्मों के नाम से 5 बिल बनाकर 2,51,554 रुपये की सामग्री खरीदी दिखाई है, यानी कुल लागत का 68 प्रतिशत पैसा सिर्फ रेत, गिट्टी, सीमेंट के नाम पर आहरित कर लिया गया है, जो कि एक कागजी खेल से ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता। ग्राम पंचायत बकेली ने 09 जनवरी 2026 को बिल नं. 351, फर्म खेरमाता मटेरियल सप्लायर ने 50 बोरी सीमेंट 300 रुपये प्रति बोरी के दर से क्रय का बिल लगाया है, ठीक अगले दिन 10 जनवरी 2026 को बिल नं. 51, फर्म श्याम बाबा ट्रेडर्स ने 80 बोरी सीमेंट 250 रुपये प्रति बोरी के हिसाब से खरीदी गई है। इन बिलों को देखने से आता है कि एक ही पंचायत, एक ही पुलिया, एक दिन का अंतर और 50 रुपये प्रति बोरी का अंतर। अगर बाजार में सीमेंट 250 की थी तो 300 में क्यों खरीदी? और 300 की थी तो 250 वाला बिल फर्जी कैसे बना? यह कोई छोटी गलती नहीं, सीधी वित्तीय अनियमितता है। इसी तरह 07 मार्च 2026 को बिल नं. 117, महेन्द्र प्रताप सिंह का 29,775 रुपये का बिल बिना सीमेंट के गिट्टी-रेत का है

और 09 मार्च 2026 को बिल नं. 118 में 200 बोरी सीमेंट 270 रुपये प्रति बोरी के हिसाब से 74,260 रुपये का बिल लगा दिया गया। दो दिन में एक ही फर्म की दर और मात्रा दोनों बदल गई।07 अप्रैल 2026 को बिल नं. 121 में फिर 110 बोरी सीमेंट 270 रुपये प्रति बोरी, 58,146 रुपये। तीन महीने में तीन दरें - 250, 270, 300 रुपये। किसी भी बिल पर सीमेंट की कंपनी ए सी सी,अल्ट्राटेक, ग्रेड ओ पी सी 43/53, पी पी सी और आई एस आई मार्क का कोई जिक्र नहीं, सिर्फ "सीमेंट" लिखा है। जितनी राशि खपानी थी, उतनी मात्रा और उतनी दर लिख दी गई। ग्रामीणों की तस्वीरों में पुलिया में सोन नदी की रेत की जगह नाले की लाल मिट्टी मिली रेत, साफ गिट्टी की जगह डस्ट भरी गिट्टी, न पॉलिथीन, न वाइब्रेटर। 3.69 लाख की पुलिया में 2.51 लाख की सामग्री कागजों पर लग गई तो मजदूरी, सरिया, सेंटरिंग कहां से आई? सवाल यही है कि क्या सामग्री लगी ही नहीं, सिर्फ राशि खप गई? ग्रामीणों ने कलेक्टर उमरिया से मांग की है कि तारीखवार दरों के इस अंतर को गंभीर वित्तीय अनियमितता मानकर बाजार के मूल्य से आंकलित करते हुए तीनों फर्मों के जी एस टी रिटर्न, कंपनी डिस्ट्रीब्यूटर से सत्यापन और मौके पर लैब टेस्ट कराकर दोषी मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाए।

# सेवा संकल्प से विकसित भारत तक: विद्यार्थियों को भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने दिया प्रेरक संदेश

**समाज जागरण**

धनपुरी। सेवा, संकल्प और राष्ट्र निर्माण की भावना को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रेड रोज हाई सेकेंडरी स्कूल धनपुरी में राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री ओमी सिंह करपेती जी एवं विद्यालय की प्राचार्य रुबिका सिद्दीकी जी मंचासीन रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राकेश तिवारी ने विद्यार्थियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की यात्रा सेवा, संकल्प और राष्ट्र निर्माण की भावना से जुड़ी रही है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत और विकसित भारत का निर्माण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक और विशेष रूप से युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी से संभव होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को विकसित भारत @2047 के संकल्प से जोड़ते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी ही आने



वाले भारत के निमार्ता हैं। उन्होंने बच्चों से शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, परिश्रम, नवाचार, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रहित की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। राकेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और जनकल्याण से जुड़े अनेक प्रयास किए जा रहे हैं और इन प्रयासों का उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर तथा विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ाना है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे बड़े सपने देखें, अपने लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत करें। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विकसित भारत 2047 एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चित्रों और भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों की रचनात्मकता, उत्साह और भारत के भविष्य को लेकर उनकी सोच ने उपस्थित अतिथियों को प्रभावित किया।

कार्यक्रम के दौरान राकेश तिवारी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों के सपनों में ही आने वाले भारत की तस्वीर दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और उनमें राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्वामित्व रजिस्ट्री में पटवारियों को निष्पादक बनाने पर सरकार-पटवारी संघ आमने-सामने

**समाज जागरण**

अनूपपुर। भोपाल में उच्चस्तरीय बैठक में संघ ने दो टूक कहा– कानूनी पात्रता स्पष्ट किए बिना नहीं करेंगे निष्पादन; कैडर रिव्यू की मांग पूरी होने पर सहयोगी की भूमिका निभाने का प्रस्ताव मध्यप्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के तहत पटवारियों को रजिस्ट्री दस्तावेज का निष्पादक बनाए जाने को लेकर चल रहा विवाद अब शासन स्तर की बातचीत तक पहुंच गया है। इसी सिलसिले में 19 सितंबर 2026 को भोपाल में आयुक्त भू-संसाधन एवं प्रबंधन कार्यालय में बैठक आयोजित की गई, जिसमें मध्यप्रदेश पटवारी संघ सहित प्रदेश के अन्य पटवारी संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। उक्त जानकारी देते हुए मध्यप्रदेश पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र सिंह बघेल ने बताया कि बैठक से पहले आयुक्त भू-संसाधन एवं प्रबंधन कार्यालय की ओर से पत्र जारी कर स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना के संबंध में पटवारी संघ द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उठाई गई विधिक,



प्रक्रियात्मक एवं व्यावहारिक कठिनाइयों के निराकरण के लिए चर्चा हेतु प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। निष्पादक की भूमिका पर पटवारियों की साफ आपत्ति बैठक में पटवारी संगठनों ने एकमत होकर कहा कि उनका विरोध स्वामित्व योजना अथवा ग्रामीणों को मिलने वाले स्वामित्व अधिकार के खिलाफ नहीं है, बल्कि पटवारी को व्यक्तिगत रूप से रजिस्ट्री दस्तावेज का निष्पादक बनाए जाने को लेकर है। संघ पदाधिकारियों का कहना रहा कि पटवारी संवर्ग को इस प्रकार के दस्तावेज का कानूनी निष्पादन करने की पात्रता और अधिकार स्पष्ट रूप से निर्धारित नहीं हैं। ऐसे में भविष्य में स्वामित्व, कब्जे, वारिस, सीमांकन, चतुस्सीमा अथवा अभिलेख संबंधी विवाद सामने आने पर व्यक्तिगत रूप से पटवारी की जवाबदेही तय होने की आशंका है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में पटवारी संगठन पहले भी इसी मुद्दे को लेकर शासन को ज्ञापन सौंप चुके हैं। पटवारी संगठनों ने यह भी सवाल उठाया कि ड्रोन सर्वे, आबादी रिकॉर्ड, नक्शे, प्लॉट की सीमा अथवा हितग्राही की पहचान में भविष्य में कोई त्रुटि सामने आती है तो उसकी जिम्मेदारी किस स्तर पर निर्धारित होगी। यही वजह है कि संघ स्पष्ट कानूनी व्यवस्था और जिम्मेदारी तय किए जाने की मांग कर रहा है। कैडर रिव्यू की मांग भी बैठक में प्रमुखता से उठी बैठक में पटवारियों ने अपने कैडर एवं वेतनमान रिव्यू की लंबित मांग को भी प्रमुखता से रखा। संघ की ओर से कहा गया कि यदि शासन पटवारी संवर्ग की कैडर रिव्यू संबंधी मांग का अविलंब निराकरण करता है और स्वामित्व योजना में पटवारी की भूमिका को निष्पादक के बजाय सहयोगी के रूप में स्पष्ट करता है, तो पटवारी इस पूरी प्रक्रिया में अन्य संबंधित विभागों के साथ सहयोगी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। अर्थात संघ ने योजना के क्रियान्वयन में सहयोग से इनकार नहीं किया है, लेकिन पटवारियों पर व्यक्तिगत कानूनी जवाबदेही डालने वाली निष्पादक की भूमिका स्वीकार करने पर आपत्ति कायम रखी है। मंडला और रायसेन के मामलों पर भी जताया विरोध बैठक के दौरान मंडला और रायसेन जिलों में पटवारियों के साथ अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर किए जा रहे दबावपूर्ण व्यवहार का मुद्दा भी उठाया गया। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि मैदानी स्तर पर पटवारियों पर लगातार अतिरिक्त कार्यों और विभिन्न योजनाओं का दबाव बनाया जा रहा है। यदि अधिकारियों द्वारा इसी प्रकार का कथित दबाव और कार्रवाई जारी रही तो प्रदेश का पटवारी संवर्ग आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होगा। स्वामित्व योजना को लेकर प्रदेश के कई जिलों में पहले ही पटवारियों ने विरोध दर्ज कराया है और कुछ स्थानों पर कार्य से विरत रहने की चेतावनी भी दी गई है। अब शासन के निर्णय पर टिकी नजर स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी की संपत्तियों की निःशुल्क रजिस्ट्री की प्रक्रिया प्रदेश में शुरू हो चुकी है और सरकार का लक्ष्य बड़ी संख्या में ग्रामीण संपत्तियों का पंजीयन कराना है। इसी प्रक्रिया में पटवारी को निष्पादन अधिकारी बनाए जाने की व्यवस्था को लेकर विवाद सामने आया है। अब भोपाल में हुई इस बैठक के बाद पटवारी संगठनों की नजर शासन के अगले कदम पर है। संघ का रुख स्पष्ट है कि स्वामित्व योजना के कार्य में सहयोग किया जा सकता है, लेकिन पटवारियों को व्यक्तिगत कानूनी जोखिम वाली ह्यनिष्पादकह्ल की भूमिका स्वीकार नहीं है। साथ ही कैडर रिव्यू तथा मैदानी अधिकारियों के कथित दबाव से जुड़े मुद्दों के समाधान की मांग भी संघ ने शासन के समक्ष रख दी है।

# आम आदमी पार्टी की जयसिंहनगर विधानसभा इकाई की बैठक संपन्न

## विधानसभा क्षेत्र में आगामी कार्यों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर हुई चर्चा

**समाज जागरण**

शहडोल, 19 सितंबर 2026। आम आदमी पार्टी की जयसिंहनगर विधान सभा इकाई की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मध्यप्रदेश पदाधिकारी अमित कुमार खटोर एवं ललन पासवान, जिला अध्यक्ष राजभान पांडे, जिला अध्यक्ष कामता सिंह तथा जयसिंहनगर विधानसभा अध्यक्ष गणेश सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में आगामी दिनों में किए जाने वाले कार्यों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों को आगे बढ़ाने,



कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।
पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने विधानसभा क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने तथा निर्धारित कार्यों को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने को लेकर अपने विचार साझा किए। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी बैठक जल्द आयोजित की जाएगी, जिसकी तारीख एवं स्थान की घोषणा शीघ्र की जाएगी। बैठक के पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर चर्चा की।

# कश्यप जयंती पर कोतमा में निकली भव्य शोभायात्रा, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक परंपरा का हुआ प्रदर्शन

## वार्ड क्रमांक 6 से प्रारंभ हुई शोभायात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए मंगल भवन पहुंची, बड़ी संख्या में समाजजनों ने की सहभागिता

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

कोतमा।- कश्यप जयंती के अवसर पर कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 6 में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य शोभायात्रा में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। शोभायात्रा के दौरान नगर में उत्सवपूर्ण वातावरण रहा तथा समाज की सामाजिक एकजुटता एवं सांस्कृतिक परंपराओं की झलक देखने को मिली। शोभायात्रा हनुमान तिराहा से प्रारंभ हुई, जो स्टेट बैंक चौक, गांधी चौक एवं मुख्य मार्ग से होते हुए मंगल भवन पहुंची। शोभायात्रा में माताएं-बहनें, बुजुर्ग, युवा एवं बच्चे शामिल रहे। विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की सहभागिता से कार्यक्रम व्यापक स्वरूप में आयोजित हुआ। शोभा



यात्रा के दौरान समाजजनों में जयंती को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी शोभायात्रा वार्ड क्रमांक 6 से प्रारंभ हुई शोभायात्रा निर्धारित मार्ग से होते हुए नगर के प्रमुख स्थानों तक पहुंची। हनुमान तिराहा, स्टेट बैंक चौक एवं गांधी चौक से होकर मुख्य मार्ग के रास्ते शोभायात्रा मंगल भवन पहुंची। इस दौरान समाज के लोगों ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।
शोभायात्रा के माध्यम से कश्यप समाज की सामाजिक एकता, परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया। समाज के वरिष्ठजनों के साथ युवा एवं बच्चों की सहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष स्वरूप प्रदान किया। मंगल भवन में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम शोभायात्रा के मंगल भवन पहुंचने के पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों एवं अन्य प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक परंपराओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया गया। उपस्थित समाजजनों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। सामाजिक एकजुटता का दिया संदेश कश्यप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ने समाज में आपसी सहयोग, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया। आयोजन में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं एवं बच्चों की सहभागिता से समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हुई। जयंती समारोह के माध्यम से समाज की परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित रखने तथा आगामी पीढ़ी तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में शामिल समाजजनों ने सामूहिक रूप से जयंती समारोह में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया। कश्यप जयंती के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से कोतमा नगर में सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा का संदेश देखने को मिला। वार्ड क्रमांक 6 में आयोजित यह कार्यक्रम समाजजनों की सहभागिता और सामूहिक प्रयास का परिचायक रहा।

# पीएम मोदी की सबसे महत्वाकांक्षी योजना से बदल रही ग्रामीण भारत की तस्वीर, बाघन्नारा में हर घर नल से पहुंच रहा शुद्ध जल

### पाली आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में सरकार की योजना से बदली तस्वीर, बाघननारा में हर घर नल से बह रहा शुद्ध जल

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवम केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-जल योजना आज ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल रही है। इस योजना का एक ही लक्ष्य है - देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार के घर तक नल के माध्यम से शुद्ध और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना।मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के विकासखंड पाली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चांदपुर का बाघननारा ग्राम जहाँ बैगा जनजाति के अधिकतर लोग निवाश करते हैं। जहाँ उमरिया लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (PHE) द्वारा सोलर पैनल आधारित नल-जल योजना को सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। एक समय था कि जब इस गांव के रहवासियों को पीने के पानी के लिए किलोमीटर दूर हैंडपंप और नदी-नालों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब उनके घरों में नल से शुद्ध और स्वच्छ जल पहुंच रहा है। महिलाओं को अब पानी के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है, जिससे उनके समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। गांव में इस योजना के आने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। बता दे कि योजना की जमीनी हकीकत परखने के लिए उमरिया लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एच.एस. धुर्वे ने स्वयं बाघननारा क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने मौके पर मौजूद सब इंजीनियर हिमांशु जैसवाल से प्रगति रिपोर्ट ली और पूरे सिस्टम का बारीकी से निरीक्षण किया।इस दौरान कार्यपालन यंत्री एच.एस. धुर्वे ने कहा कि, "हमारा लक्ष्य है कि पाली विकासखंड का कोई भी घर नल-



जल योजना के लाभ से वंचित न रहे। बाघननारा में योजना सफलतापूर्वक चल रही है। जो गांव अभी भी छूटे हुए हैं, वहां भी युद्धस्तर पर कार्य कर जल्द ही पानी प्रदाय शुरू किया जाएगा। शासन की मंशा है कि हर आदिवासी परिवार को उसके घर पर ही शुद्ध जल मिले।"

**ठेकेदारों को दिए तेजी से कार्य करने के निर्देश**

भ्रमण के दौरान सब इंजीनियर हिमांशु जैसवाल ने बताया कि विभाग द्वारा सभी संबंधित ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। पाली ब्लॉक के जिन गांवों में पाइप लाइन बिछाने का कार्य शेष रह गया है उसे तत्काल गति बढ़ाकर समय-सीमा में पूरा किया जाए। ताकि पाली क्षेत्र के हर गांव में जल्द से जल्द "हर घर जल" का सपना साकार हो सके और लोगो को नलजल योजना के माध्यम से सुद्ध जल मिल सके। निश्चित तौर पर सोलर आधारित इस योजना से न सिर्फ ग्रामीणों को शुद्ध जल मिल रहा है, बल्कि बिजली की समस्या वाले इस सुदूर अंचल में सोलर पैनल से पानी की निर्बाध आपूर्ति भी सुनिश्चित हो रही है। यह योजना आदिवासी क्षेत्रों के विकास में एक मील का पत्थर साबित हो रही है। पाली विकासखंड के बाघननारा जैसे छोटे-छोटे गांवों तक भी अब हर घर नल से जल पहुंच रहा है, जिससे ग्रामीणों का जीवन आसान हो रहा है।

# संकट मोचन झा बने जिला उपाध्यक्ष, देश दीपक मिश्रा को प्रदेश महासचिव की कमान

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन कॉन्सिल में संगठनात्मक विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह द्वारा 16 सितंबर 2026 को प्रदेश कार्यालय से नई नियुक्तियों की घोषणा की गई।

प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह ने संकट मोचन झा को जिला उपाध्यक्ष तथा देश दीपक मिश्रा को प्रदेश महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नियुक्ति के बाद संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने कहा कि नए पदाधिकारियों के अनुभव और सक्रियता से संगठन को मजबूती


BHARATIYA JANATA MAJDOOR TRADE UNION COUNCIL
National Committee
नियुक्ति पत्र

मिलेगी तथा श्रमिकों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में मदद मिलेगी। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष संकट मोचन झा ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने तथा श्रमिकों के हितों के लिए कार्य करने की बात कही। वहीं, प्रदेश महासचिव देश दीपक मिश्रा ने भी प्रदेश अध्यक्ष आशीष सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन के विस्तार और श्रमिक हितों से जुड़े विषयों को मजबूती से उठाने की बात कही। प्रदेश कार्यालय से जारी नियुक्ति के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# घाघर नदी पुल के वैकल्पिक मार्ग को लेकर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, किया जोरदार प्रदर्शन

•~ मुख्य संपर्क मार्ग बाधित होने से आमजन, जेल मुलाकाती, मरीज और सैकड़ों स्कूली बच्चे परेशान

ग्रामीणों की दो टूक– रविवार से काम शुरू नहीं हुआ तो जिला मुख्यालय पर करेंगे बड़ा प्रदर्शन

**समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा-मारकुंडी मार्ग पर जिला जेल के मध्य स्थित घाघर नदी पुल के ध्वस्तीकरण के बाद आवागमन की समस्या लगातार गंभीर बनी हुई है। नदी के समीप बनाया गया वैकल्पिक संपर्क मार्ग पहली बरसात में तेज बहाव की चपेट में आकर बह जाने से क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। इससे स्थानीय ग्रामीणों के साथ जिला कारागार के कर्मचारियों, जेल मुलाकातियों,



मरीजों, बुजुर्गों तथा आसपास के विद्यालयों में आने-जाने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। समस्या से आक्रोशित स्थानीय ग्रामीणों एवं युवाओं ने शनिवार को घाघर नदी में निमार्णाधीन नई पुल के समीप पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कार्यदायी संस्था एवं संबंधित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मांग की कि लोगों की परेशानी को देखते हुए बिना विलंब वैकल्पिक संपर्क मार्ग का निर्माण कराया जाए, ताकि आवागमन सुचारु हो सके। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने संस्था के व्यवस्थापक से सेलफोन पर वार्ता कर शीघ्र वैकल्पिक संपर्क मार्ग तैयार कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया, लेकिन उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि रविवार से कार्य शुरू नहीं कराया गया तो क्षेत्र के ग्रामीण बड़े स्तर पर आंदोलन करते हुए जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।ग्रामीणों का कहना है कि घाघर पुल और संपर्क मार्ग की समस्या के कारण रोजमर्रा के आवागमन पर सीधा असर पड़ रहा है। जिला जेल आने-जाने वाले मुलाकाती, कर्मचारी, मरीज, स्कूली बच्चे और स्थानीय ग्रामीण इस समस्या से प्रभावित हैं। ऐसे में वैकल्पिक मार्ग के साथ-साथ पुल निर्माण कार्य में भी तेजी लाना आवश्यक है, ताकि क्षेत्रवासियों को स्थायी राहत मिल सके। प्रदर्शन के दौरान चंदन सिंह, शुभम गुप्ता, आदित्य सिंह उर्फ बल्लू, मुलायम सिंह यादव, अमरजीत यादव, डा. भुआल शर्मा, हीरा पनिका, विनोद विश्वकर्मा, सुरेंद्र गुप्ता, रोहित रजक, गुलाब नबी, महफूज खान, बाबूलाल भारती, किशुन भारती, धीरेंद्र यादव, दीपक सोनी, किशन भारती, इंद्रदेव कनौजिया, सत्या, सुनील सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा मौजूद रहे।

इस संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग के जेई रवि मौर्य से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि नदी में तेज पानी के बहाव के कारण कार्य अवरुद्ध हुआ था। जल्द ही मैटेरियल गिराकर वैकल्पिक संपर्क मार्ग का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

अब देखना यह है कि विभागीय आश्वा सन के बाद वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कितनी शीघ्रता से शुरू होता है और घाघर पुल निर्माण कार्य को कब तक गति मिलती है। क्षेत्रवासियों की निगाहें अब विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं।

# सेवा संकल्प अभियान; डीएम ने गौ माता की पूजा-अर्चना कर गौशालाओं की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे**

सोनभद्र। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ द्वारा गौ सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने रॉबर्ट्सगंज नगर पालिका परिषद स्थित गौ संरक्षण केंद्र पहुंचकर गौ माता की पूजा-अर्चना की तथा गौ माता को गुड़ एवं केले खिलाए। इस दौरान उन्होंने गौ संरक्षण केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने गौ संरक्षण केंद्र में उपलब्ध चारा, राशन एवं पोषण सामग्री की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाई गई। व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को गौ आश्रय स्थलों में साफ-सफाई, चारा, पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी क्रम में जनपद में गौ आश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जनपद में अन्य गौ आश्रय स्थल भी तैयार हो जाएंगे। जिन गौ आश्रय स्थलों में पशुओं की संख्या अधिक है, वहां से गौवंश को आवश्यकता के अनुसार अन्य गौ आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निराश्रित एवं छुट्टा घूमने वाले पशुओं को अभियान चलाकर पकड़ते हुए गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित किया जाए, जिससे पशुओं के कारण किसानों को होने वाली परेशानी को भी कम किया जा सके। जिलाधिकारी ने गौ संरक्षण केंद्र परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों में पशुओं के लिए पर्याप्त चारा, पानी एवं पोषण की व्यवस्था निरंतर सुनिश्चित की जाए तथा उनकी देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार मिश्र, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सर्पदंश से बचाव के उपायों के प्रति किया गया जागरूक, झाड़-फूंक व गलत उपचार में समय न गंवाएं: स्वास्थ्य विभाग

**समाज जागरण/ मनोज कुमार चौबे**

सोनभद्र। अंतर्राष्ट्रीय सर्पदंश जागरूकता दिवस-2026 के अवसर पर निर्धारित थीम "Snak ebite Survi vors & Rescuers: Cham pions for Change"के तहत शनिवार को कीर्ति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज, रॉबर्ट्सगंज में सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग कॉलेज के प्रशिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं नोडल अधिकारी आईडीएसपी डॉ. प्रेमनाथ ने सर्पदंश से बचाव, रोकथाम तथा प्राथमिक सावधानियों की जानकारी दी।



डॉ. प्रेमनाथ ने बताया कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या किसी अन्य अप्रभावी उपचार में समय बर्बाद न करें और मरीज को गोल्डेन ऑवर में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाएं। सर्पदंश वाले स्थान को न काटें, मुंह से जहर चूसने का प्रयास न करें तथा वहां कोल्ड कंप्रेशन न लगाएं। सूजन की स्थिति को देखते हुए जूते, अंगूठी, घड़ी, आभूषण एवं तंग कपड़े तत्काल हटा दें। उन्होंने जहरीले एवं गैर-जहरीले सांपों के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सांपों से बचाव के लिए बाहर निकलते समय जूते-पैंट पहनें, रात में टॉर्च या पर्याप्त रोशनी का प्रयोग करें तथा घास, फसल, पत्तियों या लकड़ी के ढेर में हाथ डालने से पहले डंडे से जांच कर लें। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रो. यावनीथा, आशीष कुमार, जिला डाटा मैनेजर-आईडीएसपी अरुण कुमार यादव, आपदा सलाहकार विजय कुमार सिंह, फार्मासिस्ट सीएचसी चोपन सहित प्रशिक्षार्थी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# नहर का गहरा पानी बना काल, नहाते समय गहरे पानी में डूबने से किशोर की मौत

**समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता**

गुरमा-सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के सलखन माइनर बह्म बाबा मंदिर के समीप नहर में शनिवार की सुबह नहाने के दौरान एक युवक के गहरे पानी में डूबने से मौत की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकुश



यादव (16 वर्ष) पुत्र अमरेश यादव, निवासी महुआंव खुर्द, शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे अपने दोस्तों के साथ साइकिल से समीप के सलखन माइनर बह्म बाबा मंदिर के समीप नहर मे स्नान करने गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथ मौजूद दोस्तों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी।घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से काफी प्रयास के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद उसे तत्काल लोढ़ी स्थित जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।युवक की मौत की खबर मिलते ही कोहराम मच गया और परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी शोक का माहौल है।

# ओबरा में 22 करोड़ से बनेगा 6.7 एमएलडी एसटीपी, नाला डायवर्जन परियोजना का भूमि पूजन

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

ओबरा/ सोनभद्र। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत आदर्श नगर पंचायत ओबरा में सीवेज प्रबंधन और जल निकासी व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में शनिवार को कदम उठाया गया। नगर में करीब 22 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले 6.7 एमएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) एवं नाला डायवर्जन परियोजना का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री संजीव गौंड मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे। नगर अध्यक्ष चांदनी देवी के मार्गदर्शन में हुए भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभासद, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। इस परियोजना के शुरू होने से नगर क्षेत्र में सीवेज निस्तारण और जल निकासी की व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। परियोजना के प्रोजेक्ट इंचार्ज वीर पाल सिंह ने बताया कि तय काम के तहत गीतांजलि पेट्रोल पंप के पास स्थित नाले से थर्मल पावर प्रोजेक्ट के नाले तक नाला डायवर्जन का काम होगा।



इसी परियोजना के तहत 6.7 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण भी तय है। उन्होंने बताया कि परियोजना का निर्माण उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय, मिजार्पुर की संस्था कराएगी। अयोध्या की मैसर्स पवन कुमार सोनी संस्था को इसका काम मिला है। एसटीपी बनने के बाद नगर क्षेत्र से निकलने वाले सीवेज के उपचार के लिए आधुनिक व्यवस्था बनेगी। 6.7 एमएलडी क्षमता वाले प्लांट में सीवेज का तय प्रक्रिया से उपचार किया जाएगा। वहीं, नाला डायवर्जन परियोजना से जल निकासी को व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी। इस परियोजना को स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत नगर की स्वच्छता और सीवेज प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने वाली पहल माना जा रहा है। कार्यक्रम में जल निगम के अधिशासी अभियंता अरविंद कुमार चौधरी, सहायक अभियंता राज कुमार पटेल, जूनियर इंजीनियर आशीष कुमार यादव के साथ श्रवण पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवनाथ जायसवाल, उमेश सिंह पटेल, राम निवास तोमर, मनोज सिंह, सतीश पाण्डेय, सुनील मिश्रा, विकास सिंह, दशरथ शुक्ला, सरिता सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजेश यादव, अजीत कन्नौजिया, आदर्श सिंह और अन्य लोग शामिल रहे। मीडिया प्रभारी शिशिर शर्मा भी उपस्थित थे।

# सलखन में मनरेगा कार्य की एनएमएमएस अटेंडेंस पर बड़ा सवाल!

•~ मौके पर नाली का काम नहीं, ऑनलाइन रिकॉर्ड में श्रमिक प्रेजेंट, डीएम-सीडीओ से जांच की मांग

**समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। ग्राम पंचायत सलखन में बीबी जी राम जी के तहत दर्ज नाली खुदाई एवं सफाई कार्य की एनएमएमएस अटेंडेंस को लेकर शिकायत ने प्रशासनिक स्तर पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शिकायतकर्ता राघवेंद्र कुमार ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की तत्काल जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार 10, 12 और 16 सितंबर 2026 को एनएमएमएस पोर्टल पर संबंधित कार्य में श्रमिकों की उपस्थिति ढ१ीशेल्ल३ दर्ज है, जबकि मौके पर निरीक्षण करने पर नाली खुदाई एवं सफाई का कार्य दिखाई नहीं देने का दावा किया गया है। इसके समर्थन में NMMS Attendancके स्क्रीनशॉट एवं कार्यस्थल की फोटो उपलब्ध होने



की बात कही गई है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि NMMS Attend ance, NMMS Photo graph, Muster Roll, MB, Esti mateऔर स्वीकृति अभिलेखों का मौके पर हुए कार्य से मिलान कराया जाए। साथ ही संबंधित श्रमिकों से वास्तविक कार्य की पुष्टि कराई जाए।शिकायत में ग्राम पंचायत मित्र की कार्यप्रणाली की स्वतंत्र जांच कराने तथा आवास सर्वे में कथित पक्षपात की भी जांच कराने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि मामले की जांच ऐसे अधिकारी से कराई जाए जो स्थानीय स्तर पर शिकायत से जुड़े लोगों से प्रभावित न हो। जांच पूरी होने तक भुगतान रोकने की मांग शिकायतकर्ता ने मांग की है कि जांच पूरी होने तक संबंधित कार्य के भुगतान से जुड़े अभिलेखों का सत्यापन कराया जाए। यदि जांच में बिना कार्य किए Attendanceदर्ज कराने या सरकारी धनराशि के गलत भुगतान की पुष्टि होती है तो जिम्मेदारी तय कर नियमानुसार वसूली एवं कार्रवाई की जाए। अब देखना है कि शिकायत पर प्रशासन कितनी तेजी से स्थलीय जांच कराकर NMMS रिकॉर्ड और मौके की वास्तविक स्थिति का मिलान कराता है।

# हाईवा के टायर ट्यूब में हवा भरते समय रिम छटका, पंचर मिस्त्री का हुआ दर्दनाक मौत

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थानांतर्गत डाला चढ़ाई पर एक हाईवा वाहन के टायर का रिम छटकने से टायर पंचर मिस्त्री की मौत हो गई। यह घटना डाला पुलिस चौकी इलाके में बंद खनिज बैरियर के पास हुई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर शाम करीब 8:50 बजे डाला चढ़ाई पर स्थित एक टायर पंचर की दुकान पर यह हादसा हुआ। एक हाईवा का ड्राइवर अपने वाहन में नया टायर लगवा रहा था। टायर पंचर मिस्त्री आरिफ (23) पुत्र असलम निवासी



डाला चढ़ाई, दुकान के बाहर जमीन पर टायर में हवा भर रहा था। हवा भरने के दौरान अचानक टायर का रिम छटक गया और सीधे आरिफ के शरीर पर जा गिरा। इस हादसे में आरिफ के चेहरे और हाथ में गंभीर चोटें आईं। वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर गया। घटना के बाद वहां मौजूद लोग घायल मिस्त्री को खून से लथपथ हालत में ऑटो से अस्पताल ले गए। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने टायर पंचर मिस्त्री आरिफ को देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही डाला चौकी प्रभारी घनश्याम तिवारी अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पार्थ के गांडीव की टंकार है कविता: प्रद्युम्न त्रिपाठी

- कवि सम्मेलन में कवियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह आदि देकर किया गया सम्मानित
- गणेश पूजनोत्सव समिति शाहगंज ने किया था आयोजन

**समाज जागरण/ डॉ अरुण पांडेय "गुरुजी"**

सोनभद्र। गणेश पूजनोत्सव समिति शाहगंज सोनभद्र के तत्वावधान में विराट कवि सम्मेलन गुरूवार रात में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डा, लोकपति सिंह पटेल रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि दिवाकर दिवेदी मेघ ने किया। वहीं सफल ओजस्वी संचालन, प्रदुम्न कुमार त्रिपाठी एड, निदेशक शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी ने किया। कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान के वाणी वंदना व जय हिंद वंदेमातरम का जो करते सम्मान नही, वे भारत माता के दुश्मन उनका हिंदुस्तान नहीं से कार्यक्रम का आगाज रोमांचक रहा। दयानंद दयालू ने, फाइव जी मोबाइल लिया दा पिया, धर्मेश चौहान



ने, देश गीत, अशोक तिवारी ने, रब से बेगाने मजहब के दीवाने निकले तो वहीं प्रदुम्न कुमार त्रिपाठी एड ने, पार्थ के गांडीव की टंकार है कविता, समरसता सदभाव प्यार है कविता सुनाकर पूरी महफि ल लूट लिया। हास्य व्यंग्य के कवि सुनिल चऊचक संयोजक ने जेबा कटि गैल थाने में का कंडा कुबरी लाठी से तो दिलीप सिंह दीपक ने, तुम सबकुछ बेच दो लेकिन हिंदुस्तान मत बेचो सुनाकर व्यवस्था पर करारा प्रहार किया सराहे गए। शाइर विवेक चतुर्वेदी ने, तुम मुझको नजर अंदाज कर नहीं सकते सुनाकर कता नज्म गजल से चार चांद लगाये। ओज के कवि प्रभात सिंह चंदेल ने, तुम मेरे मस्तक पर हिंदुस्तान लिख देना सुनाकर देर तक वंदेमातरम का नारा लगवाते रहे। सुशील मिश्रा सोन संगीत फाउंडेशन ने भगवान शंकर व गणेश की सस्वर वंदना से पूरा वातावरण भक्ति मय बना दिया। मुख्य अतिथि डा, लोकपति सिंह पटेल ने, जनहित सदभाव प्यार आम आदमी की पीर के लिए कटिबद्ध रहने की नसीहत दिये तो, वहीं अध्यक्षता करते हुये कवि दिवाकर दिवेदी मेघ ने आदमी को आदमीयत की तमीज का रेखांकन कर हास्य रचना, बरवा कटा के कट कौवा, बीए, पढै लागल बा बेटौवा से आयोजन को पूर्णता दिये लोग देर तक हंसते रहे। सभी कवियों को अंगवस्त्र, माल्यार्पण, लेखनी, पुस्तिका ,स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आलोक पटवा आयोजक, रिंकू श्रीवास्तव, शीतला प्रसाद वर्मा, विमर्श सिंह पटेल ,धर्मेन्द्र सोनी, ओम प्रकाश सोनी, अनिल पांडेय, अनमोल, समर आदि सैकड़ों श्रोता भोर तक जमे रहे।

# डाला में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर, 150 मरीजों की जांच; दर्जनों मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चित्रकूट रवाना

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के बारी स्थित मीडिया हाउस प्रेस कार्यालय में एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण और जांच शिविर लगाया गया। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, चित्रकूट के डॉक्टरों की टीम ने करीब 150 मरीजों की आंखों की जांच की। जांच में मोतियाबिंद, नाखूना, एलर्जी और आंखों से जुड़ी दूसरी समस्याएं देखी गईं। दर्जनों मरीजों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें मुफ्त ऑपरेशन और इलाज के लिए चित्रकूट अस्पताल भेजा गया। शिविर में जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों को चश्मे और आई ड्रॉप भी बांटे गए। मीडिया हाउस के अध्यक्ष और प्रधान संपादक डॉ. एके गुप्ता ने मेडिकल टीम का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संस्था का मकसद क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि मीडिया हाउस समय-समय पर मेडिकल कैंप और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है, जिससे स्थानीय लोगों और मजदूरों को फायदा मिलता है। उन्होंने खनन और औद्योगिक क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि डाला क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खनन और औद्योगिक काम होते हैं, जिससे सरकार को राजस्व भी मिलता है। लेकिन गंभीर हादसों की स्थिति में यहां पर्याप्त चिकित्सा और ट्रामा सुविधा नहीं है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि किसी घटना या दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल लोगों



को इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर ले जाना पड़ता है। लंबी दूरी के कारण कई बार मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से खनन क्षेत्र के पास 100 बेड का इमरजेंसी ट्रामा सेंटर बनाने की मांग की। डॉ. गुप्ता ने कहा कि जिला खनिज निधि (DMF) और सीएसआर के माध्यम से ट्रामा सेंटर का निर्माण कराया जाए तो इसका लाभ मारकुंडी से लेकर ऊर्जांचल तक के औद्योगिक एवं खनन क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूरों और स्थानीय लोगों को मिल सकता है। उन्होंने खनन क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों का श्रम विभाग में पंजीकरण और स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित किए जाने की भी बात कही। शिविर में डॉ. मनीष तिवारी, हंसराज यादव, सुशील मिश्रा, क्रशर ओनर्स एसोसिएशन के सचिव अभिषेक सिंह उर्फ पिंकू सिंह, उमेश चंद्र मिश्रा, मनमोहन शुक्ला, रामप्यारे सिंह, त्रिभुवन पांडेय, कृपाशंकर पांडेय, राघवेंद्र नाथ पांडेय, शिवशंकर गुप्ता, विनय गुप्ता, दिव्यांश गुप्ता, निकिता गुप्ता, अनुप्रिया गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के बाद शादी से इंकार करने के मामले में युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अकबर अली**

अनपरा/ सोनभद्र। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अनपरा पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने एवं बाद में शादी से इंकार करने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना अनपरा प्रभारी निरीक्षक प्रणय प्रसून श्रीवास्तव ने बताया कि थाना अनपरा पर पंजीकृत मु.अ.सं.-188/2026,धारा-69 इठर से संबंधित आरोपी को आज शनिवार को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। वहां से न्यायिक अभिरक्षा में आरोपी को जेल भेज दिया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण-आरोपी द्वारा पीड़िता को शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए गए तथा बाद में शादी करने से इंकार कर दिया गया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना अनपरा पर सुसंगत अभियोग पंजीकृत कर



आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी का विवरण- मनीष विश्वकर्मा पुत्र रामस्वरूप वर्मा,निवासी सोफीपुर, थाना देवगांव,जनपद आजमगढ़,उम्र करीब 29 वर्ष। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-उ.नि.जयशंकर राय,चौकी प्रभारी रेनूसागर, हे.का.कमलेश सिंह यादव, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र।

# सोनभद्र को मिली नई अपर पुलिस अधीक्षक, मेविस टॉक बनीं एएसपी

•~ बांदा से स्थानांतरण के बाद सोनभद्र में मिली नई जिम्मेदारी

**समाज जागरण/ तहसील संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। पुलिस विभाग में हुए स्थानांतरण के तहत सुश्री मेविस टॉक, आईपीएस(आरआर-2022) को जनपद सोनभद्र का अपर पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। उनके स्थानांतरण से सोनभद्र पुलिस विभाग में नई जिम्मेदारी मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इससे पूर्व सुश्री मेविस टॉक जनपद बांदा में सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थीं। स्थानांतरण के बाद अब उन्हें सोनभद्र में अपर पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।उनकी नई तैनाती के बाद पुलिस विभाग से जुड़े कार्यों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। जनपद में कानून-व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन से संबंधित जिम्मेदारियों का निर्वहन उनके कार्यक्षेत्र में रहेगा।

# भूमि विवाद में लापरवाही पर एसडीएम सख्त, तीन नए मामले पहुंचे

## नोटिस के बावजूद दूसरा पक्ष नहीं पहुंचा, जनता दरबार में पुलिस की गैरमौजूदगी पर जताई नाराजगी; एक मामले का मौके पर निष्पादन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



भूमि विवाद के मामलों के त्वरित और निष्पक्ष निष्पादन को लेकर एसडीएम अनिकेत कुमार ने शनिवार को किशनगंज अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में सख्त रुख अपनाया। नोटिस के बावजूद दूसरे पक्ष के सुनवाई में नहीं पहुंचने और जनता दरबार में थाना स्तर से पुलिस की अपेक्षित मौजूदगी नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। एसडीएम ने अधिकारियों को पुलिस और अंचल प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में सामने आया कि नोटिस जारी होने के बावजूद कुछ मामलों में दूसरे पक्ष के लोग सुनवाई में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। वहीं, भूमि विवाद की सुनवाई के दौरान टाउन थाना स्तर से पुलिस की पर्याप्त मौजूदगी और सहयोग नहीं मिलने की बात भी सामने आई। इस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को दोनों पक्षों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने और ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूमि विवाद के मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए और आवेदकों को बार-बार अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने की नौबत नहीं आनी चाहिए।

अंचल अधिकारी राहुल कुमार के नेतृत्व में आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित तीन नए मामले आए। सुनवाई के दौरान एक मामले का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि 16 मामले लंबित रहे। लंबित मामलों की अगली सुनवाई आगामी शनिवार को निर्धारित की गई है।

अंचल अधिकारी राहुल कुमार की देखरेख में प्रत्येक शनिवार को नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जा रहा है। इसमें दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर आपसी सहमति और नियमानुसार विवादों के समाधान का प्रयास किया जाता है। लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**पुलिस की गैरमौजूदगी पर एसडीएम ने दिए निर्देश**

भूमि विवाद की सुनवाई के दौरान पुलिस की अनुपस्थिति को एसडीएम ने गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए पुलिस और अंचल प्रशासन के बीच समुचित समन्वय जरूरी है। आवश्यकता के अनुसार थाना स्तर से पुलिस पदाधिकारी अथवा बल की मौजूदगी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

**अंचल कार्यालय और आधार केंद्र का निरीक्षण**

जनता दरबार के बाद एसडीएम अनिकेत कुमार ने अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न कार्यों, अभिलेखों, जनसुविधाओं और काउंटरों की स्थिति का जायजा लिया। आधार केंद्र का भी निरीक्षण कर आम लोगों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली।

एसडीएम ने अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि अंचल कार्यालय आने वाले लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी आवेदनों और मामलों का नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की शिकायतों के समाधान में लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी राहुल कुमार, थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद थे।

# सुरक्षित शनिवार पर मॉक ड्रिल, बच्चों ने सीखे भूकंप से बचाव के गुर

## देसी संसाधनों से स्ट्रेचर और अस्थायी शेल्टर तैयार कर बच्चों को दिया आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

शहर के वार्ड संख्या 30 स्थित प्राथमिक विद्यालय डुमरिया में शनिवार को सुरक्षित शनिवारह योजना के तहत ह्यभूकंप से खतरे एवं बचाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को भूकंप जैसी आपदा के समय सुरक्षित रहने और दूसरों की मदद करने के व्यावहारिक तरीके बताए गए।

शिक्षकों ने बच्चों को भूकंप आने के कारण, उससे उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों तथा आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा मंत्र झुको, ढको और पकड़ो (Drop, Cover and Hold) का अभ्यास कराया। मॉक ड्रिल के माध्यम से सुरक्षित निकासी मार्ग, बिना घबराए व्यवस्थित तरीके से भवन से बाहर निकलने और बाहर पहुंचने के बाद बच्चों की गिनती करने की प्रक्रिया का भी अभ्यास कराया गया।



**देसी संसाधनों से तैयार स्ट्रेचर बना आकर्षण**

कार्यक्रम में स्थानीय एवं आसानी से उपलब्ध संसाधनों से तैयार किए गए आपातकालीन मॉडल बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहे। शिक्षकों ने कंबल और दो डंडों की मदद से स्ट्रेचर तैयार कर दिखाया कि आपदा की स्थिति में घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक कैसे पहुंचाया जा सकता है। वहीं, उपलब्ध संसाधनों से अस्थायी शेल्टर तैयार करने की विधि भी बच्चों को समझाई गई।

मॉडल के माध्यम से बच्चों को भूकंपरोधी भवनों की संरचना और उनकी प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी गई। इससे बच्चों ने केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं, बल्कि आपदा के समय काम आने वाली व्यावहारिक तकनीकों को भी समझा।

**भूकंप के दौरान सावधानी बरतने की दी जानकारी**

जागरूकता सत्र में बच्चों को बताया गया कि भूकंप के दौरान घबराकर इधर-उधर भागने के बजाय सुरक्षित स्थान पर रहें। लिफ्ट का इस्तेमाल नहीं करें तथा खिड़कियों, कांच की वस्तुओं और भारी अलमारियों से दूरी बनाए रखें। भूकंप के बाद क्षतिग्रस्त भवनों और टूटे बिजली के तारों को छूने से भी बचने की सलाह दी गई।

**मॉक ड्रिल से बढ़ती है बच्चों की व्यावहारिक समझ**

विद्यालय की प्रधान शिक्षिका डॉ. पुष्पांजलि कुमारी ने कहा कि इस तरह के मॉक ड्रिल और व्यावहारिक गतिविधियों से बच्चों में रचनात्मकता, टीमवर्क और आपदा प्रबंधन की समझ विकसित होती है। उन्होंने कहा कि जागरूक बच्चे स्वयं सुरक्षित रहने के साथ अपने परिवार और समाज के लोगों को भी आपदा से बचाव के प्रति जागरूक कर सकते हैं। कार्यक्रम में शिक्षिका जूही कुमारी, विजय कुमार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# गोरियाधार में पुल की मांग को लेकर नदी में उतरे ग्रामीण, जमकर की नारेबाजी

## आजादी के बाद से आरसीसी पुल की मांग, दर्जनों गांवों के लोगों और स्कूली बच्चों की आवाजाही प्रभावित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



टेढ़ागाछ। प्रखंड क्षेत्र की चिल्हनियां पंचायत के वार्ड संख्या-1 स्थित बात्तर टोला खर्रा गांव के समीप गोरियाधार में आरसीसी पुल निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने नदी में उतरकर पुल निर्माण की मांग को लेकर नारेबाजी की और शासन-प्रशासन का ध्यान वर्षों पुरानी समस्या की ओर आकृष्ट कराया।

ग्रामीणों के अनुसार, आजादी के बाद से ही गोरियाधार में आरसीसी पुल निर्माण की मांग उठती रही है, लेकिन लंबे समय बाद भी इस दिशा में स्थायी पहल नहीं हो सकी है। पुल के अभाव में दर्जनों गांवों के लोगों को रोजाना आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद यह परेशानी और गंभीर हो जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि गोरियाधार में पुल नहीं होने के कारण स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है। आवश्यक कार्यों के लिए लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में नदी पार करना विशेष रूप से खतरनाक हो जाता है और किसी हादसे की आशंका बनी रहती है।

प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने प्रशासन से गोरियाधार स्थल का तत्काल निरीक्षण कर आरसीसी पुल निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई शुरू करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान अब महज आश्वासन से नहीं हो सकता। क्षेत्र की बड़ी आबादी की आवाजाही को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए पुल निर्माण जरूरी है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग पर शीघ्र पहल नहीं हुई तो वे आगे भी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# गलगलिया चेकपोस्ट पर कोयला लदे वाहनों की नियमित जांच, उल्लंघन पर चालान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

गलगलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चेकपोस्ट से पूर्व कोयला लदे वाहनों की लंबी कतार और ओवरलोड वाहनों के परिचालन को लेकर परिवहन विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। जिला परिवहन पदाधिकारी, किशनगंज की ओर से बताया गया कि चेकपोस्ट एवं संवेदनशील मार्गों पर वाहनों की नियमित जांच और प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है।

परिवहन विभाग के अनुसार संबंधित तिथि को परिवहन विभाग के प्रवर्तन निरीक्षक (EI) एवं प्रवर्तन उपनिरीक्षक (ESI) द्वारा कोयला लदे वाहनों की जांच की गई थी। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान एवं दंडात्मक कार्रवाई की गई।

विभाग ने स्पष्ट किया कि सड़क पर वाहनों की लंबी कतार दिखाई देने मात्र से कतार में खड़े सभी वाहनों को ओवरलोड मानना उचित नहीं है।



जांच के दौरान अधिकांश कोयला लदे वाहन निर्धारित वजन सीमा के भीतर पाए गए। हालांकि, वजन के अलावा वाहनों की अधिक ऊंचाई (Over-height), Lateral Projection, Alteration तथा आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की गई। इनसे संबंधित अनियमितता मिलने पर संबंधित वाहन के विरुद्ध नियमों के तहत कार्रवाई की गई।

बताया गया कि संबंधित वाहन मुख्य रूप से लकड़ी या कोयला (Charcoal) लेकर चलते हैं। चेकपोस्ट पर वाहनों के आवश्यक दस्तावेज, चालान और अन्य वैधानिक मानकों की जांच की जाती है। दस्तावेजों में कमी या अन्य मोटर वाहन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के तहत चालान किया जाता है। परिवहन विभाग के अनुसार जांच के दौरान वाहन चालकों से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा जाता है तथा कार्रवाई की स्थिति में नियमानुसार प्रिंटेड चालान भी उपलब्ध कराया जाता है। विभाग ने इस आरोप को उचित नहीं बताया कि वाहनों को बिना जांच अथवा कार्रवाई के चेकपोस्ट से आगे जाने दिया जा रहा था।

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि चेकपोस्ट पर EI एवं ESI द्वारा वाहनों की जांच पहले भी की जा चुकी थी। ऐसे में चेकपोस्ट से पहले वाहनों की लंबी कतार का कारण केवल ओवरलोडिंग मानना उचित नहीं होगा। जिन वाहनों में ओवरलोडिंग नहीं पाई गई, उनमें भी यदि ऊंचाई,Lateral Projection, Alterationअथवा दस्तावेज से संबंधित अनियमितता मिली, तो उसी उल्लंघन के आधार पर नियमानुसार चालान किया गया।

जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि ओवरलोडिंग समेत मोटर वाहन नियमों के अन्य उल्लंघनों के विरुद्ध नियमित रूप से जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई जारी है। भविष्य में भी गलगलिया चेकपोस्ट सहित संवेदनशील मार्गों पर जांच व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# काला-जार पर वार: घर-घर होगी मरीजों की तलाश

## 21 से 30 सितंबर तक चलेगा विशेष अभियान, 24 प्रभावित गांवों में 24,041 आबादी की होगी जांच

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

19 सितंबर। जिले में काला-जार की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के लिए 21 से 30 सितंबर तक विशेष घर-घर रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान चिह्नित 24 प्रभावित गांवों में आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान करेंगी और संदिग्ध पाए जाने पर उनकी जांच एवं उपचार के लिए स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंचाने में सहयोग करेंगी।

अभियान के तहत करीब 24,041 आबादी और 4,592 घरों में रोगी खोज की जाएगी। इसके लिए 24 आशा कार्यकर्ताओं को लगाया गया है, जबकि 18 आशा फैसिलिटेटर उनके कार्यों की निगरानी करेंगी। प्रत्येक आशा कार्यकर्ता प्रतिदिन कम से कम 50 घरों का सर्वे करेंगी और अधिकतम 250 घरों को कवर करेंगी।

**15 दिन से अधिक बुखार वालों पर विशेष नजर**

संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. मंजर आलम ने बताया कि अभियान को लेकर 19 सितंबर को आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इसमें संभावित मरीजों की पहचान, जांच और रेफरल की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

सर्वे के दौरान ऐसे लोगों की पहचान की जाएगी, जिन्हें 15 दिन या उससे अधिक समय से बुखार है और मलेरिया की दवा या एंटीबायोटिक लेने के बावजूद बुखार ठीक नहीं हुआ है। ऐसे संदिग्ध मरीजों की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर आरके-39 किट से जांच कराई जाएगी। पूर्व में काला-जार का उपचार करा चुके लोगों में दोबारा



बुखार या बीमारी से संबंधित लक्षण मिलने पर भी जांच की जाएगी। शरीर पर चकत्ता या दाग वाले लोगों को भी जांच के दायरे में रखा गया है।

**पॉजिटिव मरीजों के उपचार की होगी निगरानी**

अभियान के दौरान चिन्हित संदिग्ध मरीजों, जांच किए गए लोगों और पॉजिटिव मरीजों का रिकॉर्ड रखा जाएगा। पॉजिटिव मरीजों के उपचार और फॉलो-अप की भी निगरानी होगी। प्रखंड स्तर पर चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम, बीसीएम, बीडीएस एवं पीओसीडी तथा जिला स्तर पर संबंधित अधिकारी और काला-जार सलाहकार अभियान का पर्यवेक्षण करेंगे।

डॉ. मंजर आलम ने अभियान के दौरान माइक्रोप्लानिंग, परिवार रजिस्टर और रेफरल पर्ची का उपयोग सुनिश्चित करने के साथ प्रभावित गांवों में जागरूकता गतिविधियां चलाने का निर्देश दिया है।

**लंबे समय से बुखार हो तो कराएं जांच**

जिलाधिकारी नबीन कुमार ने कहा कि काला-जार के उन्मूलन के लिए संभावित मरीजों की समय पर पहचान और उपचार जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आशा कार्यकर्ताओं को सही जानकारी दें और लंबे समय से बुखार या काला-जार से संबंधित लक्षण होने पर जांच कराएं।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि 15 दिन या उससे अधिक समय तक बुखार रहने और सामान्य उपचार से राहत नहीं मिलने पर काला-जार की जांच करानी चाहिए। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य विभाग की टीम को सहयोग करने की अपील की।

# चौंनदी गांव में जन कल्याण बैठक, पुल निर्माण और नदी कटाव का मुद्दा उठा

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज प्रखंड अंतर्गत सिंघिया कुलामणि पंचायत के चौंनदी गांव में शनिवार को जन कल्याण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता किशनगंज प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कमरुल होदा ने की। इसमें किशनगंज सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद आजाद, किशनगंज विधायक कमरुल होदा, पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय लोग शामिल हुए।

बैठक के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने विशेष रूप से पुल निर्माण और नदी कटाव की गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए इसके स्थायी समाधान की मांग की। इस संबंध में ग्रामीणों की ओर से जनप्रतिनिधियों को मांग पत्र भी सौंपा गया।

ग्रामीणों ने कहा कि नदी कटाव के कारण आसपास के लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, पुल निर्माण नहीं होने से आवागमन भी प्रभावित होता है। ग्रामीणों ने दोनों समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक पहल करने की मांग की।

सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद आजाद एवं विधायक कमरुल होदा ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मुद्दों पर हरसंभव पहल का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि नदी कटाव से बचाव तथा पुल निर्माण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

बैठक में ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि जनप्रतिनिधियों की पहल से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई होगी।

# नबीनगर: पॉक्सो एक्ट कांड में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मंहगू मिस्त्री, पिता - देवचंद शर्मा, निवासी - रघुनाथगंज गांव, थाना - नबीनगर के रूप में हुई है।पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रघुनाथगंज गांव में छापेमारी कर उसे धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# नबीनगर में 150 बोतल देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना पुलिस ने शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है।थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव के समीप से पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी के दौरान 150 बोतल झारखंड निर्मित देसी टनाका शराब बरामद की है। मौके से एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार तस्कर की पहचान बुधन कुमार, निवासी - गिरधर बीघा, थाना - टंडवा के रूप में हुई है।यह कार्रवाई एसआई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# पटना के पालीगंज में घटिया सड़क निर्माण से भड़के ग्रामीण

## एसएच-69 पर आगजनी कर किया जोरदार प्रदर्शन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत बनाई जा रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। शिवपुर टोला से फतेहपुर होते हुए मखमिलपुर गांव तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने एसएच-69 पर आगजनी की और जमकर प्रदर्शन किया। इसके चलते सड़क पूरी तरह जाम हो गई और आवागमन बाधित रहा।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सड़क के मसाले में सीमेंट की मात्रा बेहद कम रखी गई है और मिश्रण में राख (फ्लैश) तक मिलाई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, बिना सही तरीके से सामग्री मिलाए सड़क पर बिछा दी गई, जिससे निर्माण पूरा होने से पहले ही ऊपरी सतह पर बालू साफ दिखाई दे रही है। घटिया सामग्री के प्रयोग के कारण सड़क के टिकाऊपन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

मिली जानकारी के अनुसार, एसएच-69 से मखमिलपुर तक इस सड़क




के निर्माण की कुल स्वीकृत लागत 1 करोड़ 85 लाख 94 हजार 776 रुपये है। मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के अंतर्गत इस योजना का कार्य 17 सितंबर 2025 को शुरू हुआ था और इसे 16 सितंबर 2026 तक पूरा किया जाना था। इस निर्माण कार्य की जिम्मेदारी 'एसएस इंटरप्राइजेज' को सौंपी गई है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि तय समय सीमा समाप्त होने के बावजूद न केवल काम अधूरा है, बल्कि भारी भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ गया है।

सड़क जाम की सूचना मिलते ही पालीगंज थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर और उच्च स्तरीय जांच का आश्वासन देकर किसी तरह जाम हटवाया, जिसके बाद एसएच-69 पर यातायात सामान्य हो सका।

ग्रामीणों ने मांग की है कि संवेदक (ठेकेदार) के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराकर मानक के अनुरूप दोबारा सड़क बनाई जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# औरंगाबाद में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 18 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)औरंगाबाद में पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में बड़े पैमाने पर थानाध्यक्षों का तबादला किया है। जारी आदेश के अनुसार कुल 18 पुलिस पदाधिकारियों का नया पदस्थापन किया गया है। वहीं नबीनगर प्रखंड के माली थानाध्यक्ष पु.अ.नि. दीपक कुमार राय को थानाध्यक्ष, जम्होर



बनाया गया है जबकि पु.अ.नि. संजीत राम को थानाध्यक्ष रिसियप से थानाध्यक्ष, माली पदस्थापित किया गया है। पु.अ.नि. अमरजीत कुमार को थानाध्यक्ष बड़ेम से थानाध्यक्ष, फेसर बनाया गया है जबकि पु.अ.नि. वर्षा कुमारी को थानाध्यक्ष फेसर से थानाध्यक्ष, बड़ेम पदस्थापित किया गया है। वहीं पु.अ.नि. रुपेश कुमार को टण्डवा थाना अनुसंधान से थानाध्यक्ष, कासमा की जिम्मेवारी दी गई है।जबकि पु.अ.नि. अभिषेक कुमार थानाध्यक्ष सिमरा से टण्डवा थाना अनुसंधान में पदस्थापित किया गया है ।सभी पुलिस पदाधिकारियों को 24 घंटे के अंदर नए पदस्थापन स्थल पर योगदान करने का आदेशित है

# पटना के खगौल में 593 ग्राम स्मैक और 3 लाख नकद के साथ तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के खगौल थाना क्षेत्र में पुलिस ने शनिवार को मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 593 ग्राम स्मैक, 3 लाख रुपये नकद और एक ऑटो जब्त किया है। पुलिस गश्ती दल को सूचना मिली थी कि एलिवेटेड सड़क के पिलर संख्या-18 के पास कुछ लोग अवैध नशे की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र निवासी मुख्य तस्कर सतेंद्र यादव को दबोच लिया। वह ट्रेन से दानापुर स्टेशन उतरकर स्मैक की खेप डिलीवर करने पहुंचा था। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल पर पटना के मंदिरी इलाके से दो नाबालिग एक ऑटो लेकर 3 लाख रुपये नकद के साथ स्मैक खरीदने पहुंचे थे। पुलिस ने दोनों नाबालिगों को भी अपनी हिरासत में ले लिया है। इनमें से एक नाबालिग पहले भी बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र से जेल जा चुका है और हाल ही में छूटकर आया था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कम उम्र के बच्चों में सूखा नशा (स्मैक/ड्रग्स) लेने की लत तेजी से बढ़ रही है, जिसके कारण इलाके में चोरी और आपराधिक घटनाओं में इजाफा हुआ है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि इस पर समय रहते लगाम नहीं लगाई गई, तो यह सामाजिक ताने-बाने को पूरी तरह खोखला कर देगा। खगौल थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर और निरुद्ध किए गए नाबालिगों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। पुलिस इस अवैध कारोबार के पूरे नेटवर्क और इसके अन्य सरगनाओं का पता लगाने के लिए हर बिंदु पर गंभीरता से जांच कर रही है।

# MMDR संशोधन अधिनियम के विरोध में कुकड़ू में JMM का प्रदर्शन, प्रखंड मुख्यालय पर जुटे कार्यकर्ता



**समाज जागरण, संवाददाता**

चांडिल : खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2026 (MMDR) के विरोध में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत कुकड़ू प्रखंड मुख्यालय पर पार्टी कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार की खनिज संबंधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए संशोधन अधिनियम को वापस लेने की मांग की।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने कहा कि खनिज संपदा झारखंड की अर्थव्यवस्था और स्थानीय लोगों के जीवन से सीधे जुड़ी हुई है। ऐसे में खनन एवं खनिज से संबंधित कानूनों में किए जा रहे बदलावों का राज्य के हित में व्यापक स्तर पर विचार किया जाना चाहिए। पार्टी नेताओं ने कहा कि झारखंड की खनिज संपदा पर राज्य के हित और स्थानीय लोगों के अधिकारों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत आयोजित इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी भी की। नेताओं ने कहा कि पार्टी खनिज संपदा, स्थानीय अधिकारों और झारखंड के हित से जुड़े मुद्दों को लेकर आगे भी आंदोलन जारी रखेगी।

कार्यक्रम में JMM जिला सचिव बैद्यनाथ टुडू, जिला उपाध्यक्ष धरमु गोप, जिला सदस्य निरंजन महतो, जिला सदस्य इंद्रजीत महतो, जिला महिला मोर्चा सह सचिव प्रतिमा बाला सिंह पातर, प्रखंड अध्यक्ष कीर्तिबास महतो, प्रखंड सचिव युधिष्ठिर माझी, युवा प्रखंड अध्यक्ष सूर्यकांत महतो, युवा नेता रशीद अंसारी, धीरज महतो, अरुण महतो सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पार्टी नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खनिज एवं खनन से जुड़े कानूनों में किए जा रहे बदलावों को लेकर झारखंड में पार्टी कार्यकताओं और आम लोगों के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की प्राकृतिक संपदा का लाभ राज्य और यहां के लोगों को मिलना चाहिए।

# कुकड़ू में गणेश पूजा महोत्सव की धूम, मिलन पोद्दार नाइट में उमड़ी भीड़



**समाज जागरण**

चांडिल। कुकड़ू हाट मैदान में श्री श्री सार्वजनिक गणेश पूजा समिति सोलोआना, कुकड़ू की ओर से आयोजित गणेश पूजा महोत्सव के तहत शनिवार को मिलन पोद्दार नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर कुकड़ू सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

मिलन पोद्दार नाइट में अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह नारायण प्राइवेट आईटीआई के संस्थापक डॉ. जटाशंकर पांडेय, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव उर्फ माझी साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनारी प्रशांत पोद्दार एवं भाजपा जिला मंत्री आकाश महतो सहित अन्य अतिथि पहुंचे। आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया।

गणेश पूजा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं और लोगों के मनोरंजन के लिए मीना बाजार तथा विभिन्न प्रकार के आकर्षक झूले लगाए गए हैं, जो मेले में आने वाले लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक झूलों और मीना बाजार का आनंद लेते नजर आ रहे हैं। शाम होते ही मेला परिसर में लोगों की भीड़ बढ़ रही है।

समिति की ओर से बताया गया कि इस वर्ष 14 सितंबर से शुरू हुआ कार्यक्रमों का सिलसिला 22 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को आयोजित मिलन पोद्दार नाइट में कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं एवं दर्शकों की सुविधा को लेकर समिति द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। आगामी दिनों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 22 सितंबर को कार्यक्रमों का समापन होगा, जबकि 23 सितंबर को गणेश प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों से गणेश पूजा महोत्सव में शामिल होकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मेले का आनंद लेने तथा आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

# मिथिला संकीर्तन मंडली की शिव भजन संध्या का हुआ आयोजन

**अभय कुमार मिश्रा,समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 19 सितंबर 2026 : मिथिला संकीर्तन मंडली आदित्यपुर कॉलोनी के द्वारा 19 सितंबर को शाम 6.30 बजे से आदित्यपुर कॉलोनी के मार्ग संख्या 0708 स्थित वीर कुँअर सिंह मैदान में शिव भजन संध्या का कार्यक्रम भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ अशोक झा प्रेमी गुरु वंदना के साथ किए. तत्पश्चात बीरेन्द्र उपाध्याय, मनीषा भाष्कर जो कि छोटा गोविन्दपुर से आकर अपना प्रस्तुति दिए, प्रीसा झा,आदित्यपुर के संगीत के शिक्षक वीरेंद्र उपाध्याय वैरागी गायन सहित अन्य कलाकारों के द्वारा शिव भजन प्रस्तुत किया गया. उक्त जानकारी मंडली के अध्यक्ष रंजीत नारायण मिश्रा ने दी. श्री मिश्रा ने बताया कि मिथिला समाज, आदित्यपुर के सैकड़ों बम हर वर्ष अनन्त चतुर्दशी के दिन सरदार बम, अजय ठाकुर के सान्निध्य में बोल बम के लिए प्रस्थान करते हैं.इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री और उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास,झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन,नकुल झा,अमर बाउरी,नगर निगम के उपमहापौर अंकुर सिंह,वार्ड नंबर 29 के वार्ड पार्षद अर्चना सिंह उपस्थित रहे।




# जमशेदपुर पुलिस में बड़ा फेरबदल, 26 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला

## आजादनगर, सोनारी, गोलमुरी, मानगो, परसुडीह समेत कई थानों के प्रभारी बदले; साइबर अपराध और यातायात शाखा में भी नई जिम्मेदारी

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम जिला पुलिस में विधि-व्यवस्था को मजबूत करने, अपराध नियंत्रण, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बड़ा फेरबदल किया गया है। जिला आदेश संख्या 1559/2026 के तहत जिले के 26 पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण एवं नया पदस्थापन किया गया है। सभी स्थानांतरित पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नए पदस्थापन वाले थाना अथवा पुलिस प्रतिष्ठान में योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

पुलिस प्रशासन की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, पुलिस उप-महानिरीक्षक, सिंहभूम (कोल्हान) क्षेत्र, चाईबासा की अनुमति प्राप्त होने के बाद यह स्थानांतरण किया गया है। आदेश में थाना प्रभारियों के पूर्व स्थानांतरण से संबंधित पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों का भी उल्लेख किया गया है।

### आजादनगर से लेकर गोलमुरी तक बदले थाना प्रभारी

फेरबदल के तहत आजादनगर थाना प्रभारी पुअनि चन्दन कुमार को पुलिस केन्द्र गोलमुरी भेजा गया है। उनके स्थान पर साइबर अपराध थाना में पदस्थ पुअनि राजन कुमार को आजादनगर थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

इसी क्रम में सोनारी थाना प्रभारी पुअनि मधुसूदन दे को साइबर अपराध थाना भेजा गया है, जबकि गोलमुरी थाना प्रभारी पुअनि संजय सुमन को सोनारी थाना प्रभारी बनाया गया है। पुअनि प्रशांत कुमार सिंह को गोलमुरी थाना प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

घाटशिला थाना प्रभारी पुअनि राजेन्द्र कुमार मुंडा का स्थानांतरण कर उन्हें परसुडीह थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं साइबर अपराध थाना में पदस्थ पुअनि भूषण कुमार को घाटशिला थाना प्रभारी बनाया गया है। परसुडीह थाना में पदस्थ पुअनि अविनाश कुमार को साइबर अपराध थाना भेजा गया है।

### यातायात और मानगो में भी बदलाव

यातायात थाना, साकची के प्रभारी पुअनि शंकर कुमार को पुलिस केन्द्र गोलमुरी भेजा गया है। उनके स्थान पर मानगो थाना प्रभारी पुअनि नित्यानंद प्रसाद को यातायात थाना, साकची का प्रभारी बनाया गया है।




घाटशिला अंचल के अंचल निरीक्षक पुअनि बिरेन्द्र कुमार को मानगो थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पुलिस केन्द्र गोलमुरी में पदस्थ पुअनि अजय कुमार को घाटशिला अंचल का अंचल निरीक्षक बनाया गया है।

### ग्रामीण थानों में भी व्यापक बदलाव

बहरागोड़ा थाना प्रभारी पुअनि शंकर प्रसाद कुशवाहा को गोलमुरी थाना भेजा गया है, जबकि गोलमुरी थाना में पदस्थ पुअनि रवि होनहागा को बहरागोड़ा थाना प्रभारी बनाया गया है।

बरसोल थाना प्रभारी पुअनि अभिषेक कुमार-1 को परसुडीह थाना भेजा गया है। वहीं बिष्टुपुर थाना में पदस्थ पुअनि कुमार इन्द्रेश को बरसोल थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। श्यामसुंदरपुर थाना प्रभारी पुअनि सुनील कुमार भोक्ता को गोलमुरी थाना भेजा गया है। उनके स्थान पर परसुडीह थाना में पदस्थ पुअनि पवन कुमार-1 को श्यामसुंदरपुर थाना प्रभारी बनाया गया है।

कमलपुर थाना प्रभारी पुअनि अशोक कुमार-2 को पुलिस केन्द्र गोलमुरी भेजा गया है। वहीं कदमा थाना में पदस्थ पुअनि धनंजय पासवान को कमलपुर थाना प्रभारी बनाया गया है।

### कदमा, मुसाबनी और डुमरिया में भी नई जिम्मेदारी

कोवाली थाना प्रभारी पुअनि मुकेश कुमार साव को साकची थाना भेजा गया है, जबकि साकची थाना में पदस्थ पुअनि अमित कुमार चौधरी को कोवाली थाना प्रभारी बनाया गया है।

मुसाबनी थाना प्रभारी पुअनि अनुज कुमार सिंह को परसुडीह थाना भेजा गया है। वहीं परसुडीह थाना में पदस्थ पुअनि करमपाल भगत को मुसाबनी थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। डुमरिया थाना प्रभारी पुअनि पंचम तिरगा को कदमा थाना भेजा गया है, जबकि मानगो थाना में पदस्थ पुअनि अमित कुमार-3 को डुमरिया थाना प्रभारी बनाया गया है।

### अविलंब योगदान का निर्देश

जिला पुलिस प्रशासन ने सभी स्थानांतरित पदाधिकारियों को अपने नए पदस्थापन वाले थाना या पुलिस प्रतिष्ठान में अविलंब योगदान देकर प्रभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है। इस व्यापक फेरबदल के बाद जमशेदपुर के शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों के कई महत्वपूर्ण थानों की कमान नए पुलिस पदाधिकारियों के हाथों में होगी। माना जा रहा है कि नई पदस्थापना के साथ संबंधित थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था और पुलिसिंग की जिम्मेदारियों को नए सिरे से व्यवस्थित किया जाएगा।

# पटना के नौबतपुर में अवैध हथियारों के जखीरे के साथ शातिर गिरफ्तार, इलाके में हड़कंप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र के गोनवां गांव में पुलिस ने अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर गोनवां ओपी पुलिस ने देर रात छापेमारी कर एक शातिर युवक को भारी मात्रा में अवैध हथियारों और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इस बड़ी कार्रवाई से इलाके के असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है।

फुलवारी शरीफ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (SDPO-2) उमेश्वर चौधरी ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को बीती रात गोनवां गांव निवासी अंकु कुमार (पिताः विजेंद्र राय) के घर में अवैध हथियारों की बड़ी खेप छिपाकर रखे जाने की पुख्ता सूचना मिली थी। आरोपी किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने या हथियारों की सप्लाई की फिराक में था। संवेदनशीलता को देखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया, जिसमें नौबतपुर थानाध्यक्ष और चुनिंदा पुलिस बल शामिल रहे। योजनाबद्ध तरीके से पुलिस टीम ने अंकु कुमार के ठिकाने की घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। घर की सघन तलाशी के दौरान पुलिस ने वहां छिपाकर रखे गए हथियारों का जखीरा बरामद किया। पुलिस ने मौके से 01 देशी कट्टा, 02 देशी राइफल व 08 जिंदा कारतूस बरामद किए। बरामद किए गए ये हथियार बेहद घातक हैं, जिनका इस्तेमाल किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने के लिए किया जाना था।


पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी अंकु कुमार के खिलाफ नौबतपुर थाना में कांड संख्या 699/26 के तहत आर्म्स एक्ट की विभिन्न गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

गोनवां ओपी थानाध्यक्ष मंजीत यादव ने बताया कि आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह इतने हथियार कहां से लाया था और इन्हें किसे सप्लाई करने वाला था। इस तस्करी से जुड़े अन्य अपराधियों को बेनकाब करने के लिए पुलिस बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज खंगाल रही है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# पटना के बिहटा की वन देवी मंदिर पहुंचीं फिल्म निमार्ता एकता कपूर

## फिल्म विवान की सफलता के लिए की पूजा-अर्चना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बिहटा प्रखंड के अमहरा स्थित प्रसिद्ध एवं अति प्राचीन वन देवी महाधाम में शनिवार को जानी-मानी फिल्म निमार्ता-निर्देशक एकता कपूर ने पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने माता के चरणों में शीश नवाकर अपनी आगामी फिल्म ह्यविवानह्न कीर सफलता के लिए विशेष आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उनके साथ फिल्म के सूत्रधार (नैरेटर) दीपक मिश्रा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। फिल्म ह्यविवानह्न बिहार की पावन धरती से जुड़ी गहरी आस्था, संस्कृति, प्रकृति, माता की महिमा और लोक आस्था के महापर्व छठ की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म की पटकथा में बिहार की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को बहुत ही प्रमुखता से दशार्या गया है, जिसे लेकर सिनेमा प्रेमियों और स्थानीय लोगों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में दक्षिण भारत की चर्चित और लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया तथा अभिनेता सिद्धार्थ मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म आगामी 25 सितंबर 2026 को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी इस बड़ी फिल्म की रिलीज से ठीक पहले एकता कपूर ने ऐतिहासिक वन देवी महाधाम पहुंचकर मां का आशीर्वाद लिया।

प्रसिद्ध फिल्मकार के वन देवी मंदिर पहुंचने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भारी उत्सुकता देखने को मिली। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना करने के बाद एकता कपूर ने कुछ समय वहां बिताया और मंदिर की भव्यता की सराहना की। बुद्धिजीवियों और स्थानीय लोगों का मानना है कि फिल्म ह्यविवानह्न के माध्यम से जब बिहार की संस्कृति, आस्था और लोक पर्व छठ को बड़े पर्दे पर प्रसारित किया जाएगा, तो इससे राज्य की सांस्कृतिक पहचान राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर और अधिक मजबूत होगी।

# बाढ़ के अथमलगोला में आठ दिनों से लापता युवक का कोई पता नही

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के अथमलगोला थाना क्षेत्र से पिछले 8 दिनों से लापता युवक अमन कुमार का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अमन के अचानक गायब होने और पुलिस की धीमी कार्रवाई से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने सूर्यपुरा गांव के समीप मोकामा-बख्तियारपुर फोरलेन को जाम कर जोरदार हंगामा किया। सड़क जाम कर रहे लोग स्थानीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग कर रहे हैं। हालांकि मौके पर पुलिस पहुंच चुकी है, लेकिन ग्रामीणों का आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए एक नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार, अमन पटना के महेंद्रू स्थित एक ट्रेनिंग कॉलेज में काम करता था और पिछले 15 दिनों से घर पर ही था। इसी दौरान उसके चचेरे भाई ने फोन कर उसे पार्टी के बहाने पटना बुलाया। अमन घर से किसी जरूरी काम की बात कहकर अपने दोस्त ऋषभ के साथ ट्रेन से पटना के लिए निकला था। पटना पहुंचने पर कुछ लोगों ने अमन और ऋषभ को एक सफेद स्कॉर्पियो में बैठाया और फतुहा की ओर ले गए। आरोप है कि रास्ते में ऋषभ के साथ मारपीट की गई और फतुहा स्थित 'छपाक वाटर पार्क' के पास उसे गाड़ी से उतार दिया गया, जबकि अमन को लेकर आरोपी आगे निकल गए। घटना के एक दिन बाद घर लौटे ऋषभ ने परिजनों को पूरी आपबीती सुनाई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने अथमलगोला थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में इस्तेमाल की गई सफेद रंग की स्कॉर्पियो को बरामद कर लिया है तथा एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

लगातार 8 दिनों से अमन का कोई पता नहीं चलने के कारण परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं और पुलिस से जल्द से जल्द अमन को सुरक्षित ढूंढकर घर वापस लाने की गुहार लगा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर मामले की गुत्थी जल्द सुलझा ली जाएगी।

# एमएमडीआर बिल के खिलाफ पोटका में झामुमो का जोरदार प्रदर्शन, हजारों लोग सड़क पर उतरे

## विधायक संजीव सरदार के नेतृत्व में पोटका में जनसभा, जमशेदपुर और डुमरिया प्रखंड मुख्यालय में भी प्रदर्शन; केंद्र सरकार पर झारखंड के खनिज अधिकार सीमित करने का आरोप

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

पोटका जमशेदपुर खान एवं खनिज (विकास और रेगुलेशन) संशोधन बिल, 2026 के विरोध में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पोटका विधानसभा क्षेत्र में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। पोटका, जमशेदपुर और डुमरिया प्रखंड मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। झामुमो की ओर से पोटका में करीब पांच हजार लोगों के शामिल होने का दावा किया गया। प्रदर्शन के बाद संबंधित प्रखंडों में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर बिल के प्रावधानों पर विरोध दर्ज कराया गया।

एमएमडीआर संशोधन बिल, 2026 को 10 अगस्त 2026 को लोकसभा में पेश किया गया था और लोकसभा तथा राज्यसभा से अगस्त में पारित होने के बाद यह खनिज-अधिकार और खनिजयुक्त भूमि पर राज्यों की कर लगाने की शक्तियों को लेकर चर्चा का विषय बना। बिल में केंद्र सरकार को खनिजयुक्त भूमि के नियमन से संबंधित अतिरिक्त अधिकार देने तथा राज्यों द्वारा खनिज अधिकारों और खनिजयुक्त भूमि पर कुछ कर, सेस या अन्य लेवी लगाने पर केंद्र द्वारा निर्धारित शर्तें लागू करने का प्रावधान है।

### पोटका में विधायक संजीव सरदार ने किया नेतृत्व

झामुमो पोटका प्रखंड कमेटी की ओर से आयोजित धरना-प्रदर्शन में विधायक संजीव सरदार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि झारखंड की खनिज संपदा और उससे जुड़े अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य की जनता को लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करनी होगी।

विधायक ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनावों में भाजपा झामुमो और हेमंत सोरेन के नेतृत्व को चुनौती देने में सफल नहीं हो सकी, इसलिए अब केंद्र की नीतियों के माध्यम से झारखंड के खनिज संसाधनों पर अधिकार बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इसे केंद्र और राज्य के अधिकारों से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बताया।

### खनिज संपदा झारखंड की, अधिकार भी झारखंड का होना चाहिए

संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड की धरती के नीचे मौजूद खनिज यहां की प्राकृतिक संपदा है और इससे होने वाले राजस्व का लाभ राज्य के विकास तथा आम लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन और खनिज से जुड़े अधिकारों की रक्षा के लिए झामुमो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखेगा।

उन्होंने झारखंड आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस तरह राज्य निर्माण के आंदोलन में आम लोगों ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष किया था, उसी तरह मौजूदा परिस्थितियों में भी जनता को अपने अधिकारों के सवाल पर एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से एमएमडीआर बिल के खिलाफ लोकतांत्रिक आंदोलन में भाग लेने की अपील की।



### जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर भी केंद्र पर निशाना

विधायक संजीव सरदार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों का असर राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं पर पड़ सकता है। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना, पेंशन योजना और अबुआ आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की योजनाओं को कमजोर करने के प्रयासों का विरोध किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता के सहयोग से आंदोलन को सड़क से सदन तक ले जाया जाएगा। उनके अनुसार, प्रदर्शन में जुटी भीड़ इस बात का संकेत है कि राज्य के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर लोग अपनी आवाज उठाने के लिए तैयार हैं।

### तीनों प्रखंडों में एक साथ प्रदर्शन

झामुमो के अनुसार, पोटका विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंड मुख्यालयों में एक साथ विरोध कार्यक्रम आयोजित किया गया। पोटका में करीब पांच हजार लोगों के शामिल होने का दावा किया गया, जबकि जमशेदपुर और डुमरिया प्रखंड मुख्यालय में भी बड़ी संख्या में ग्रामीण और पार्टी कार्यकर्ता पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने एमएमडीआर बिल के खिलाफ नारे लगाए और केंद्र सरकार से इसके प्रावधानों पर पुनर्विचार की मांग की। इसके बाद अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर पार्टी की आपत्तियां दर्ज कराई गईं।

### 34 पंचायतों से पहुंचे कार्यकर्ता

पोटका के कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों से कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। झामुमो के अनुसार, पोटका प्रखंड की सभी 34 पंचायतों से प्रतिनिधि और कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक मोहन कर्मकार, वरिष्ठ नेता राजू गिरि, झारखंड आंदोलनकारी सुनील महतो, बबलू चौधरी, पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, हीरामनी मुर्मू, रजनी षांडगी, भुगलु टुडू, कार्तिक मुर्मू, बाघराय सोरेन, दुखु मार्डी, सुधीर सोरेन, भुवनेश्वर सरदार, हितेश भगत, चक्रधर महतो, मो. जमाल, भूपति महतो, बनमाली महतो, बीरेन पात्र, दीपक भगत समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

### संगठनात्मक एकजुटता का किया प्रदर्शन

एक ही दिन पोटका विधानसभा क्षेत्र के तीन प्रखंड मुख्यालयों में विरोध प्रदर्शन के जरिए झामुमो ने अपनी संगठनात्मक सक्रियता प्रदर्शित की। पोटका में विधायक संजीव सरदार ने कार्यकताओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आंदोलन को गांव-गांव तक ले जाने का आह्वान किया।

एमएमडीआर बिल को लेकर केंद्र सरकार का तर्क है कि राज्यों द्वारा अलग-अलग कर, सेस और अन्य लेवी लगाए जाने से खनन लागत और अनिश्चितता बढ़ सकती है। वहीं इस विधेयक पर ढफ्र छ्रीं२ॅ३५ी फीर्रीं१ॅ ने राज्यों की खनिज अधिकारों और खनिजयुक्त भूमि पर कर लगाने की शक्तियों पर संभावित असर को विचारणीय मुद्दा बताया है। प्रदर्शन के दौरान झामुमो नेताओं ने स्पष्ट किया कि खनिज संपदा से जुड़े अधिकारों और राज्य के हितों के सवाल पर पार्टी अपना आंदोलन जारी रखेगी। पोटका में जुटी बड़ी भीड़ और तीनों प्रखंडों में एक साथ हुए कार्यक्रम को पार्टी ने अपने अभियान की आगे की रणनीति के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# पटना के मसौढ़ी में जमीन विवाद को लेकर मारपीट और छीनाझपटी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के भगवानगंज थाना क्षेत्र के रौनियां गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। जमीन के एक छोटे से टुकड़े को लेकर उपजे विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर तांडव मचाया और लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के मुताबिक, रौनियां गांव निवासी रामजीवन पासवान ने स्थानीय थाने में नामजद मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि जमीन विवाद को लेकर आरोपितों ने लामबंद होकर उनके घर पर धावा बोल दिया। इस दौरान आरोपियों ने घर के सदस्यों के साथ मारपीट की और खुलेआम जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित किया।

इस हिंसक हमले में रामजीवन पासवान और उनके पुत्र रवि कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आरोप यह भी है कि दबंगों ने मारपीट के दौरान घर की महिलाओं (पत्नी और बहू) के साथ अभद्रता की तथा उनके कानों की बालियां भी बलपूर्वक छीन लीं। जाते-जाते आरोपियों ने पीड़ित परिवार को पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की गंभीर धमकी भी दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामले में एससी-एसटी एक्ट समेत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। इसके बाद भगवानगंज थाना की पुलिस ने तुरंत छापेमारी अभियान चलाकर चार आरोपियों को धर दबोचा।

# मस्तिष्क को साफ रखें, दिल खुद ही साफ हो जाएगा- फादर पी० विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**गाजीपुर समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के हार्टमन इंटर कालेज हार्टमनपुर मे प्रार्थना सभा के उपरांत फादर पी विक्टर के द्वारा कक्षा 8 ब को प्रदत्त विषय व्यक्तिगत स्वच्छता पर कक्षा 8 ब के विद्यार्थियों द्वारा एक क्रियाकलाप प्रस्तुत किया गया। इस क्रियाकलाप में बताया गया कि हमें किस प्रकार से अपने शरीर,अपने आसपास स्वच्छता रखनी चाहिए।

छात्रों ने बताया कि 'स्वच्छ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है' इसलिए गांधी जी ने कहा था कि 'स्वच्छता स्वतंत्रता से भी अधिक महत्वपूर्ण है।इसलिए बच्चों ने स्वस्थ व स्वच्छ रहने के लिए लोगों को स्वच्छता की महत्ता के बारे में बताया। व्यक्तिगत स्वच्छता बच्चों को न केवल साफ रहने में मदद करती है वरन संक्रामक रोगों के प्रसार को रोक देती है।




अंत में प्रबंधक फादर पी० विक्टर ने बताया कि हम सभी को व्यक्तिगत स्वच्छता से जुड़ी आदतें जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में मददगार हो सकती है। फादर ने बताया की स्वच्छता को निम्न प्रकार से समझा जा सकता है। डायरिया व बुखार से बचाव के लिए अपने आस-पास सफाई जरूरी है, त्वचा रोग पेट, पेट रोग इत्यादि के लिए दांत की सफाई जरूरी, शुद्ध बोलने के लिए मुख की सफाई इत्यादि स्वच्छता को सिखाना जरूरी है। हमें कान की सफाई करने के लिए लकड़ी का प्रयोग नहीं करना चाहिए परंतु डॉक्टर को दिखा लेना चाहिए।

हर गांव, विद्यालय को स्वच्छ रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी होती है, इस जिम्मेदारी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए तथा स्वच्छ सांस लेने के लिए हमें वृक्षारोपण कर उसकी देखभाल करनी चाहिए, जिससे हर मनुष्य को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन मिल सके।

# मैरीज हॉस्पिटल में शुरू हुआ नया गहन चिकित्सा कक्ष

- 25 वर्ष पूरे होने पर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की पहल
- गंभीर मरीजों को मिलेगी अत्याधुनिक उपचार सुविधा

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**गाजीपुर समाज जागरण**





मैरीज हॉस्पिटल में गंभीर मरीजों को बेहतर और अत्याधुनिक उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नए गहन चिकित्सा कक्ष (आइसीयू) का गुरुवार को शुभारंभ किया गया। अस्पताल के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम बताया गया। आइसीयू की सुविधा शुरू होने से आसपास के मरीजों को गंभीर और जटिल उपचार के लिए बाहर जाने की जरूरत कम होगी।

समारोह की शुरूआत अस्पताल के निदेशक फादर जॉन पॉल के स्वागत संबोधन से हुई।उन्होंने अतिथियों और उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता जताई।इसके बाद वाराणसी धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष डॉ. यूजिन जोसेफ, ईनेक्स्ट आइसीयू, फोर्टिस गुरुग्राम के संस्थापक डॉ. संदीप दीवान, फोर्टिस के कार्यकारी सीईओ डॉ. मिलिंद, निदेशक फादर जॉन पॉल और फैसिलिटी निदेशक कमलेश ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।डॉ. मिलिंद ने कहा कि अस्पताल के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। ईनेक्स्ट फोर्टिस के सहयोग से आगे की योजनाओं पर कार्य किया जाएगा।इसका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को गंभीर बीमारी के उपचार के लिए अनावश्यक रूप से दूर जाने से बचाना है।अस्पताल 24 घंटे



गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।डॉ. संदीप दीवान ने कहा कि आइसीयू के माध्यम से गंभीर मरीजों के उपचार और देखभाल की सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में लगातार सुधार पर विशेष ध्यान रहेगा।मुख्य अतिथि डॉ. यूजिन जोसेफ ने कहा, हर जीवन की देखभाल हमारा संकल्प है। इस सुविधा को बेहतर ढंग से आगे बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा, ताकि गंभीर मरीजों को उपचार के लिए दूर न जाना पड़े। नए आइसीयू के लिए अतिथियों ने सामूहिक रूप से आशीर्वाद की प्रार्थना की। इसके बाद फीता काटकर गहन चिकित्सा कक्ष का विधिवत शुभारंभ किया गया।समारोह में फादर मैथ्यू, विकार जनरल, सिस्टर मेबल, एसआरए, सिस्टर वीना, एसएचएम, सिस्टर शीला, ओएलपी और सिस्टर एनी मैथ्यू, एफएसएम,फादर सुनील कोषाध्यक्ष, फादर प्रिंस आचार्य गुरूकुल, फादर थामस लकडा पल्ली पुरोहित लोहता, डा0 एस बी सिंह, फादर ब्रिटो चांसलर वाराणसी धर्म प्रान्त, सिस्टर माधवी प्रिंसिपल सेंट मेरिज नर्सिंग कालेज,सहित चिकित्सक, अस्पताल के कर्मचारी और अन्य गणमान्य समेत नर्सिंग कालेज की छात्र छात्राएं उपस्थित रही।अंत में फैसिलिटी निदेशक कमलेश ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# विमला देवी के त्रयोदशाह में उमड़े लोग

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**गाजीपुर समाज जागरण**

श्रीमती विमला देवी अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक पत्नी सहजानन्द सिंह यादव का निधन 4 सितम्बर शुक्रवार को हो गया था !शनिवार से लोगों के पिहुली पहुंचने का क्रम शुरू हो गया !श्रीमती विमला देवी सपा नेता एवं ग्राम प्रधान पिहुली, ब्लाक अध्यक्ष प्रधान संघ बाराचंवर बेद प्रकाश यादव की माता जी के निधन का समाचार मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड गई।





स्व०विमला देवी त्रयोदशाह के अवसर पर भाजपा नेता एवं सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर के प्रबंध निदेशक डाक्टर सानंद सिंह, पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी,पूर्व मंत्री सैय्यदा शादाब फातिमा, जंगीपुर विधायक विरेन्द्र यादव, पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा,कमलेश प्रताप सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कौशल सिंह, विवेक सौरभ, कृष्णानंद राय,पं श्याम राज तिवारी, सम्पूणानंद उपाध्याय, वरिष्ठ सपा नेता हैदर अली खान टाईगर, विश्राम यादव, कृष्णानंद यादव, सत्येन्द्र यादव प्रतिनिधि सदस्य जिला पंचायत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सदरे आलम, गोपाल राय संरक्षक मां कष्टहरणी मंदिर समिति करीमुद्दीनपुर,सपा जहूराबाद विधान सभा अध्यक्ष जयहिन्द यादव,राजेश यादव,राधेश्याम यादव,मुरली सिंह,श्री प्रकाश राय, जनार्दन राय,डा०जय सिंह पप्पू,मिथिलेश यादव, घनश्याम यादव, रामधारी यादव पूर्व चेयरमैन जिला सहकारी बैंक,प्रसून सिंह, हिमांशु राय पूर्व प्रधान, देवेन्द्र सिंह देवा,पूर्व सपा प्रत्याशी जहूराबाद महेन्द्र चौहान, ब्लाक प्रमुख सोहांव वंशीधर यादव, रंजीत कुमार, फिरोज, पिंटू सिंह, भाजपा नेता प्रियांशु सिंह, यशवंत सिंह वरिष्ठ पत्रकार, सुभाष सिंह,विक्की तिवारी, दिनेश राय गुड्डू समेत हजारों की संख्या में लोगो ने पिहुली पहुंच कर स्व ० विमला यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भोज में शामिल हुए।

# विश्वकर्मा पूजन पर सत्यवंती नेचर्स फ्लो फैक्ट्री में विधि-विधान से हुआ पूजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**गाजीपुर समाज जागरण**

गाजीपुर विश्वकर्मा पूजनोत्सव के अवसर पर हरदासपुर स्थित सत्यवंती बेवरेज, नेचर्स फ्लो पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर फैक्ट्री में शुक्रवार को विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के पत्रकारों, गणमान्य नागरिकों एवं क्षेत्रवासियों ने कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया और एक-दूसरे को जयंती की शुभकामनाएं दीं।





कार्यक्रम में मुहम्मदाबाद के क्षेत्राधिकारी सुधाकर पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने फैक्ट्री परिसर का भ्रमण कर उत्पादन इकाई, मशीनों एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान फैक्ट्री प्रबंधन ने उन्हें प्लांट की कार्यप्रणाली तथा पेयजल तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

क्षेत्राधिकारी सुधाकर पांडेय ने विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सराहना की। उन्होंने फैक्ट्री की विभिन्न इकाइयों का जायजा लिया और उपस्थित लोगों से बातचीत भी की।

फैक्ट्री प्रबंधन के अनुसार, सत्यवंती नेचर्स फ्लो पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर को 7-स्टेज फिल्ट्रेशन प्रक्रिया से तैयार किया जाता है। प्रबंधन के मुताबिक पानी शादी, पार्टी, दुकान, कार्यालय सहित विभिन्न अवसरों के लिए उपलब्ध है। विश्वकर्मा पूजन के उपलक्ष्य में चौबीस घंटे का संकीर्तन का आयोजन किया गया था। समापन के उपरांत हवन पूजन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। पूजन में पूर्व प्रधानाचार्य सत्यदेव राय, श्रीमती दयावंती राय एवं सुनील राय ने भाग लिया। पूजन का कार्य झुन्ना पाण्डेय के द्वारा सम्पन्न कराया गया।

इस अवसर पर आयोजित भोज में हर्ष राय निदेशक डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर, प्रमुख उद्यमी अखिलेश राय, दिनेश राय गुड्डू प्रोपराइटर बिनायक प्रोडक्ट,उमाशंकर राय, सुनील कुमार राय,जयानंद राय (शेरपुर प्रधान प्रतिनिधि) सहित पत्रकार बंधु एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और क्षेत्रवासी शामिल रहे।

# पाठकपुर में एक महीने से जियो टावर खराब इंटरनेट और कॉलिंग व्यवस्था ठप ग्रामीण परेशान

**समाज जागरण**

गुन्नौर ब्लॉक के गांव पाठकपुर में पिछले एक महीने से जियो टावर खराब होने के कारण इंटरनेट और कॉलिंग व्यवस्था प्रभावित है। नेटवर्क की समस्या के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगातार नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। जिससे मोबाइल पर बातचीत करने के साथ-साथ इंटरनेट चलाने में भी दिक्कत होती है।ग्रामीणों ने संबंधित कंपनी के अधिकारियों से जल्द ही जियो टावर को सही कराने और नेटवर्क व्यवस्था सुचारु कराने की मांग की है। ग्रामीण दिलीप यादव, वीरनाम सिंह, सेवाराम, बलवीर सिंह, अजयपाल सागर, सोनपाल, हर्ष यादव, राधेश्याम, अमरीश जसवंत, रामपत, आदि ने जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की है।इंजीनियर रवि कुमार ने बताया कि जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# देवप्रयाग के मेधावी छात्रों ने किया गोमती बुक फेस्टिवल का भ्रमण, मिली एग्जाम वॉरियर्स पुस्तक

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अधिकारियों ने कराया शैक्षिक भ्रमण
- भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण के तहत लखनऊ पहुंचे उत्तराखंड के मेधावी विद्यार्थी

**समाज जागरण**

लखनऊ, 19 सितंबर। भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तराखंड के देवप्रयाग से लखनऊ आए मेधावी विद्यार्थियों ने शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित गोमती बुक फेस्टिवल का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' भेंट की गई।

पुस्तक मेले में छात्रों ने विभिन्न पुस्तकों और साहित्यिक गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इससे पहले इन मेधावी विद्यार्थियों ने सीएम आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों से परिचय प्राप्त कर उनका लखनऊ में स्वागत किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि उत्तराखंड से आए इन विद्यार्थियों को गोमती बुक फेस्टिवल का भ्रमण कराया जाए और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' उपलब्ध कराई जाए। इसी क्रम में अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पुस्तक मेले का भ्रमण कराया और सभी बच्चों को यह पुस्तक भेंट की।

# नन्हे हाथों ने मिट्टी से गढ़े इको फ्रेंडली गणेश, पोस्टरों में दिखाया हुनर

**समाज जागरण**

बबराला। सीताराम स्मारक पब्लिक स्कूल में गणेश चतुर्थी के अवसर पर शनिवार को छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा और धार्मिक आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने हाथों से मिट्टी से



इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं। इसके साथ ही रंगों के माध्यम से आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

स्कूल परिसर में बच्चों द्वारा तैयार गणेश प्रतिमाओं और पोस्टरों की प्रदर्शनी लगाई गई। शिक्षकों ने बच्चों की कलाकृतियों की सराहना करते हुए मिट्टी की प्रतिमाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी बताया। प्रदर्शनी के बाद बच्चों ने अपने हाथों से बनाई गणेश प्रतिमाओं को खुशी के साथ अपने घर ले गए। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं और विद्यालय स्टाफ ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और सभी के कल्याण की कामना की। इस दौरान सामूहिक सुंदरकांड पाठ भी किया गया। धार्मिक आयोजन के साथ बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर शर्मा के अलावा रेखा दीक्षित, जागेश्वर दयाल, अरुण मिश्रा, पल्लवी गौड़, रति गुप्ता, रागिनी मोहन वार्ष्णेय, जेबा, निशा, मनीषा, अंजू राघव, पूजा शर्मा, रिंकी, राखी, तन्नू, महक, आस्था, सोनी शर्मा, प्रतिमा गुप्ता और ज्योति आदि मौजूद रहे।

# सरकारी विद्यालयों की छात्राओं को मिलेगी नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन

- सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों की छात्राओं के साथ स्कूल छोड़ चुकी और स्कूल नहीं जाने वाली किशोरियों को भी मिलेगा लाभ
- कक्षा छह से 12 तक की सभी छात्राओं को मिलेगी सुविधा, माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की राज्य नीति बनाने की तैयारी
- योगी सरकार स्कूलों में नियमित रूप से चलाएगी जागरूकता सत्र

**समाज जागरण**

लखनऊ, 19 सितंबर : प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में कक्षा छह से 12 तक पढ़ने वाली सभी छात्राओं को अब निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराए जाएंगे। योगी सरकार इसका दायरा केवल सरकारी विद्यालयों तक सीमित नहीं रखेगी। सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ स्कूल छोड़ चुकी और स्कूल नहीं जाने वाली किशोरियों तक निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन पहुंचाने की व्यवस्था तैयार की जाएगी।

इसके साथ ही प्रदेश में पहली बार माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं को एकीकृत करते हुए राज्य स्तरीय नीति विकसित करने की दिशा में काम किया जाएगा।

किशोरियों के माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी सेवाओं को और प्रभावी बनाने तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल के लिए गठित राज्य स्तरीय माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की एनेक्सी भवन में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में हुई बैठक में किशोरियों तक स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने पर मंथन किया गया।

**छठी से 12वीं तक की सभी छात्राओं को मुफ्त नैपकिन**

सरकारी विद्यालयों में कक्षा छह से 12 तक पढ़ने वाली सभी छात्राओं को निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन दिए जाएंगे। सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों की छात्राओं को भी इसका लाभ देने की व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसके साथ स्कूल नहीं जाने वाली या पढ़ाई बीच में छोड़ चुकी किशोरियों तक भी निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन पहुंचाने की व्यवस्था होगी।

माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सेवाओं का दायरा बढ़ाकर प्रत्येक किशोरी तक पहुंचाने पर जोर दिया जा रहा है। इसमें विशेष रूप से स्कूल से बाहर की किशोरियों और वंचित समूहों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

**पढ़ाई का हिस्सा बनाएंगे, डिजिटल माध्यमों का होगा इस्तेमाल**

विद्यालयों में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन के साथ किशोरावस्था से जुड़ी शिक्षा और जागरूकता सत्रों को नियमित शैक्षिक गतिविधियों का हिस्सा बनाया जाएगा। किशोरियों को माहवारी शुरू होने से पहले ही इसके बारे में जरूरी जानकारी देने और मानसिक रूप से तैयार करने के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाएंगे।

सुरक्षित और स्वच्छ माहवारी व्यवहार को बढ़ावा देने के साथ इससे जुड़े मिथकों, भ्रांतियों और सामाजिक झिझक को दूर करने पर भी जोर रहेगा। इसके लिए डिजिटल और सामाजिक माध्यमों सहित संचार के दूसरे साधनों का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

**प्रदेश की अपनी माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता नीति**

प्रदेश में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी अलग-अलग योजनाओं और पहलों को एक छतरी के नीचे लाने की तैयारी भी है। इसके लिए राज्य माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता नीति विकसित करने पर काम किया जाएगा। इसके जरिये सेवाओं को समग्र और संस्थागत स्वरूप देने के साथ विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा।

अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही किशोरियों के लिए ऐसा वातावरण तैयार करने के निर्देश दिए, जहां उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं सुरक्षित एवं सहज तरीके से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा, ताकि किशोरियों तक जरूरी सुविधाएं समय पर पहुंच सकें।

# योगी सरकार की पहल से मधुमक्खी पालन को बढ़ावा, किसानों और युवाओं के लिए खुलेंगे स्वरोजगार के रास्ते

लखनऊ, 19 सितंबर। योगी सरकार किसानों और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने तथा उनकी आय बढ़ाने के लिए मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित कर रही है। उद्यान विभाग की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होने के साथ किसानों को अतिरिक्त आय का माध्यम उपलब्ध हो रहा है।

प्रदेश के तीन प्रमुख केंद्रों पर कुल 76 प्रशिक्षणार्थी 90 दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इनमें बस्ती औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र में 15, सहारनपुर औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र में 29 तथा राजकीय मौनपालन प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज में 32 अभ्यर्थी शामिल हैं। प्रशिक्षण 15 दिसंबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य अभ्यर्थियों को आधुनिक तकनीकों में दक्ष बनाकर सफल उद्यमी बनाना है।

उद्यान निदेशक भानु प्रकाश राम ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित मधुमक्खी पालन कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इकाई लागत पर 40 प्रतिशत तक का अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी को 50 मौनवंशों (मधुमक्खी कालोनियों), मधुमक्खी गृहों (बक्सों) की एक पूर्ण इकाई स्थापित कराई जाती है, जिसमें शहद निष्कर्षण एवं रख-रखाव के लिए आवश्यक समस्त सहायक उपकरण भी शामिल हैं। प्रदेश सरकार की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसरों का सृजन हो रहा है। विभाग द्वारा दी जा रही इस वित्तीय सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन के माध्यम से किसान न केवल शहद व सह-उत्पादों का उत्पादन कर बेहतर मुनाफा कमा सकेंगे, बल्कि परागण प्रक्रिया में वृद्धि होने से फसलों की उत्पादकता को भी नई गति मिलेगी।

# संयुक्त परिचालन समीक्षा और मूल्यांकन (कोर) कार्यक्रम 2026 नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में संपन्न हुआ

**समाज जागरण**

एकीकृत रक्षा कार्मिक मुख्यालय (एचक्यू आईडीएस) द्वारा आयोजित और सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज (सीईएनजेडेडब्ल्यूएस) द्वारा संचालित संयुक्त परिचालन समीक्षा और मूल्यांकन (कोर) कार्यक्रम 2026 आज नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में संपन्न हुआ। 14 से 18 सितंबर, 2026 तक चले इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों और रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय एवं गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी मौजूदा तथा उभरती चुनौतियों पर चर्चा की।



इस कार्यक्रम ने वरिष्ठ सैन्य और असैन्य अधिकारियों को संयुक्तता, एकीकरण, चल रहे संघर्षों, युद्ध लड़ने के आधुनिक तरीकों, राष्ट्रीय सुरक्षा के गैर-गतिक पहलुओं, रक्षा उत्पादन एवं क्षमता विकास पर अपने विचार साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया। चचाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग के साथ-साथ कॉग्निटिव वॉरफेयर, रणनीतिक संचार तथा गलत सूचनाओं का मुकाबला करने वाले अभियानों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया।

इस आयोजन की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि इसमें सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों के साथ सीधे संवाद किया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, नौसेना प्रमुख एवं सीआईएससी ने प्रतिभागियों से बातचीत की तथा आधुनिक युद्ध के तरीकों, उच्चतम स्तर पर निर्णय लेने और मौजूदा सुरक्षा चुनौतियों जैसे समकालीन मुद्दों पर चर्चा की। वायु सेना के उप प्रमुख और थल सेना के उप-प्रमुख ने भी अधिकारियों के साथ संवाद किया तथा समकालीन मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

इस कार्यक्रम में विषय-विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, विचारकों और विभिन्न सरकारी संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। इस विविध भागीदारी से युद्ध के बदलते स्वरूप और उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित राष्ट्रीय प्रतिक्रिया की आवश्यकता पर व्यापक चर्चा संभव हो सकी।

कोर कार्यक्रम ने रक्षा बलों, असैन्य मंत्रालयों एवं प्रमुख संस्थानों को एक साझा मंच पर लाकर विभागों के बीच आपसी तालमेल व एजेंसियों के आपसी सहयोग को और मजबूत बनाने में अपना योगदान दिया। चचाओं में कूटनीतिक, सूचना, आर्थिक एवं सैन्य क्षेत्रों में बेहतर समन्वय के महत्व पर जोर दिया गया और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए समग्र राष्ट्र के दृष्टिकोण की आवश्यकता को उजागर किया गया। कॉग्निटिव वॉरफेयर और रणनीतिक संचार पर आधारित अभ्यास ने सीखने तथा विचार-विमर्श के अनुभव को और समृद्ध किया।

# लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में आयोजित होगा कार्यक्रम

लखनऊ, 19 सितंबर। रविवार (20 सितंबर) को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस विभाग के 912 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहेंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 120 शिकायतें आई, 15 का मौके पर निस्तारण

## डीएम ने अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश, वृद्ध फरियादी की शिकायत पर तत्काल पहुंची राजस्व टीम।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद । तहसील सिरसागंज में शनिवार को जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कुल 120 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

समाधान दिवस में ग्राम राहतपुर निवासी विधवा पुष्पा देवी पत्नी स्वर्गीय मलिखान सिंह ने गाटा संख्या 266मि/0.2020 हेक्टेयर भूमि की पैमाइश कराने की मांग की। डीएम ने तहसीलदार सिरसागंज को राजस्व टीम गठित कर जल्द पैमाइश कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत साख के नगला अतिया निवासी जनवेद सिंह पुत्र रूप सिंह ने अपने घर से देशराज के घर तक आरसीसी गली बनवाने और खराब स्ट्रीट लाइटों को बदलवाने की मांग की। इस पर खंड विकास अधिकारी अरांव को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम नगला छोटे (आमीर) निवासी किसान राहुल जादौन पुत्र सतीश चंद्र ने बताया कि 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का तार गिरने से उनकी दो गायों की मौत हो गई। इससे करीब 1.80 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। डीएम ने अधिशासी अभियंता को मामले की जांच कर उचित मुआवजा दिलाने और सुरक्षा के लिए फेंसिंग कराने के निर्देश दिए। ग्राम रुधैनी निवासी अंजलि पत्नी अनुरोध कुमार ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। डीएम ने पूर्ति निरीक्षक को नियमानुसार राशन कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, ग्राम पिंडसरा निवासी स्वयं प्रकाश और अन्य ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल पर नियम विरुद्ध पैमाइश करने, खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाने और अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया। इस पर तहसीलदार को निष्पक्ष राजस्व अधिकारियों की टीम गठित कर दोबारा जांच कराने और नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

तीन महीने से परेशान वृद्ध की शिकायत का मौके पर कराया निस्तारण ग्राम किसरांव निवासी वृद्ध शेरसिंह पुत्र स्वर्गीय नेकसे सिंह ने अपनी गाटा संख्या 348-2, 348-6, 348-7 और 528-2 से संबंधित समस्या को लेकर शिकायत की। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल देवेंद्र कुमार की कथित लापरवाही के कारण वह करीब तीन महीने से परेशान थे। बार-बार तहसील के चक्कर लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने तहसीलदार सिरसागंज को तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करने और समस्या का स्थायी समाधान कराने के निर्देश दिए। इसके बाद राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर शिकायत का निस्तारण कराया। लंबे समय से परेशान वृद्ध को राहत मिलने पर उन्होंने जिला प्रशासन का आभार जताया।

**लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

डीएम संतोष कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का निस्तारण पारदर्शिता, निष्पक्षता और गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में किया जाए। जनसुनवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही और फरियादियों, विशेषकर वृद्धजनों के साथ अनुचित व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मरीज के साथ आए लोगों ने डॉक्टरों और स्टाफ से की मारपीट

## स्टाफ नर्स को आंख पर चोट मारने का आरोप, सोने के कुंडल और चेन गायब; अस्पताल के बाहर हाथ-पैर तोड़ने की दी धमकी।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अस्थि रोग विभाग में शनिवार को मरीज के साथ आए लोगों ने जमकर हंगामा किया। चिकित्सकों और स्टाफ ने मरीज के उपचार में परेशानी का हवाला देते हुए भीड़ कम करने और शांत रहने का आग्रह किया तो आरोपी अभद्रता करने लगे। आरोप है कि उन्होंने चिकित्सकों और स्टाफ के साथ हाथापाई की। इस दौरान स्टाफ नर्स प्रियंका की आंख पर चोट आई और उनके हाथ में खरोंच लग गई। मारपीट के दौरान उनके सोने के कुंडल और गले की चेन भी गायब हो गई। अस्थि रोग विभाग के चिकित्सकों और स्टाफ की ओर से थाना उत्तर में दी गई शिकायत के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे सहायक आचार्य डॉ. चंद्रकांत गौतम सीनियर रेजीडेंट, जूनियर रेजीडेंट और अन्य स्टाफ के साथ वार्ड ए में नियमित राउंड के बाद एनसीडी वार्ड पहुंचे थे। यहां भर्ती 60 वर्षीय मरीज रविकांत पुत्र पूरन चंद निवासी रहना, फिरोजाबाद के साथ काफी लोग मौजूद थे। चिकित्सकों ने मरीज के उपचार में परेशानी होने की बात कहते हुए भीड़ कम करने का आग्रह किया, लेकिन लोग हटने को तैयार नहीं हुए।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि तुलसी की माला पहने हल्के भूरे रंग के कपड़े वाला व्यक्ति भीड़ को उकसा रहा था। चिकित्सकों के समझाने पर साथ आए लोग अभद्रता करने लगे और हाथापाई पर उतारू हो गए। आरोपियों ने चिकित्सकों को धमकी देते हुए कहा कि अस्पताल के बाहर मिलने पर हाथ-पैर तोड़ देंगे। इस दौरान डॉ. प्रमोद को धक्का भी दिया गया। घटना का वीडियो उपलब्ध होने की बात कही गई है।

रात की ड्यूटी में भी अभद्रता का आरोप शिकायत के मुताबिक, हंगामे के दौरान स्टाफ नर्स प्रियंका की आंख पर चोट मारी गई और हाथ में खरोंच आई। मारपीट के दौरान उनके सोने के कुंडल और गले की चेन गायब हो गई। आरोपियों ने चिकित्सकों और स्टाफ को अशोभनीय गालियां भी दीं। मरीज के साथ आए लोगों पर रात की ड्यूटी के दौरान स्टाफ नर्स नीतू से अभद्रता करने का भी आरोप लगाया गया है। हंगामा शांत कराने पहुंचे सुरक्षा गार्ड के साथ भी हाथापाई का प्रयास किया गया।

**मेडिकल परीक्षण और कार्रवाई की मांग**

अस्थि रोग विभाग के ऑन ड्यूटी चिकित्सकों और स्टाफ ने थाना उत्तर में शिकायत देकर स्टाफ नर्स प्रियंका का मेडिकल परीक्षण कराने तथा चिकित्सकों और कर्मचारियों के साथ मारपीट व अभद्रता करने वाले आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के साथ घटना का वीडियो भी संलग्न करने की बात कही गई है।

चिकित्सकों और कर्मचारियों ने कहा कि अस्पताल में ड्यूटी करने वाले स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि वे निर्भय होकर मरीजों का उपचार कर सकें। पुलिस ने डॉ प्रमोद और स्टाफ नर्स प्रियंका का डाक्टरी परीक्षण कराया है।

# सेवा संकल्प अभियान के तीसरे दिन छात्र-छात्राओं ने रंगों के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सरोकारों का संदेश, जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सराहा

**समाज जागरण**



सिरसागंज। भारत सरकार के सेवा संकल्प अभियान के तीसरे दिन नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी फिरोजाबाद संतोष कुमार शर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे द्वारा चित्रकारी प्रतियोगिता का अवलोकन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 06 से 12 तक के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया गया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्र-छात्राओं की चित्रकारियों का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा एवं सृजनात्मक सोच की सराहना की गई। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्रीय सरोकारों जैसे विषयों को रंगों के माध्यम से प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, सामाजिक जाग रूकता एवं सृजनात्मकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। चित्रकारी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान कु जोया, द्वितीय स्थान रोशनी, तृतीय स्थान कनक, चतुर्थ स्थान लवी एवं पंचम स्थान काजल सक्सेना ने प्राप्त किया। इसके साथ ही सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान राजकुमारी, द्वितीय स्थान गरिमा सक्सेना, तृतीय स्थान सौम्या, चतुर्थ स्थान स्वेता एवं पंचम स्थान पृथ्वी रानी ने प्राप्त किया। कु नेहा एवं श्वेता की रंगोली ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। सभी विजयी प्रतिभागी छात्र- छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान करते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन एवं आभार प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय, सोनवीर सिंह राठौर, कौशलेन्द्र मिश्रा, प्रशांत कुमार जैन, संदीप जैन, राजीव जैन, संजय कटारा, अंजय जैन, शैलेंद्र जैन, संतराम, नितिन कुमार जैन, परेश जैन, नितिन जैन, संदीप यादव, विशाल यादव, श्रीमती साधना मोडवेल , विद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हाजी शहजाद मलिक को मिली बड़ी जिम्मेदारी, सपा के जिला सचिव मनोनीत

**15 वर्षों से पार्टी से जुड़े शहजाद मलिक ने कहा— बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना मेरी प्राथमिकता**

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



स्योहारा । समाजवादी पार्टी ने संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए ग्राम मधुपुरा निवासी हाजी शहजाद मलिक को समाजवादी पार्टी बिजनौर का जिला सचिव मनोनीत किया है। हाजी शहजाद मलिक को आगामी जिला पंचायत वार्ड नंबर-2, ब्लॉक बुढ़नपुर-स्योहारा से भावी प्रत्याशी के रूप में भी बताया जा रहा है।

उनके जिला सचिव बनाए जाने की खबर मिलते ही समर्थकों एवं पार्टी कार्यकताओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पासा ने मिठाई खिलाकर हाजी शहजाद मलिक को बधाई दी तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। 15 वर्षों से पार्टी के लिए कर रहे हैं कार्य हाजी शहजाद मलिक पिछले करीब 15 वर्षों से समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए हैं। इस दौरान उन्होंने पार्टी संगठन के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कार्यकताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को मजबूत करने में योगदान दिया है। उनके मनोनयन से बुढ़नपुर क्षेत्र से लेकर स्योहारा और पूरे बिजनौर जनपद में पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल बताया जा रहा है। समर्थकों ने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी के साथ हाजी शहजाद मलिक संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। हाजी शहजाद मलिक ने जताया आभार नवनियुक्त जिला सचिव हाजी शहजाद मलिक ने कहा, "मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी, जिला अध्यक्ष हनी फैसल जी और माननीय विधायक नूरपुर राम अवतार सैनी जी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर भरोसा जताते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी।" उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना, युवाओं को पार्टी से जोड़ना तथा समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि वह पिछले 15 वर्षों से पार्टी के सिपाही के रूप में कार्य कर रहे हैं और आगे भी पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने का प्रयास जारी रखेंगे। एमआर पासा ने दी शुभकामनाएं इस अवसर पर एमआर पासा ने हाजी शहजाद मलिक को बधाई देते हुए कहा कि वह लंबे समय से पार्टी से जुड़े हुए जमीनी कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि करीब 15 वर्षों से पार्टी के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहकर संगठन को मजबूत करने में योगदान दिया है। एमआर पासा ने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद हाजी शहजाद मलिक कार्यकताओं को एकजुट करने और युवाओं को संगठन से जोड़ने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। हाजी शहजाद मलिक के जिला सचिव मनोनीत होने पर क्षेत्र के पार्टी कार्यकताओं एवं समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# सर्व यूपी ग्रामीण बैंक शाखा में सेंधमारी, स्ट्रांग रूम का ताला तोड़ा, सेफ अलमारी बचा ले गई रकम

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



स्योहारा। गल्लाखेड़ी स्थित सर्व यूपी ग्रामीण बैंक शाखा में देर रात चोर खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हो गया। बैंक में घुसते ही चोर ने बिजली के तार काटकर विद्युत आपूर्ति बंद कर दी और काफी देर तक बैंक के अंदर मौजूद रहा।

चोर ने स्ट्रांग रूम का ताला भी तोड़ दिया, लेकिन सेफ अलमारी का ताला तोड़ने में वह सफल नहीं हो सका। इसके चलते बैंक में रखी नकदी चोरी होने से बच गई और चोर को खाली हाथ लौटना पड़ा। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोर की पूरी गतिविधि कैद हो गई। फुटेज में कंबल ओढ़े चोर बैंक के अंदर प्रवेश करता और इधर-उधर घूमता दिखाई दे रहा है।

खिड़की तोड़कर अंदर पहुंचने के बाद उसने सबसे पहले बिजली के तार काटे और फिर स्ट्रांग रूम का ताला तोड़ने का प्रयास किया। सुबह बैंक भवन के स्वामी कृष्ण बहादुर ने खिड़की टूटी देखी तो शाखा प्रबंधक रविंद्र कुमार को सूचना दी। सूचना मिलते ही बैंक अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे।

अंदर सामान अस्त-व्यस्त मिला। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक रविंद्र कुमार की तहरीर पर पुलिस ने चोरी के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसपी केके बिश्नोई ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान करने के प्रयास में जुटी है।

# समाधान दिवस में पहुंचे 16 शिकायतकर्ता दो का हुआ समाधान

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नगीना। एडीएम प्रशासन किया अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान में कुल 16 शिकायतकर्ता ही पहुंच सके जिनमें दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। तहसील नगीना के सभाकक्ष में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मात्र 16 शिकायतकर्ता ही पहुंच सके जिनकी समस्याओं को एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित ने ध्यानपूर्वक सुना और दो शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस आशय से समाधान हेतु सौंप दिया कि वे शिकायतकर्ता को संतुष्ट करते हुए उसका ठीक प्रकार से समाधान करेंगे। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, एसडीएम प्रिंस कुमार, तहसीलदार हेमराज सिंह बौनाल, नायब तहसीलदार बढ़ापुर श्याम सुंदर बैस, नायब तहसीलदार नगीना अंकित कुमार, ईओ नगीना सतीश कुमार, एडीओ पंचायत पंकज कुमार, सीडीपीओ अभिषेक कुमार, एबीएसए इंद्रजीत सिंह सहित सभी विभागों व सीओ सर्किल थानों के प्रभारी/प्रतिनिधि मौजूद रहे।



# लोभ-तृष्णा आत्मा के दाग है : आचार्यश्री

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। पर्युषण पर्व के अवसर पर छदामीलाल जैन मंदिर, फिरोजाबाद में प्रवचन करते हुए वैज्ञानिक संत आचार्यश्री निर्भय सागर जी महाराज ने उत्तम शौच धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि पवित्रता का नाम ही शौच धर्म है। हृदय में सरलता आने पर पवित्रता आती है। सरलता का नाम आर्जव धर्म है, इसलिए शौच धर्म से पहले आर्जव धर्म का प्रकट होना आवश्यक है ।आचार्यश्री ने कहा कि वस्त्र पर लगे दाग को धोबी धोता है, लेकिन आत्मा पर लगे दाग को योगी धोता है। आत्मा के दाग प्रायश्चित के दंड, क्षमा के नीर और श्रद्धा के साबुन से धोए जाते हैं। आत्मा के दागों को धोने का नाम ही उत्तम शौच धर्म है। इससे शरीर नहीं, बल्कि आत्मा की पवित्रता होती है। उन्होंने कहा कि आत्मा के दाग सोडा-साबुन से नहीं, बल्कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र रूपी साधना से दूर होते हैं। लोभी और लालची जीव आत्मा के इन दागों को नहीं धो सकता। उत्तम शौच धर्म व्यक्ति को केवल नाम का नहीं, बल्कि आचरण का संतोषी बनने की प्रेरणा देता है। आचार्यश्री ने कहा कि लोभ पाप का बाप और तृष्णा पाप की मां है। आशा पाप की बेटी और ईर्ष्या पाप की बहन है। यदि व्यक्ति अपनी आत्मा को परमात्मा बनाना चाहता है और अपने घर-परिवार में सुख-शांति चाहता है तो उसे लोभ, तृष्णा, आशक्ति और ईर्ष्या से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को धन, भोजन और विषयों के प्रति लोभ से बचना चाहिए, जबकि दान, पठन-पाठन और तप जैसे धार्मिक कार्यों में उत्साह रखना चाहिए। उत्तम शौच धर्म बाहरी सफाई के साथ-साथ मन और आत्मा की अशुद्धियों को दूर कर वास्तविक पवित्रता का मार्ग दिखाता है। आज रात्रि में कौन बनेगा एक्टिंग स्टार प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम में होगी।

# लोधेश्वर धाम जसराना में दिव्य लोधेश्वर मंदिर के निर्माण कार्य का लिया जायजा

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। जनपद के जसराना क्षेत्र में नगला शादी रोड स्थित पावन लोधेश्वर धाम पर निमार्णाधीन दिव्य लोधेश्वर मंदिर के दर्शन करने एवं मंदिर निर्माण कार्य का जायजा लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बड़े भाई एवं धर्मप्रेमी अमलेंद्र कुमार लोधी से आत्मीय मुलाकात कर मंदिर निर्माण से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं एवं कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रकृति की सुंदर गोद में आकार ले रहा यह पावन धार्मिक स्थल आने वाले समय में निश्चित रूप से श्रद्धालुओं के लिए आस्था, भक्ति, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मंदिर परिसर का निर्माण जिस श्रद्धा और समर्पण के साथ किया जा रहा है, वह सनातन संस्कृति एवं धार्मिक आस्था के प्रति समर्पण का सुंदर उदाहरण है अमलेंद्र कुमार लोधी द्वारा समाज, धर्म और सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्य आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। लोधेश्वर धाम की पवित्र भूमि पर मंदिर निर्माण का यह कार्य केवल एक भवन का निर्माण नहीं, बल्कि आस्था और विश्वास की एक ऐसी नींव है, जहां आने वाले समय में हजारों-लाखों श्रद्धालु भगवान लोधेश्वर महादेव के दर्शन कर आध्यात्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करेंगे। मेरी भगवान लोधेश्वर महादेव से हृदय से प्रार्थना है कि मंदिर निर्माण का यह पावन कार्य निर्विघ्न रूप से शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण हो। महादेव सभी सहयोगियों, श्रद्धालुओं एवं सेवाभावी लोगों पर अपनी कृपा बनाए रखें तथा लोधेश्वर धाम जसराना निरंतर धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों का दिव्य केंद्र बनता रहे।

महादेव की कृपा से यह पावन धाम दिन-प्रतिदिन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे और यहां आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु भगवान लोधेश्वर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करे लोधेश्वर धाम जसराना हर-हर महादेव जय लोधेश्वर महादेव लोधी देवेन्द्र सिंह समाजसेवी प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा, राजस्थान अध्यक्ष लक्की अतुर्रा फाउंडेशन जसराना द्वारा कराया जा रहा है।

# विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**महात्मा गांधी बालिका पीजी कॉलेज में 22 छात्राओं ने किया प्रतिभाग, पांच छात्राओं का तहसील स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन**

**समाज जागरण**




फिरोजाबाद। महात्मा गांधी बालिका पीजी कॉलेज में विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राजनीति विज्ञान विभाग और महाविद्यालय के एक्टिविटी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में हुई प्रतियोगिता में 22 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पांच छात्राओं का तहसील स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्या प्रो. प्रियदर्शिनी उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का निर्देशन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. फरहा तबस्सुम ने किया। आयोजन में डॉ. अंकिता राठौर, डॉ. शवनम, डॉ. निशा और डॉ. आकांक्षा यादव का सहयोग रहा। प्रतियोगिता में छात्राओं ने विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विभिन्न नीतियों, विकास योजनाओं और कार्यों का उल्लेख करते हुए देश और प्रदेश के विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। निर्णायक की भूमिका डॉ. निष्ठा शर्मा और प्रो. फरहा तबस्सुम ने निभाई। प्रतियोगिता में इल्मा, पलक, आरिफा मोइन, सदफ नाज और खुशी का चयन तहसील स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को ज्ञानवर्धक और रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्राओं का ज्ञान बढ़ता है और अभिव्यक्ति कौशल विकसित होता है।

# दो दिन से बंद ब्लॉक नजीबाबाद का आधार सेंटर, लोगो की बढ़ी परेशानी

**सेंटर के बाहर ताला देखकर मायूस लौट रहे लोग**

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



नजीबाबाद। तहसील क्षेत्र में ब्लॉक की ओर से संचालित आधार सेंटर पिछले दो दिनों से बंद होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, आधार से संबंधित जरूरी कार्य कराने के लिए दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र से लोग सेंटर पर पहुच रहे हैं, लेकिन सेंटर बंद मिलने पर उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आधार कार्ड में संशोधन, नाम-पता में बदलाव, मोबाइल नंबर अपडेट कराने सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए उन्हें तहसील के ब्लॉक परिसर में सचालित आधार सेंटर पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में लगातार दो दिनों से सेंटर बंद रहने के कारण लोगों के जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सेंटर बंद मिलने पर न केवल समय की बबार्दी हो रही है, बल्कि आने-जाने में खर्च भी उठाना पड़ रहा है, कई लोग अपने जरूरी दस्तावेज लेकर सुबह ही सेंटर पहुच जाते हैं, लेकिन वहां ताला लगा देखकर उन्हें वापस लौटना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने तहसील के कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुचकर एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, तहसीलदार डॉक्टर संतोष कुमार यादव, नायब तहसीलदार अमित कुमार, बीडीओ दीपक तेवतिया और संबंधित विभाग के अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर आधार सेंटर को जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों का कहना है कि आधार से जुड़े कार्य आज के समय में बेहद महत्वपूर्ण हैं और इनके बिना बैंकिंग, सरकारी योजनाओं तथा अन्य जरूरी सेवाओं से संबंधित कई काम प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में आधार सेंटर का नियमित रूप से संचालन होना बेहद जरूरी है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या का संज्ञान लेकर सेंटर को कब तक सुचारु रूप से संचालित कराते हैं और ग्रामीणों को राहत मिलती है। इस संबध में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह आधार सेंटर ब्लॉक की ओर से संचालित किया गया था, अब उन्हें सेंटर बंद होने की जानकारी मिली है, वह संबंधित विभाग में बात करेंगे।